ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • श्रावण कृष्ण पक्ष 02 • विक्रम संवत 2080 • गुरुवार, 03 अगस्त 2023 • वर्ष-24 • अंक- 181 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

'द केरल स्टोरी' फेम एक्ट्रेस अदा शर्मा... पेज 12 पर



## NEWS इन ब्रीफ

### लेखा लिपिक को 1.40 लाख रुपये घूस लेते एसीबी ने पकड़ा



**चाईबासा।** चक्रधरपुर के ग्रामीण कार्य विकास विभाग के लेखा लिपिक सरोज कुमार को एसीबी की टीम ने एक लाख चालीस हजार रुपए घूस लेते गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि चक्रधरपुर के ग्रामीण कार्य विकास विभाग के प्रमंडलीय कार्यालय में कार्यरत लिपिक सरोज कुमार ने ठेकेदार से घूस मांगी थी। मनोहरपुर प्रखंड के डिंबुली पंचायत के गोप टोला में देवेंद्र मांझी चौक से मदन गोप के घर तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य के लिए एग्रीमेंट के एवज में एक लाख 40 रुपये रिश्वत लेते हुए एसीबी की टीम ने धर दबोचा। एसीबी की टीम उसे अपने साथ गाड़ी में बैठा कर ले गई।

### लोहरदगा में युवक की गोली मारकर हत्या

**लोहरदगा।** कैरो थाना क्षेत्र के सढाबे पंचायत अंतर्गत खरता ग्राम में मंगलवार रात अज्ञात अपराधियों ने सतेंद्र साहू (40) की गोली मार कर हत्या कर दी। जिला लातेहार चंदवा प्रखंड के होलहंग मास्यातु निवासी सतेंद्र साहू विगत पांच वर्षों से अपने ससुराल में रह रहे थे। वे गांव में रहकर ऑटो चला कर अपना जीवन यापन कर रहे थे। सतेंद्र साहू की पहली पत्नी की मौत के बाद खरता में दूसरी शादी हुई थी। पूर्व में विवाह से एक बच्चा है, जो होलहंग गांव में अपने दादा दादी के साथ रहता है। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है। कैरो पुलिस ने पूछताछ के लिए कुछ लोगों को हिरासत में लिया है।

### पुलिस मुख्यालय ने 12 इंस्पेक्टर का किया तबादला

**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय ने 12 इंस्पेक्टर रैंक के पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया है। अधिसूचना के अनुसार में नागेश्वर रजक को जेपीए हजारीबाग, सत्येंद्र नारायण सिंह को बोकारो जिलाबल, सत्येंद्र ओझा को सीआईडी रांची, संतोष कुमार को जेएपीटीसी पदमा, नवीन प्रसाद को बोकारो जिला बल, नंदकिशोर राम को जेएपीटीसी पदमा, प्रेम रंजन उरांव को एसीबी रांची, आनंद किशोर प्रसाद को रांची जिला बल, संजय कुमार वर्मन को रांची जिला बल, राजेंद्र कुमार दास को स्पेशल ब्रांच रांची, बनारसी प्रसाद को धनबाद जिलाबल और मनोज कुमार गुप्ता को स्पेशल ब्रांच रांची में पदस्थापित किया गया है। संबंधित अधिसूचना बुधवार को डीआईजी कार्मिक के द्वारा जारी कर दी गई है।

### हाईकोर्ट ने प्रमोशन के लिए बनी वरीयता सूची पर मांगा जवाब

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में आरक्षियों (सिपाही) द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, पुलिस महानिदेशक और कार्मिक विभाग से जवाब मांगा है। याचिका पर 24 अगस्त को अगली सुनवाई की तिथि निर्धारित की गई है। हाई कोर्ट के जस्टिस रंगोंन मुखोपाध्याय की अदालत में बुधवार को इस मामले की सुनवाई हुई। याचिका में पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी अंतिम वरिष्ठता सूची को चुनौती दी गई थी। दरअसल पुरानी वरीयता सूची नवंबर 2020 में निर्गत की गई थी, जिसे निरस्त किए बिना ही फरवरी 2023 को आरक्षियों की नई सूची बनायी गयी। फिर बिना आपत्ति के ही आरक्षण का पालन नहीं करते हुए प्रोन्नत कर दिया गया और पदस्थापन भी कर दिया गया।

# झमाझम बारिश से मौसम हुआ सुहाना

## बंगाल की खाड़ी में बने डीप डिप्रेशन के कारण राज्य के कई हिस्सों में हो रही बारिश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के कई हिस्सों में बारिश हो रही है। बुधवार सुबह से ही राजधानी रांची सहित अन्य जगहों पर बारिश हो रही है। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बुधवार को बताया कि बंगाल की खाड़ी में बने डीप डिप्रेशन और लोकल सिस्टम मजबूत होने के कारण अगले एक सप्ताह तक रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में लगातार बारिश की संभावना है। कई जगहों पर भारी बारिश की भी संभावना है। इस दौरान अधिकतम तापमान 27 से 29 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23 से 24 डिग्री के बीच रहने की संभावना जताई गई है।

इसका असर पर यह होगा कि अभी बारिश के बाद बन रही उमस की स्थिति खत्म होगी। अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कमी आएगी, जिससे दिन के साथ-साथ रात में ठंड महसूस होने के आसार हैं।



पूर्वानुमान बता रहे हैं कि अगस्त माह में रुक-रुक कर बारिश का दौर जारी रहेगा।

मानसून की सुस्त चाल ने झारखंड को अब तक निराश किया है। देर से मानूसन का आना लेकिन उम्मीद के अनुसार बारिश नहीं हुई। 205 मिमी बारिश होनी थी, लेकिन 104 मिमी ही हुई। यही हाल जुलाई में भी रहा। सामान्य बारिश का आंकड़ा 324 मिमी से रांची दूर रही। 31 जुलाई तक 207.7 मिमी बारिश हुई। यह औसत बारिश से 36 फीसदी कम है। अब अगस्त महीने को लेकर मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि राज्य और रांची में बारिश की कमी काफी हद तक पूरी होगी। हालांकि कोटा पूरा हो जाएगा, इसकी संभावना कम दिख रही है।

## पलामू में लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**पलामू।** जिले में मौसम ने अपना मिजाज बदला है। जिले में पिछले 24 घंट से लगातार बारिश हो रही है। अबतक 14.8 एमएम बारिश रिकार्ड किया गया है। कोयल नदी लबालब भर गई, वहीं कल तक सूखे पड़े खेतों में पानी भर गया है। लगातार हो रही बारिश व तेज हवाओं के कारण सतबरवा में एनएच 75 पर ताबर गांव में एक विशाल सूखा पेड़ और हाइटेंशन तार के लिए लगाया गया खंभा सड़क पर गिर गया, जिसकी वजह से दो घंटे तक नेशनल हाईवे जाम रहा। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में वाहन फंस गए। थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी की पहल पर मजदूरों से पेड़ को कटवाकर आवागमन को चालू करा दिया गया है।



मेदिनीनगर में तेज बारिश और आंधी की वजह से शहर थाना गेट से सटे एक बड़ा भारी भरकम पेड़ जड़ से उखड़ गया। छहमुहान से शहर थाना जाने वाली मुख्य सड़क पर पेड़ से गिर जाने के कारण यहां भी दो घंटे तक आवागमन बाधित रहा। बाद में शहर थाना पुलिस की ओर से पेड़ को छांट कर सड़क से हटाया गया। इसके बाद आवागमन सुचारू रूप से चालू हो सका।

## सीएम ने जिला परिषद-मुखिया संघ, प.सिंहभूम के प्रतिनिधि मंडल से कहा

# पंचायतों को सशक्त बनाने पर है जोर

### संसाधन और राजस्व बढ़ाने की दिशा में काम करें

### सरकार की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में सहयोग करें

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड विधान सभा स्थित सभा कक्ष में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को पश्चिमी सिंहभूम जिला के जिला परिषद सदस्य और मुखिया संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री से जिला परिषद को बेहतर और सुचारू तरीके से संचालन के लिए आर्थिक संसाधन उपलब्ध कराने की दिशा में पहल करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि सरकार इस दिशा में बहुत जल्द यथोचित निर्णय लेगी।



मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला परिषदों को सेल्फ डिपेंडेंट बनने की पहल करनी होगी। इस दिशा में वे अपने अधीनस्थ संसाधनों का व्यावसायिक इस्तेमाल करने की कार्य योजना बनाएं। इसके साथ अपने क्षेत्राधिकार में आनेवाले जो भी संसाधन हैं, उनसे राजस्व को बढ़ाने की दिशा में भी आगे बढ़ें। इसमे जो भी सहयोग की जरूरत होगी, उसे सरकार पूरा करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के द्वारा ग्रामीण ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### सिदो-कान्हू क्लब का हो रहा गठन

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में खेल और खिलाड़ियों के विकास के लिए सिदो -कान्हू क्लब का गठन किया जा रहा है। इसके जरिए युवाओं को खेल के माध्यम से आगे बढ़ाया जाएगा। सरकार की ओर से क्लब को खेल सामग्री देने के साथ आर्थिक सहायता भी दी जाएगी। यह क्लब समुचित और प्रभावी तरीके से काम करें, इसके लिए आप जैसे जनप्रतिनिधियों को भी अहम जिम्मेदारी निभानी होगी। इसके लिए आप सभी ग्रामीण क्षेत्र के खेल प्रतिभाओं को चिन्हित कर इस क्लब के माध्यम से आगे लाने का कार्य करें।

# विधानसभा में दो विश्वविद्यालयों सहित कई विधेयक हुए पास

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन बुधवार को तीन विधेयकों के प्रस्ताव को सदन से स्वीकृति मिली। इनमें झारखंड कारखाना संशोधन विधेयक 2023, झारखंड अधिवक्ता कल्याण निधि संशोधन विधेयक 2023, आरोग्यम इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी विधेयक और सीबी रमण ग्लोबल यूनिवर्सिटी विधेयक शामिल हैं। बहुमत के आधार पर इसे स्वीकृति मिली। इसके बाद स्पीकर ने गुरुवार की सुबह 11 बजे तक के लिए सदन को स्थगित किए जाने की घोषणा की।

इससे ठीक पहले सदन में झारखंड अधिवक्ता कल्याण निधि संशोधन विधेयक 2023 के मसले पर विधायक लंबोदर महतो और विनोद सिंह ने इसे प्रवर समिति के पास भेजने को कहा। लंबोदर महतो का कहना था कि झारखंड अधिवक्ता कल्याण निधि संशोधन विधेयक को निश्चित तौर पर प्रवर समिति को भेजें। इसमें एक छोटा पर महत्वपूर्ण संशोधन जरूरी है।



पहले 15 रुपये स्टांप शुल्क लगता था, जिसे अब 30 रुपये किया जा रहा। पूरे राज्य में लगभग 33 हजार अधिवक्ता हैं। इस बढ़ोतरी के जरिये सरकार अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए इसे लाने की बात कह रही है लेकिन गरीब जनता पर इसका बोझ क्यों।

उन्होंने कहा कि दूसरे राज्यों दिल्ली में 25 रुपये, यूपी, पश्चिम बंगाल में 10 रुपये, बिहार में 25 रुपये ही स्टांप शुल्क है। पूर्व में इसी सदन से कोर्ट फीस संशोधन लाया गया था जिसका विरोध हुआ था। लंबोदर के मुताबिक पूर्व में मुख्यमंत्री ने कहा था कोर्ट फीस विधेयक पर संशोधन लाया जायेगा। इस पर काम हो। मुख्यमंत्री ने पांच लाख तक का दुर्घटना बीमा का लाभ वकीलों को देने का आश्वासन दिया था। अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लाने की बात की थी। मुख्यमंत्री ने जो आश्वासन दिए थे, वह पूरा हो।

विनोद सिंह ने अधिवक्ता कल्याण निधि संशोधन विधेयक पर कहा कि कोर्ट फीस में संशोधन आधे दर्जन राज्यों में हुआ है लेकिन राज्य सरकार अपनी भूमिका को भी देखे। किसी की मृत्यु हो गयी, दुर्घटना हो गया पर उसके लाभ की ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# प्रेम प्रकाश से दो दिन होगी पूछताछ

### रिमांड पर रह रहे विष्णु अग्रवाल से ईडी करेगी पूछताछ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जमीन घोटाले मामले में ईडी प्रेम प्रकाश से पूछताछ करेगी, प्रेम प्रकाश से ईडी के द्वारा रांची जेल में ही पूछताछ की जाएगी, इसके लिए ईडी को अदालत से इजाजत भी मिल गई है। ईडी प्रेम प्रकाश से रांची जेल में दो दिनों तक पूछताछ करेगी। रांची जमीन घोटाले में सत्ता के गलियारे में चर्चित प्रेम प्रकाश से ईडी दो दिन जेल में पूछताछ करेगी। ईडी के आवेदन पर विशेष पीएमएलए कोर्ट ने रांची जेल में प्रेम प्रकाश से दो दिन की पूछताछ की इजाजत दी है। गुरुवार और शुक्रवार को ईडी अधिकारी रांची जेल में प्रेम प्रकाश का बयान लेंगे। पूर्व से अवैध खनन से जुड़े केस में रांची जेल में बंद प्रेम प्रकाश को ईडी ने रांची ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### पीपी, छवि व विष्णु ने मिल कर किया जमीन घोटाला

झारखंड में जमीन घोटाले में गिरफ्तार रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, सत्ता के पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश और विष्णु अग्रवाल एक दूसरे के मददगार रहे हैं। रांची के चेशायर होम रोड की जमीन से लेकर सेना की सिरमटोली स्थित जमीन को हथियाने में छवि रंजन की भूमिका मददगार की रही ईडी ने विष्णु अग्रवाल के खिलाफ दिए रिमांड पीटिशन में सनसनीखेज खुलासे किए हैं। ईडी ने कोर्ट को बताया है कि फेसटाइम, व्हाट्सएप कॉल पर भी दोनों के बीच लगातार बातचीत होती थी। दोनों ने सरकारी ड्राफ्ट आर्डर, गोपनीय दस्तावेज का आदान प्रदान किया था। ईडी की जांच से जुड़े संदेश भी दोनों ने एक दूसरे से साझा किए थे। ईडी ने छवि के फाइव स्टार होटल में बुकिंग की सुविधा से जुड़े दस्तावेज भी बरामद किए हैं।

# राशि बढ़ाने के नाम पर 1.33 करोड़ की ठगी

### रकम आतंकी समूह के खाते में पहुंचायी गयी

### कैसे आया सामने आतंकी कनेक्शन

### इंडियन साइबर क्राइम सेंटर से मदद मांगी गई

### अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क होने का शक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

साइबर अपराधी अब देशद्रोही गतिविधियों में भी शामिल हो गए हैं। ठगी के पैसे अब आतंकी संगठनों के खातों में भेजे जा रहे हैं। झारखण्ड सीआईडी के प्रारंभिक जांच में इस बात का खुलासा हुआ है कि क्रिप्टो करेंसी के जरिए जो पैसे साइबर अपराधी उठा रहे हैं उन्हें वे आतंकी संगठनों के खातों में डाल रहे हैं। रांची के धुर्वा में हुए 1.33 करोड़ की ठगी की जांच कर रही साइबर क्राइम ब्रांच को चौंकाने वाली जानकारियां मिली है जिसके बाद झारखंड सीआईडी की टीम इस मामले को लेकर राष्ट्रीय जांच एजेंसी के संपर्क में है।



झारखंड सीआईडी के डीजी अनुराग गुप्ता ने बताया कि धुर्वा के रहने वाले नवीन कुमार शर्मा से क्रिप्टो करेंसी में जमा राशि को बढ़ाने के नाम पर साइबर क्रिमिनल्स ने 1.33 करोड़ की ठगी को अंजाम दिया था। इससे संबंधित प्राथमिकी साइबर क्राइम ब्रांच में दर्ज की गई थी। साइबर क्राइम ब्रांच की टीम जब इस मामले की तफ्तीश में जुटी तक चौकानेवाले खुलासे हुए हैं। मनी ट्रेल की जांच के दौरान यह बात सामने आई है कि ठगी के पैसे आतंकी संगठन के खातों में गई है। सीआईडी जांच में यह बात सामने आ रही है कि ईरान समर्थित लेबनान के एक आतंकी संगठन के खाते में पैसे ट्रांसफर किए गए हैं। संगठन का नाम हिज्बुल्लाह बताया जा रहा है जो कई देशों में प्रतिबंधित है।

झारखंड सीआईडी के डीजी अनुराग गुप्ता ने बताया कि मामला काफी गंभीर है, इसलिए इसमें सीआईडी की टीम इंडियन साइबर क्राइम सेंटर की मदद ले रही है। इस मामले की उच्चस्तरीय जांच बेहद आवश्यक है जो ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## राज्यपाल ने उच्च व तकनीकी शिक्षा में एनईपी 2020 का कार्यान्वयन पर आयोजित कार्यक्रम में कहा

# नई शिक्षा नीति में शोध पर है फोकस

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को आड्रे हाउस, रांची में आयोजित एजुकेशन कॉन्क्लेव: उच्च और तकनीकी शिक्षा में एनईपी 2020 का कार्यान्वयन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महान भारतीय अंतरिक्ष वैज्ञानिक डॉ. के. कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता में गठित आयोग की अनुशंसा पर केंद्र सरकार द्वारा जनमानस के अनुरूप राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 राष्ट्र के समक्ष प्रस्तुत की गई। इस शिक्षा नीति को प्रस्तुत करने के पूर्व सम्पूर्ण देश के विभिन्न शिक्षाविदों व शोधर्थियों इत्यादि का सुझाव भी लिया गया था। इस शिक्षा नीति को प्रस्तुत करने के पूर्व मैकाले की शिक्षा पद्धति का अनुसरण किया जा रहा था, जो कि हमारे देश को आत्मनिर्भर बनने में बाधा उत्पन्न कर रहा था। हम गुलामी की मानसिकता से नहीं उबर पा रहे थे और समाज के विकास हेतु आवश्यक परिवर्तन को करने में सक्षम नहीं हो पा रहे थे। उन्होंने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के निर्माण की दिशा में पहल करने हेतु व जन-आकांक्षाओं के अनुरूप राष्ट्र को ऐसी प्रभावी शिक्षा नीति प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री अत्यंत बधाई के पात्र हैं।





राज्यपाल ने कहा कि एनईपी 2020 का उद्देश्य देश के शिक्षा परिदृश्य में सकारात्मक बदलाव लाना है, यह तभी संभव है जब मानव की क्षमता को पूर्ण रूप से विकसित किया जाय। उनके सैद्धांतिक ज्ञान को प्रायोगिक ज्ञान के साथ जोड़ा जाय। इसलिए इस शिक्षा नीति में तकनीकी शिक्षा, अनुसंधान व शोध पर महत्व दिया गया है। विद्यार्थियों व शोधार्थियों के लिए नियमित कार्यशालाओं एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर ध्यान दिया गया है। उच्च शिक्षा प्रणाली में शिक्षा को प्रौद्योगिकी के साथ एकीकृत करते हुए कौशल-उन्मुख शिक्षा को बढ़ावा दिया गया है, जो छात्रों को बहुमुखी कौशल विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करता है। इस प्रकार पढ़ाई के बाद उपयुक्त रोजगार हासिल करने की संभावना बढ़ेगी और देश में नए उद्योगों को एवं कौशल आवश्यकताओं को उनके अनुरूप मानव बल मिल सकेगा। छात्र अपने कौशल के अनुसार अभिनव कार्य भी कर सकेंगे।

राज्यपाल ने कहा कि हमारा भारत पूर्व में पूरे विश्व के लिए एक अहम शिक्षा केंद्र के रूप में जाना जाता था। नालंदा, विक्रमशिला विश्वविद्यालय ने शिक्षा एवं अनुसंधान के विभिन्न क्षेत्रों में उच्च मानक स्थापित किए थे। हमें ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# पुलिस ने 211 अपराधियों को लिया हिरासत में

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची पुलिस जेल से छूटे अपराधियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया। पुलिस की टीम अब उनका भौतिक सत्यापन कर रही है। इसी के तहत रांची पुलिस ने गोलीबारी, हत्या और आर्मस एक्ट से जुड़े मामले के आरोपियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर मंगलवार की आधी रात से शुरू हुए इस अभियान के दौरान 212 अपराधियों को उठाकर थाने लाया गया। इसमें रांची शहरी क्षेत्र में 112 और ग्रामीण थाना क्षेत्र में 99 अपराधी शामिल है। रांची के शहरी और ग्रामीण इलाके के थाना क्षेत्रों में एक साथ हुई इस कार्रवाई से अपराधियों के बीच हड़कंप मच गया। जिन अपराधियों को पुलिस ने हिरासत में लिया, उनसे पूछताछ की गई। जेल से ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर





### अपराधियों का तैयार होगा डाटा

रांची पुलिस अपराधियों की अलग अलग फाइल तैयार की जा रही है। हत्या, आर्मस एक्ट, गोलीबारी आदि मामलों में जुड़े अपराधियों की अलग-अलग फाइल बनायी जा रही है। उस फाइल में अपराधी का नाम, पिता का नाम, एड्रेस, मोबाइल फोन नंबर के अलावा उनके सभी परिवार वालों के मोबाइल फोन, सभी परिवार वालों के पैन नंबर, आधार नंबर, सभी परिवार वालों के अकाउंट नंबर की जानकारी अंकित की जाएगी।

## भारी बारिश के बीच विभिन्न जिलों के बीआरपी सीआरपी ने विधानसभा का किया घेराव

# मांगें नहीं मानी गई तो अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**



बीआरपी सीआरपी एसएस संघ झारखंड प्रदेश के बैनर तले बीआरपी सीआरपी की सेवाशर्त अविलंब लागू कराने हेतु सरकार का ध्यान आकृष्ट करने के लिए एकदिवसीय विधानसभा घेराव एवं प्रदर्शन कार्यक्रम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारी बारिश के बीच जगन्नाथ स्वामी मंदिर विधानसभा सड़क के पास घेराव कार्यक्रम के दौरान झारखंड के विभिन्न जिलों से बीआरपी सीआरपी लगभग 550 संख्या में उपस्थित हुए। बैरिकेडिंग लगाकर पुलिस प्रशासन ने बीआरपी-सीआरपी को विधानसभा के पहले ही रोक दिया। लगातार भारी बारिश के बावजूद विभिन्न जिलों के बीआरपी-सीआरपी बारिश में भी भींगते हुए अपनी मांगों के लिए डटे रहे। बीआरपी-सीआरपी विगत 18 वर्षों से अपने विभाग के अतिरिक्त अन्य कार्यों में भी संलग्न है किंतु सरकार सेवाशर्त नियमावली अभी तक कैबिनेट से पास नहीं कराई है। यह बहुत ही असंतोषजनक और दुखदायी है। सरकार के प्रतिनिधि के रूप में एडीएम लॉ एंड आर्डर एसडीएम रांची घेराव स्थल पर आकर संघ के प्रतिनिधिमंडल से वार्ता किए और ज्ञापन लिए। उन्होंने आश्वस्त किया कि बीआरपी सीआरपी की बातों को मौखिक रूप से जिस समय आप घेराव के लिए उपस्थित हुए हैं उसी समय माननीय मुख्यमंत्री एवं विभागीय सचिव को दे दिया गया है।आपका ज्ञापन अभी तुरंत माननीय मुख्यमंत्री के टेबल पर पहुंच जाएगा। प्रतिनिधिमंडल ने सरकार के प्रतिनिधि को आगाह किया कि हमलोगों की मांगों पर अविलंब निर्णय नहीं लिया गया एवं आगामी कैबिनेट में सेवाशर्त नियमावली पास नहीं हुई तो इससे भी उग्र रूप धारण कर मुख्यमंत्री आवास घेराव करेंगे। एवं अनिश्चितकालीन हड़ताल पर भी चले जाएंगे। आज के घेराव में रांची जिला के साथ साथ पश्चिम सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, लातेहार, रामगढ़, हजारीबाग, कोडरमा, जामताड़ा, धनबाद, बोकारो, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, जामताड़ा, दुमका एवं अन्य जिले के साथी उपस्थित रहे।आज के कार्यक्रम में केंद्रीय कमेटी के महासचिव नितिन कुमार, केंद्रीय अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद, उपाध्यक्ष नीलम पांडे, कार्यालय सचिव कुमार सिकंदर, कमलकांत मेहता, प्रवक्ता नवीन कुमार, मीडिया प्रभारी रविंद्र कुमार ठाकुर, सुनील कुमार गुप्ता अब्दुल नासिर, विकास कुमार गुप्ता के साथ साथ सभी जिला के प्रतिनिधि एवं जिलों के साथी उपस्थित रहे।

# दूसरी बार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाये जाने पर रघुवर दास को दी बधाई

**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा घोषित राष्ट्रीय कार्यकारिणी में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को दूसरी बार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर उत्साहित भाजपा रांची ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है। उन्होंने पार्टी में दूसरी बार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किए गए रघुवर दास से मिलकर बधाई दी। रांची स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट के दौरान उन्होंने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष को अंगवस्त्र और पुष्प गुच्छ प्रदान किया। भाजपा नेता विनय महतो धीरज ने कहा कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी में निष्ठावान कार्यकर्ता को पार्टी ने अवसर दिया है। इससे कार्यकर्ताओं में पूरा उत्साह और जोश है। उन्होंने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ऊर्जावान, मिलनसार और सभी छोटे-बड़े कार्यकर्ताओं को साथ लेकर कार्य करने की सोच रखते हैं। 2024 के लोकसभा तथा विधानसभा चुनाव में इनके कुशल सांगठनिक अनुभव का लाभ पार्टी को मिलेगा और फिर से पार्टी स्पष्ट बहुमत से केंद्र और राज्य में सरकार बनाएगी। बधाई देने वालों में किशोर कुमार मेहता , निखिल कुमार, अरविंद,मदन, पंकज आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## अवैध खनन करने वालों से मेरी जान को खतरा : लोबिन हेंब्रम

**रांची।** मानसून सत्र की प्रथम पाली में बुधवार को झामुमो के बोरिया विधायक लोबिन हेंब्रम ने स्पीकर को संबोधित करते हुए कहा कि अवैध खनन में संलिप्त लोगों से मेरी जान को खतरा है। फिर भी मेरी सुरक्षा में कोताही बरती जा रही है। लोबिन ने कहा कि अवैध खनन करने वालों ने हमें निशाने पर रखा है, वह उन लोगों की आंख की किरकिरी बन चुके हैं, लेकिन मेरे हाउस गार्ड को भी हटा दिया गया। लोबिन ने कहा कि पूरे मामले में उन्होंने डीजीपी से भी शिकायत की है, लेकिन अबतक कोई कार्रवाई नहीं हुई। लोबिन ने कहा कि अगर 15 दिनों के भीतर उनकी सुरक्षा का इंतजाम नहीं हुआ, तो मजबूरन वे केंद्र की शरण में जाएंगे। स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने इस मामले में संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम को संज्ञान लेने का निर्देश दिया।

**सुरक्षा की जिम्मेदारी सरकार की है : मिथिलेश**

पेयजल मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने सदन से बाहर मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि विधायक को अगर गंभीर थ्रेड है, तो उन्हें मुख्यमंत्री के संज्ञान में ये बातें लानी चाहिए। उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी सरकार की है।

## पीएम आवास लाभुकों पर बीडीओ ने केस दर्ज करने का भेजा प्रस्ताव

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड में प्रथम द्वितीय और तृतीय किस्त लेने के बाद भी प्रधानमंत्री आवास नहीं बनाने वाले 62 लाभुकों पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सिल्ली के द्वारा नीलाम पत्र वाद दायर करने का प्रस्ताव भेजा गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि प्रखंड सिल्ली के बड़ाचांगडू पंचायत के दो, हाकेदाग के पांच, बिसिरिया के चार, बासारूली के एक, दोवाडू के चार, लुपुग के 21 पतराहातू के दो, बंता हजाम उतरी के तीन, इसका पिस्का के एक, सिल्ली के एक, बंता हजाम दक्षिणी के एक, कोचों के तीन, लोवादाग के 3, एवं गोराडीह के 11, लाभुकों के द्वारा 2 वर्ष एवं उससे अधिक समय बीत जाने के बावजूद आवास का निर्माण कार्य नहीं किया जा रहा है। लगातार प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि लाभुकों को आवास निर्माण करने के संबंध में सूचना दी गई है कई बार प्रखंड द्वारा नोटिस देने एवं दो बार थाना से नोटिस तामिला के बाद भी लाभुकों के द्वारा आवास निर्माण में रुचि नहीं ली गई है। इसलिए नीलाम पत्र वाद दायर करने का प्रस्ताव दिया गया है।

## कार की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**रातू।** रातू के भोंडा सरनाटोली टावर के पास वाहन के चपेट में आने से बाइक सवार एक व्यक्ति की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। घटना बुधवार की दोपहर 1:30 बजे की बताई जा रही है। युवक की पहचान रातू थाना क्षेत्र के फुटकलटोली अलकमर निवासी सलीम अहमद के पुत्र 35 वर्षीय डॉ आमिर अहमद के रूप में हुई। जानकारी के मुताबिक युवक एक सप्ताह पहले ही भोंडा में अपना एक क्लिनिक खोला था। बुधवार की दोपहर वह अपनी सिबिजेड बाईक जेएच01ए जेड-2674 में सवार होकर दलादिली की ओर से भोंडा अपना क्लिनिक जा रहा था तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक कार ने उसे अपने चपेट में ले लिया। जिससे आमिर की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद कार चालक वाहन लेकर दलादिली की ओर फरार हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। मामले को लेकर परिजनों ने रातू थाने में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस घटना की छानबीन कर रही है।

## योगदा सत्संग विद्यालय के विद्यार्थियों ने सीएम से की मुलाकात

**रांची।** झारखंड विधान सभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को योगदा सत्संग विद्यालय, जगन्नाथपुर, रांची के विद्यार्थियों ने मुलाकात की । ये बच्चे झारखंड विधानसभा में सदन की कार्यवाही को देखने के लिए आए थे । मुख्यमंत्री ने बच्चों से विधानसभा भ्रमण के अनुभव को जाना । मुख्यमंत्री ने बच्चों से यह भी कहा कि वे अपनी पढ़ाई पर पूरा ध्यान दें ,सरकार उनके पठन-पाठन की सारी व्यवस्था करेगी ।

## मंत्री के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात



**रांची।** झारखंड विधान सभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के नेतृत्व में चातुर्मास व्रत एवं श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ समिति, श्री बंशीधर नगर, (नगर उंटारी) गढ़वा के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि समिति की ओर से 23 से 28 अक्टूबर 2023 तक चातुर्मास व्रत एवं श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ कार्यक्रम का आयोजन होना है। इसी सिलसिले में 27 अक्टूबर को अखिल भारतीय धर्म महा सम्मेलन आयोजित होगा। उन्होंने मुख्यमंत्री को इस धर्म सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। इस मौके पर समिति के श्री अनंत प्रताप देव, दीपक प्रताप देव, श्री राजा शुक्ला और श्री अमित शुक्ला विशेष रुप से मौजूद थे।

# झारखंड में विस्थापन आयोग के गठन का फिलहाल प्रस्ताव नहीं : जोबा मांझी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



### ध्यानाकर्षण में विधायक अंबा के सवाल पर मंत्री जोबा मांझी का जवाब

### भविष्य में राज्य सरकार विस्थापन आयोग के गठन पर विचार करेगी

राज्य में विस्थापन आयोग के गठन का कोई प्रस्ताव सरकार के पास नहीं है। हालांकि विधायक ने मामला उठाया है, ऐसे में आगे सरकार विस्थापन आयोग के गठन पर विचार करेगी। ये बातें राज्य सरकार की मंत्री जोबा मांझी ने सदन में बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के सवाल के जवाब में कही। सदन में ध्यानाकर्षण सूचना के जरिए अंबा प्रसाद ने सवाल उठाया था कि हजारीबाग में एनटीपीसी की पकरी बरवाडीह, चट्टी बरियातू व केरेडारी कोयला खनन परियोजना, अडानी समेत अन्य कंपनियों का खनन कार्य प्रस्तावित है। वहीं कंपनियों द्वारा विस्थापितों को काफी कम मुआवजे पर बिना नौकरी और एन्यूटी दिए भूमि अधिग्रहण किया जाता रहा है। बड़कागांव के गोंदरीपुरा में बगैर ग्रामसभा की अनुमति के अधिग्रहण प्रक्रिया शुरू करने की बात भी विधायक ने कही।

**प्रावधानों की मॉनिटरिंग कई स्तरों पर की जाती है :** सवाल के जवाब में जोबा मांझी ने कहा कि पुनर्वासन एवं पुनर्वस्थापन स्कीमों या योजनाओं के क्रियान्वय के लिए आरएफसीटीएलएआरआर एक्ट-2013 के प्रावधानों की मॉनिटरिंग कई स्तरों पर की जाती है। इस एक्ट में विस्थापन आयोग के गठन का कोई प्रावधान नहीं है। विस्थापन आयोग के गठन के संबंध में सरकार का कोई निर्णय फिलहाल नहीं है।

## प्रतिनिधिमंडल ने सीएम से मिलकर उर्स में आने का किया अनुरोध



**रांची।** झारखंड विधान सभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को मंत्री हफीजुल हसन के नेतृत्व में हजरत अल्लामा अर्शदुल कादिरी रहमतुल्लाह उर्स आयोजन समिति, धतकीडीह , जमशेदपुर के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को 2 सितंबर को आयोजित होने वाले 22 वें सालाना उर्स कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में मौलाना अबरार आलम, मौलाना हारून रशीद, मोहम्मद इलियास अहमद, मौलाना गुलाम शेरानी और मोहम्मद नुमान रजा शामिल थे।

# बाबूलाल ने झारखंड प्रतियोगी परीक्षा विधेयक को बताया काला कानून

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोला। मरांडी ने हेमंत सरकार द्वारा विधानसभा के मानसून सत्र में लाए गए झारखंड प्रतियोगी परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम व निवारण के उपाय) विधेयक 2023 को राज्य के लिए काला कानून बताया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की नीयत साफ नहीं है। इसलिए यह सरकार लगातार प्रतियोगिता परीक्षाओं में भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड सिविल सेवा की परीक्षा में एक ही परीक्षा केंद्र से लगातार रोल नंबर का उत्तीर्ण होने का मामला उजागर हो चुका है। इसी तरह जूनियर इंजीनियर की बहाली में पेपर आउट करने का आरोप संस्था पर लगा। प्रारंभ में राज्य सरकार ने इस भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने की भरपूर कोशिश की लेकिन प्रबल विरोध के कारण बाद में गलती स्वीकार भी की। दबाव में कुछ नाम भी हटाए लेकिन आज तक उस परीक्षा के ओएमआर शीट जारी नही हुए। उन्होंने कहा कि इस विधेयक के प्रावधान देशद्रोह, पोक्सो, एसटी, एससी अत्याचार निवारण जैसे कानून से भी ज्यादा ताकतवर हैं, जिसमें सवाल खड़ा करने वाले अभ्यर्थियों पर 10 साल का प्रतिबंध, बिना प्रारंभिक जांच के एफआईआर दर्ज करने, बिना जांच गिरफ्तार करने, किसी भवन में घुसकर तलाशी लेने का सख्त प्रावधान है। उन्होंने कहा कि यह छात्रों को जेल भेजने के लिए लाया गया काला कानून है, जो जनता की आवाज को दबाने के लिए और भ्रष्ट अधिकारियों के द्वारा नौकरियों को बेचने के लिए लाया गया है, ताकि कोई विरोध नहीं करे।

## नगर निगम ने किया स्मार्ट सिटी में पौधरोपण

**रांची।** रांची नगर निगम द्वारा बुधवार को स्मार्ट सिटी में पौधरोपण किया गया। आरएमसी द्वारा पैटसी (पैट्सी) एनजीओ के साथ पौधरोपण का कार्य किया गया, जिसमें आरएमसी के सहायक नगर आयुक्त ज्योति कुमार सिंह ने वृक्षारोपण की शुरूआत की। ज्योति कुमार ने बताया कि नगर निगम का उद्देश्य पूरी रांची को हराभरा करना है। रांची में काफी संख्या में विभिन्न प्रकार के वृक्ष लगाये जा रहे हैं। नगर आयुक्त शशिरंजन सर के दिशा निर्देश में इस काम को किया जा रहा है। इस अवसर पर पैट्सी (एनजीओ) जो कार्यान्वयन एजेंसी है इसके सचिव अर्चित आनंद ने भी वृक्षारोपण किया साथ ही इन्होंने कहा की विकास की दौड़ में प्रकृति की रक्षा हमारा कर्तव्य है (इन्होंने बताया कि वृक्षों को लगाने के साथ हमारी संस्था आगामी तीन वर्षों तक इसकी देख भाल भी करेगी। श्री अर्चित ने कहा की रांची नगर निगम के तत्वावधान में संस्था जितने भी पौधे लगाएगी उन सभी के रखरखाव या पौधों से संबंधित कोई भी शिकायत/सुझाव के लिए एक नंबर जारी कर रही है-0651-2443387 ,इस नंबर पर आप पौधा संख्या और वार्ड नंबर बताकर पौधे से जुड़ी समस्या नोट करा सकते हैं।

# कुर्बान उस्ताद फाउंडेशन के प्रदर्शनी कार्यक्रम में 24 अखाड़ों के खिलाड़ियों ने लिया भाग

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




कुर्बान उस्ताद फाउंडेशन के अध्यक्ष आजम अहमद के द्वारा आयोजित प्रदर्शनी कार्यक्रम में एक अगस्त की रात 9 बजे डोरंडा काली पूजा, महावीर मंडल डोरंडा, सेंट्रल मोहर्रम कमिटी डोरंडा, दुर्गा पूजा समिति , श्रृंगार समिति डोरंडा, डोरंडा के बुजुर्ग, समाजसेवियों और तमाम अखाड़ा के खलीफा को पगड़ी, तलवार और मेडल देकर सम्मानित किया गया। प्रदर्शनी कार्यक्रम में 24 अखाड़ा के माहिर खिलाड़ियों ने भाग लिया। उक्त जानकारी देते हुए फाउंडेशन प्रदर्शनी कार्यमक्रम में तीन राउंड में खेल हुआ जिसमे पहला राउंड तलवार बाजी दूसरा राउंड में बन्ना और तीसरा राउंड छूट लाठी का हुआ। हर राउंड के खिलाड़ियों को प्रथम पुरस्कार, द्वितीय पुरस्कार और तृतीय पुरस्कार से नवाजा गया, साथ ही साथ तीनों राउंड में सबसे बेहतर खेलने वाले अखाड़ा रहमत कॉलोनी के खलीफा मो दानिश को बंपर प्राइज, हाथीखाना के खलीफा शहनवाज आलम रिंकू को प्रथम पुरस्कार और दर्जी मोहल्ला के खलीफा मो जावेद को द्वितीय पुरस्कार दिया गया। कुर्बान उस्ताद फाउंडेशन प्रदर्शनी कार्यक्रम में अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता में भाग लेने वालों में रहमत कॉलोनी, हव्वारी मोहल्ला, मनीटोला, हाथीखाना, कुम्हारटोली, मिस्त्री मोहल्ला, बेलदार मोहल्ला, दर्जी मोहल्ला, पारसटोली, बाजार मोहल्ला, रजा कॉलोनी मनीटोला, कुरैशी मोहल्ला इत्यादि शामिल हुए और अपने बेहतरीन खेल का मुजाइहरा दिखाए । कुर्बान उस्ताद फाउंडेशन के अध्यक्ष सह झारखंड आंदोलनकारी आजम अहमद ने कहा कि प्रदर्शनी कार्यक्रम कराने का उनका मकसद लोगों के बीच जागरूकता लाना है ताकि मुहर्रम के मौके पर नवजवान लोग अपने बुजुर्गों से खेल सीखे और अपने आने वाले नस्ल को भी खेल सिखाए। खेल एक कला है और यह कला सभी को सीखना चाहिए।

**उत्पादन** — वैज्ञानिक के दलों ने खरीफ फसलों का लिया जायजा

# धान बीजोत्पादन को प्राथमिकता देने पर जोर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. ओंकार नाथ सिंह ने बुधवार को बारिश के लगातार फुहारों के बीच निदेशक अनुसंधान डॉ. पीके सिंह एवं वैज्ञानिकों संग वेस्टर्न सेक्शन फार्म में शोध कार्यक्रमों से जुड़ी कुल 15 खड़ी खरीफ फसलों के प्रायोगिक प्रक्षेत्रों की स्थिति का मुयाना किया। कुलपति ने फार्म में खड़ी सभी 15 खरीफ फसलों के प्रदर्शन पर संतोष जताया। उन्होंने वैज्ञानिकों को धान बीजोत्पादन को विशेष प्राथमिकता देने तथा धान की 50 प्रतिशत शेष भूमि में धान की रोपाई यथासमय पूरा करने को कहा। धान की सीधी बोवाई के फसल प्रदर्शन पर काफी अच्छा बताया। किसानों को प्रदेश में वर्षा की विषम स्थिति को देखते हुए धान की सीधी बोवाई एवं एरोबिक विधि से धान की खेती की ओर उन्मुख होने की सलाह दी। इस विधि में धान की अनुशंसित किस्मों जैसे सहभागी, नवीन, ललाट, आईआर 64 डीआरटी 1, सीआर धान 205, सीआर धान 302, सीआर धान 304, बीवीटी 202, एमटीयू 10-10 आदि का प्रयोग करने की सलाह दी। मौके पर निदेशक अनुसंधान डॉ पीके सिंह ने खेतों में पौधों की संख्या बनाये रखने, खरपतवार नियंत्रण, खेतों से जल की निकासी एवं कीट तथा रोग प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। शोध फार्म में भ्रमण में करीब साढ़े सत्तरह एकड़ भूमि में विभिन्न परियोजनाओं में धान की सीधी बोवाई, एरोबिक धान, जैविक धान एवं रोपा धान विधि के कुल 60 शोध कार्यक्रमों, इंटरनेशनल राइस रिसर्च इंस्टिट्यूट (आईआईआरआई) परियोजना में वर्षापात की अनियमितता की वजह से रोपा धान में हो रही कठिनाईयों को देखते हुए धान की सीधी बोवाई के विभिन्न प्रयोगों का निरीक्षण किया। जहां शस्य वैज्ञानिक डॉ. अशोक कुमार सिंह ने धान की सीधी बोवाई में होने वाली मुख्य समस्या जैसे खरपतवार नियंत्रण पर किये जा रहे प्रयोगों तथा खरपतवार नाशी दवाओं की प्रायोगिक जांच के बारे में बताया। परियोजना अन्वेंषक (धान फसल) डॉ. कृष्णा प्रसाद ने बताया कि फार्म के करीब तीन एकड़ टांड़ एवं मध्यम भूमि में धान की सीधी बोवाई का टारगेट पूर्ण हो चूका है। धान रोपा का करीब 50 प्रतिशत कार्य पूरा हो चूका है। धान शोध कार्यक्रम से जुड़े वैज्ञानिकों में डॉ. एखलाख अहमद, डॉ. एमके वर्णवाल, डॉ. विनय कुमार एवं डॉ. वर्षा रानी ने भी अपने विषयों के धान शोध कार्यो की जानकारी दी। कुलपति सहित वैज्ञानिक दल ने फार्म के करीब पांच एकड़ भूमि में मकई फसल पर आईसीएआर-एआईसीआरपी एवं स्टेट प्लान अधीन बेबीकॉर्न, स्वीटकॉर्न, येलोकॉर्न एवं पर्पलकॉर्न प्रायोगिक प्रक्षेत्रों के अलावा करीब 400 मकई फसल प्रजाति की जांच सबंधी कोऑर्डिनेटेड ट्रायल एवं 62 मकई फसल प्रजाति से जुड़ी स्टेशन ट्रायल का अवलोकन किया। मौके पर परियोजना अन्वेंषक (मकई फसल) डॉ. मनिगोपा चक्रवर्ती एवं शस्य वैज्ञानिक (मकई फसल) डॉ. सीएस सिंह ने शोध कार्यक्रमों की जानकारी दी।

## मॉडल स्कूल में तिलक लगा कर आये छात्रों को शिक्षक ने स्कूल आने से किया मना

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रोजेक्ट बालिक उच्च विद्यालय परिसर में संचालित मॉडल स्कूल के प्रभारी शिक्षक भिंसेन्ट सोरेन ने छात्र छात्राओं को सिर पर तिलक व हाथ में कलवा पहनकर नहीं आए तिलक लगना ही है तो घर में रहो स्कूल मत आओ। वही स्कूल के छात्र छात्राओं का कहना है कि तिलक लगाकर स्कूल आने पर उन्हें उठक बैठक कराई जाती है। उन्हें तिलक लगाने के लिए मना किया जाता है। वही मामले की जानकारी मिलने के बाद बुधवार को सनातन सेना व बजरंग दल के कार्यकर्ता स्कूल पहुंचे। जहां उन्होनें तिलक ना लगाए जाने का विरोध कर शिक्षक को कहा कि हिंदू समाज की भावनाएं आहत हुई है। शिक्षकों को कहा कि बच्चों को तिलक व कलवा पहनने से रोका नहीं जाए। साथ ही स्कूल प्रबंधन से दोबारा इस प्रकार की घटना ना हो इसे लेकर आश्वासन मांगा। वहीं शिक्षक ने माफी मांगी और आगे से इस तरह की घटना नहीं दोहराने और छात्रो के पढ़ाई में किसी तरह का प्रभाव नहीं पड़ने की बात कही।


**जिला गव्य विकास कार्यालय, गढ़वा।**
Email Id:- dddogarhwa@gmail.com mobile No. -8434498912

**(पशुपालकों के लिए आम सूचना।)**

गढ़वा जिला के ग्रामीण क्षेत्रों के दुग्ध उत्पादकों/ पशुपालकों/स्वयं सहायता समूह के सदस्यों/सखी मण्डलों के सदस्यों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान (गव्य विकास) रांची के पत्रांकः–326, दिनांकः–25.07.2023 के आलोक में वितीय वर्ष 2023–24 अन्तर्गत गढ़वा जिला के लिए राज्य के अंदर **दुधारू पशु प्रबंधन एवं पशु पोषण प्रशिक्षण कार्यकम का आयोजन निम्नलिखित तिथियों के अनुसार प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, सेक्टर–2, धुर्वा, रांची में किया जाना है।**

इच्छुक पशुपालक प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु जिला गव्य विकास कार्यालय, गढ़वा से निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर एवं ग्राम पंचायत प्रतिनिधि से अनुशंसा पहचान पत्र (आधार कार्ड का छाया प्रति), दो पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो, अपने नाम का बैंक खाता पासबुक की छाया प्रति एवं IFSC कोड के साथ आवेदन कार्यालय में जमा करना चाहेंगे। **प्रशिक्षण संस्थान धूर्वा, रांची तक आने–जाने का मार्ग व्यय स्वयं वहन करना है। प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षणर्थियों द्वारा किये गये मार्ग व्यय की राशि को सीधे उनके बैंक खाता के माध्यम से प्रतिपूर्ति की जायेगी।**

**वितीय वर्ष 2023–24 का प्रशिक्षण कार्यकम निम्नवत है।**
**प्रशिक्षण का नाम–दुधारू पशु प्रबन्धन एवं पशु पोषण प्रशिक्षण। (छः दिवसीय)**

| क0 | दिनांक | समान्य जाति (OSP) | | | अनूसूचित जाति (SCSP) | | | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | प्रशिक्षण अवधि | पुरूष | महिला | कुल | पुरूष | महिला | कुल | |
| 1 | 07.08.2023 से 13.08.2023 | 20 | 10 | 30 | 2 | 2 | 4 | 34 |
| 2 | 29.08.2023 से 04.09.2023 | 20 | 10 | 30 | 2 | 2 | 4 | 34 |
| कुलः– | | 40 | 20 | 60 | 4 | 4 | 8 | 68 |

**पशुपालकों के चयन हेतु अहर्ता :–**

1. योजनाओं से लाभान्वित/चयनित लाभुकों को प्राथमिकता के आधार पर प्रशिक्षण में भेजा जाएगा।
2. प्रशिक्षण अवधि छः दिवसीय निर्धारित है।
3. प्रशिक्षणार्थियों का बच्चा के साथ प्रशिक्षण में आना वर्जित है। बच्चा के साथ आने पर प्रशिक्षणार्थी को लौटाया जायेगा जिसका भाड़ा एवं दैनिक मजदूरी कार्यालय देय नहीं होगी।
4. प्रशिक्षणार्थियों को अपने साथ आधार कार्ड एवं बैंक खाता की मूल प्रति लाना अति आवश्यक है।
5. उम्र न्यूनतम 18 वर्ष से अधिकतम 55 वर्ष के अन्दर हो।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR 303828 (Animal Husbandry) 23-24 (D)

### श्री श्याम मंदिर में श्री शिव महापुराण व्याख्यान का आयोजन, बोले स्वामी परिपूर्णानन्द जी

# भक्ति ही भगवान व जीवों से प्रेम का मार्ग दिखलाता है





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में श्री श्याम मण्डल के तत्वाधान में आयोजित श्री शिव महापुराण व्याख्यान के दूसरे दिन चिन्मय मिशन के स्वामी परिपूर्णानन्द जी के व्यास पीठ पर विराजमान होने के पश्चात पारम्परिक पूजन के बाद स्वामी जी ने आज महाशिवपुराण व्याख्यान को आगे बढ़ाते हुए बताया की महर्षि वेदव्यास जी द्वारा कुल 18 पुराणों की रचना की गई जिनमें महाशिवपुराण वेद व्यास जी की अलौकिक एवम अनूठी रचना है। इसमें कुल 24 हजार श्लोक एवं 7 संहिता हैं। श्रावण मास में महाशिवपुराण का वाचन एवं श्रवण दोनों ही अति उत्तम फल दायी है। शिव सदा स्वामी मंगल हैं - शिव ही सत्य है।- शिव ही सुन्दर हैं , इसलिए कहा गया है सत्यम शिवम सुंदरम। आगे अपने व्याख्यान में कहा कि महा सदाशिव गुरु का स्थान भी रखते हैं - गुरु में सभी तत्व विराजमान रहते हैं जिनको पाने से अंधकार दूर हो कर प्रकाश फैलाता है। ईश निन्दा से मनुष्य पाप का भागी होता है। शिव ही रुद्रदेव हैं और शिव ही सृष्टि के पालक और पापों के संघहार कर्ता भी हैं। चातुर्मास में भगवान विष्णु के शेषशैया पर निंद्रा में रहने के दौरान शिव ही सम्पूर्ण सृष्टि के सभी भार संभालते हैं। शिव पूजन , शिव वन्दन एवम शिव महिमा का श्रवण कलयुग में भव पार करने का अत्यंत सरल एवम सुगम मार्ग है। शिव महापुराण के प्रायोजन विषय पर व्याख्यान को आगे बढ़ाते हुए स्वामी जी ने कहा कि वेदान्त तथा आत्मज्ञान का वर्णन पुराण में है - इसके अधिकारी ही भगवान से प्रेम करते हैं - भक्ति ही भगवान एवम जीवों से प्रेम का मार्ग दिखलाता है - शैव का तिलक पुराण हैं-यह शिव की प्राप्ति करा कर परम गति प्रदान करता है - यह मननीय, चिन्तन करने योग्य, वर्णन करने योग्य, एवम शिवत्व की प्राप्ति के लिए है। महाशिव पुराण की पूरी कथा श्री श्याम मण्डल, रांची के यू ट्यूब पर प्रकाशन किया जा रहा है । बीच बीच में स्वामी जी ने मधुर वाणी से सुन्दर स्त्रोत पाठ एवम शिव के भजनों से पूरे मन्दिर परिसर की शिवमय बना दिया। बुधवार को भगवान शिव की महिमा एवम उनका गुणगान सुनने के लिए भक्तों की अपार भीड़ थी । अन्त में परिवार सहित श्याम अग्रवाल ने महा शिवपुराण की समापन आरती की तत्पश्चात सभी भक्तों के बीच प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में धीरज बंका, सुदर्शन चितलांगिया, मनोज सिंघानिया, अरुण धनुका, सुनील मोदी, नितेश लाखोटिया, राजेश सारस्वत, लल्लू सारस्वत, गोपी किशन ढांढनीयां, ओम जोशी का सहयोग रहा। बता दें कि मंगलवार को श्री श्याम मण्डल ,रांची के तथवाधान में अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में श्री महाशिव पुराण कथा का भव्य आयोजन का शुभारम्भ हुआ है। आचार्य श्री श्याम सुन्दर भारद्वाज के नेतृत्व में मुख्य यजमान रमेश चन्द्र सरवस्त के द्वारा गणेश पूजन, नव ग्रह पूजन इत्यादि के पश्चात अपरान्ह 3 बजे 51 महिलाओं द्वारा स्वर्णरेखा नदी से संचित किए गए जल का कलश मस्तक पर लेकर मन्दिर के लिए प्रस्थान किया साथ में ही महाशिवपुराण को मुख्य यजमान द्वारा अपने मस्तक पर रखकर ससम्मान श्री श्याम मन्दिर में लाया गया साथ में ही मन्दिर में व्यास पीठ पर महाशिवपुराण को सुशोभित कर पूजन किया गया। मण्डल के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश बागला के स्वागत भाषण के पश्चात मण्डल के संरक्षक सुरेश चन्द्र पोद्दार द्वारा श्री श्याम मण्डल के नाम से यू ट्यूब चैनल को लॉन्च किया जिसमें हमेशा मण्डल द्वार आयोजित कार्यक्रमों का प्रसारण निरन्तर होता रहेगा।

### रेल पटरी से अज्ञात युवक का शव बरामद

**रांची।** जरियागढ़ थाना के नगड़ा गांव के पास रांची-राउरकेला रेल लाइन से पुलिस ने बुधवार को अज्ञात युवक का क्षत-विक्षत शव बरामद किया। स्थानीय लोगों द्वारा जरिया गढ़ थाना की पुलिस को रेल पटरी पर शव होने की जानकारी दी गई। संभावना व्यक्त की जा रही है कि ट्रेन से कटकर युवक की मौत हुई होगी। पुलिस ने सदर अस्पताल में पोस्टामार्टम करा लिया गया है। समसाचार लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी थी।

# कलश यात्रा के साथ शुरू हई नौ दिवसीय शिव महापुराण कथा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
शिव शिष्या परिवार के तत्वावधान में तोरपा में नौ दिवसीय शिव महापुराण कथा का शुभारंभ बुधवार से हो गया। शिव महापुराण कथा का समापन 10 अगस्त को होगा। कथा के पूर्व तोरपा स्थित नगर भवन कथा स्थल से छाता नदी तक विशाल कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा नगर भवन से शुरू होकर मेन रोड कर्रा रोड होते हुए छाता नदी तक गई, जहां गंगा पूजन और अन्य अनुष्ठान के बाद कलशों में जल भरा गया। कलश यात्रा में शामिल महिलाएं और अनस भक्त भोलेनाथ और पाव्रती का जयकारा लगाते चल रहे थे। काय्रक्रम स्थल पर प्रख्यात आचार्य दिवाकर पाठक द्वारा शिव महापुराण का वाचन किया जा रहा है। संध्या चार बजे से आचार्य दिवाकर पाठक ने कथा का शुभारंभ किया। कथा के दौरान अमृतमयी शिव महापुराण कथा के महात्म्य से श्रद्धालुओं को जीवन का मर्म समझाया। उन्होंने श्रीरामचरित मानस में वर्णित शिव की महिमा को बताया और कहा कि जिसके साथ शिव हैं, शक्ति भी उसी के पास होती है। महाकाल का पूजन और ध्यान अकाल मृत्यु के भय से मुक्त करने वाला होता है। उन्होंने शिव पूजन की विधि और पूजन के लिए प्रयोग किए जाने वाले जल, बेलपत्र, धतूरा आदि के बारे में जानकारी दी।

### सांसद ने केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव से की मुलाकात

# कृष्णापुरी में बनने वाले फ्लाईओवर व अन्य समस्याओं से कराया अवगत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची के सांसद संजय सेठ में नई दिल्ली में केंद्रीय रेल एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान सांसद ने उन्हें रांची सहित पूरे झारखंड में रेल परियोजनाओं की सौगात के लिए धन्यवाद कहा। हटिया और पिस्का स्टेशन के पुनर्विकास की योजना की स्वीकृति के लिए भी क्षेत्र की जनता की तरफ से आभार जताया। सांसद श्री सेठ ने इस दौरान केंद्रीय मंत्री को एक ज्ञापन भी दिया, जिसमें चुटिया के कृष्णापुरी में बनने वाले फ्लाईओवर और इसकी जरूरत से उन्हें अवगत कराया। सांसद ने आग्रह किया कि रांची रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास हो रहा है। इसी परियोजना से जोड़कर इस क्षेत्र में फ्लाईओवर का निर्माण किया जाए। यह क्षेत्र रांची रेलवे स्टेशन का नजदीकी क्षेत्र है बल्कि स्टेशन के परिधि में ही चुटिया का बड़ा हिस्सा निवास करता है। इसके साथ ही सांसद ने मैक्लुस्कीगंज और खलारी में रेल सुविधाओं के विस्तार का भी आग्रह केंद्रीय मंत्री से किया। सांसद ने कहा कि मैक्लुस्कीगंज देश का एकमात्र एंग्लो इंडियन गांव है, जहां रेल सुविधाओं के विस्तार की आवश्यकता है। सिल्ली प्रखंड के बांसारूली के समीप रेलवे ट्रैक के बगल में सब-वे निर्माण का आग्रह रेल मंत्री से सांसद ने किया। यह क्षेत्र की बहुत बड़ी जरूरत है, जिससे

### आधार सेवा का स्थाई भवन निर्माण रांची में बने,केंद्रीय मंत्री से सांसद ने किया आग्रह

केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात के दौरान सांसद श्री संजय स्वीट ने उन्हें रांची में आधार के क्षेत्रीय कार्यालय के संचालन में हो रही समस्या से अवगत कराया। सांसद ने उन्हें दिए ज्ञापन में बताया कि रांची में आधार सेवा का क्षेत्रीय कार्यालय है। यह झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल की 26 करोड़ की आबादी को अपनी सेवा प्रदान करता है। यह कार्यालय एक अस्थाई भवन में है, जहां प्रतिदिन 500 से अधिक लोगों का आवागमन आधार से जुड़े कार्यों के लिए होता है। स्थान की कमी और सुगम यातायात नहीं रहने के कारण झारखंड सहित बंगाल और बिहार से आने वाले नागरिकों व अन्य लोगों को कई प्रकार की समस्याओं का भी सामना करना पड़ता है। इस मुद्दे पर सांसद ने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया कि आधार का स्थाई क्षेत्रीय कार्यालय रांची में बने इस दिशा में सकारात्मक पहल किए जाने की आवश्यकता है। ताकि इन तीनों राज्यों के लोगों को और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके। केंद्रीय मंत्री से मुलाकात के बाद सांसद ने बताया कि रांची में आधार का अपना क्षेत्रीय कार्यालय हो, इस बात को लेकर केंद्रीय मंत्री ने गंभीरता दिखाई है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि बहुत जल्द इस दिशा में सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे।

## 14 प्रखंडों के सृजन के निर्णय को लागू करे सरकार : लंबोदर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
आजसू पार्टी के विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने राज्य के 11 जिले में 24 प्रखंडों के सृजन करने की मांग की है। उन्होंने शून्य काल में सदन के माध्यम से सरकार का इस ओर ध्यान आकृष्ट कराया कि 8 जनवरी 2013 को झारखंड सरकार की मंत्री परिषद ने 24 प्रखंड बनाने का निर्णय लिया था, लेकिन 10 वर्ष बीत जाने के बाद भी लिए गए निर्णय को अब तक लागू नहीं किया गया है। उन्होंने सरकार से यह मांग की कि इस निर्णय के आलोक में 24 प्रखंडों के सृजन करने की कार्रवाई पूरी की जाए। उन्होंने चतरा जिले के जारी, पूर्वी सिंहभूम जिले के कोवाली, रामगढ़ जिले के चैनगड्डा, धनबाद जिले के मैथन, चिरकुंडा, पुटकी व राजगंज, रांची जिले के पिक्षेरिया, तमाड़ पूर्वी, सोनाहातू व जोन्हा, सरायकेला-खरसावां जिले के सिनी पलामू जिले के रामगढ़, पश्चिम सिंहभूम जिले के टोकलो, बोकारो जिले के चतरो चट्टी ,ऊपर घाट, महुआटांड, खैराचातर ,बरमसिया, माराफारी, अमलाबाद, पिद्राजोरा, खूंटी जिले के बीरबाकी और लातेहार जिले के मुरपा को प्रखंड बनाने के निर्णय को लागू करने की मांग की।



## लगातार हो रही बारिश से अग्निप्रभावित क्षेत्रो में बढ़ा भू-धंसान का खतरा

# जरेडा की विस्थापन और पुनर्वास की रफ़्तार धीमी





नवीन मेल संवाददाता

**धनबाद।** जिले में 1 अगस्त से लगातार हो रही बारिश के कारण बीसीसीएल के 70 अति अग्निप्रभावित क्षेत्रो में भूधसान का खतरा बढ़ गया है. पिछले कुछ सालों में बरोरा, कतरास, लोदना, पुटकी बलिहारी, कुसुंडा, सिजुआ और बस्ताकोला के क्षेत्रो में अचानक जमीन फटने से मकान, दुकान, मंदिर, मस्जिद व अन्य भवनों के जमींदोज होने की दो दर्जन से भी अधिक घटनाएं घट चुकी है. बावजूद इसके जरेडा और बीसीसीएल की विस्थापन नीति धीमी है. इन क्षेत्रों में 14,460 की आबादी रहती है. बीसीसीएल के कुल सभी 12 एरिया में कुल 595 अग्निप्रभावित क्षेत्र है, जहां बारिश के सीजन में हजारों परिवारों की जान सांसत में रहती है. इनके पास दूसरा कोई वैकल्पिक रास्ता भी नही है.

### इन क्षेत्रों में है सबसे अधिक खतरा

पीबी एरिया के ईबी सेक्शन, लेबर धौड़ा, गोपालीचक के साथ-साथ तीन नंबर ईस्ट सेक्शन के सुदामडीह कॉलोनी, गोसाईडीह, नीमतल्ला केदुआडीह, राजपूत बस्ती, कुस्तौर आठ नंबर, कुस्तौर तीन नंबर कॉलोनी, शिमलाबहाल, गोपालीचक बाउरी बस्ती, रेल कॉलोनी, पासी धौड़ा, वेस्ट साइड ऑफ एनएच, दो नंबर इन्कलाइन, हितवाल कॉलोनी, ईस्ट ऑफ हिंदी भवन, खैरा पीट में भू-धंसान को लेकर ज्यादा संवेदनशील क्षेत्र है. इसके साथ ही कतरास एरिया का तेतुलमारी, कतरास, चैतुडीह और सिजुआ एरिया का बांसजोड़ा बस्ती, मोदीडीह, तेतुलमारी गांव, सेन्द्रा बांसजोडा, 13 नंबर व 11 नबंर कॉलोनी, बासदेवपुर का आठ नंबर धौड़ा, सेंद्रा सात नंबर पीट, कनकनी जोगता अपर भी अति अग्निप्रभावित क्षेत्रों में शामिल है. कुसुंडा एरिया के ऐना कॉलोनी दो नंबर, गणशाडीह, पहाड़ी बस्ती धनसार, धोबीकुल्ही के अलावा बस्ताकोला एरिया के बफर धौड़ा, गोदुडीह, ऐना इस्लामपुर, पवन बस्ती राजापुर, राजवार बस्ती राजापुर, न्यू वाटर बोर्ड कॉलोनी राजापुर, कुकुरतोपा, राजापुर कॉलोनी, फतेहपुर बस्ती राजापुर, माल्हापट्टी गोदुडीह में भी भू-धंसान का खतरा हमेशा रहता है. लोदना एरिया के रोड साइड दुगार्पुर, पांडेयवेरा, बालू गादा, इंदिरा चौक, लिलोरीपथरा, चलचली व कुजामा के अलावा बरोरा एरिया के सेंट्रल केंदुआडीह, बरावाबेड़ा और ब्लॉक टू एरिया का सिंडपोकी, केशरगढ़ा, नंदखरकी खोखीबिघाह व गोविंदपुर एरिया के साउथ गोविंदपुर, डायमंड तेतुरिया आदि बस्ती अति अग्निप्रभावित क्षेत्रों में शामिल है.

### जरेडा कर रहा लोगों को शिफ़्ट करने की तैयारी

जरेडा के अधिकारी भी मानते हैं कि बरसात में अग्निप्रभावित इलाकों में भूधसान का खतरा रहता है. जरेडा प्रबंधन का कहना है कि कोई अनहोनी ना हो, इसके लिए जिला प्रसासन, बीसीसीएल और जरेडा अलर्ट है. दूसरी ओर इन क्षेत्रों में रह रहे लोगो को जल्द शिफ्ट करने का निर्दश वरीय अधिकारियों ने दिया है.

## रांची नगर निगम ने किया पौधरोपण

# विकास की दौड़ में प्रकृति की रक्षा हमारा कर्तव्य है : अर्चित आनंद




नवीन संवाददाता

**रांची।** रांची नगर निगम द्वारा आज स्मार्ट सिटी में पौधरोपण किया गया। आरएमसी द्वारा पैट्सी एनजीओ के साथ पौधरोपण का कार्य किया गया,जिसमें आरएमसी के सहायक नगर आयुक्त ज्योति कुमार सिंह ने पौधरोपण की शुरूआत की, ज्योति कुमार ने बताया कि नगर निगम का उद्देश्य पूरी रांची को हराभरा करना है,रांची में काफी संख्या में विभिन्न प्रकार के पौध लगाये जा रहे हैं। नगर आयुक्त शशिरंजन सर के दिशा निर्देश में इस काम को किया जा रहा है। इस अवसर पर पैट्सी (एनजीओ)जो कार्यान्वयन एजेंसी है इसके सचिव अर्चित आनंद ने भी पौधरोपण किया साथ ही इन्होंने कहा की विकास की दौड़ में प्रकृति की रक्षा हमारा कर्तव्य है, इन्होंने बताया कि पौधों को लगाने के साथ हमारी संस्था आगामी तीन वर्षों तक इसकी देख भाल भी करेगी। अर्चित ने कहा की रांची नगर निगम के तत्वावधान में संस्था जितने भी पौधे लगाएगी उन सभी के रखरखाव या पौधों से संबंधित कोई भी शिकायत/सुझाव के लिए एक नंबर जारी कर रही है- 0651-2443387 , इस नंबर पर आप पौधा संख्या और वार्ड नंबर बताकर पौधे से जुड़ी समस्या नोट करा सकते हैं, हमारी टीम उसपर त्वरित कारवाई करेगी। स्मार्ट सिटी के महाप्रबंधक राकेश कुमार नंदकुलियार भी उपस्थित थे। पौधरोपण के साथ उन्होंने इसके महत्व पर प्रकाश डाला। अंत में पैट्सी के निदेशक पारिजात परिमल ने सबका आभार व्यक्त किया इस अवसर पर रविशंकर पांडेय, कवलजीत कुमार, प्रभाष सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### दहेज की खातिर रहीमा की हत्या

**गिरिडीह।** दहेज के लिए गांडेय थाना अंतर्गत चंपापुर की 25 वर्षीय युवती रहीमा की हत्या कर दी गई है. यह आरोप उसके पिता ने लगाया है. मुमताज अंसारी ने बताया कि उसने अपनी बेटी रहीमा का निकाह वर्ष में 2017 में फिटकोरिया गांव निवासी लुकमान मियां के पुत्र इनामुल हक से की थी. शुरूआती दो-तीन साल सब कुछ ठीक-ठाक रहा. हालिया 2 सालों से रहीमा पर दहेज लाने का दबाव बनाया जाने लगा. रहीमा सब कुछ बर्दाश्त करती रही. लेकिन हाल के दिनों में ससुराल वालों ने दो लाख नगद व बाइक लाने का रहीमा पर दबाव बनाने लगे. मुमताज ने बताया कि 1 अगस्त की शाम पड़ोसियों ने फोन पर बताया कि आपकी बेटी की ससुराल वालों ने हत्या कर दी है. सूचना पर वे फिटकोरिया गांव पहुंचे तो बेटी की लाश आंगन में पड़ी थी और पास ही उसके दो संतान रो रहे थे, जबकि ससुराल वाले फरार थे. मुमताज ने बताया कि बेटी की पहले बेरहमी से पिटाई की गई और जहर देकर उसकी हत्या कर दी गई.

### छापेमारी में 232 टन कोयला जब्त

**धनबाद।** निरसा वह कालूबथान क्षेत्र में कोयला चोरी रुकने का नाम नहीं ले रही है. समय-समय पर स्थानीय पुलिस छापेमारी करती है, कोयला जब्त किया जाता है. परंतु धंधेबाज पकड़े नहीं जाते, न ही उन पर प्राथिमकी दर्ज होती है. निरसा पुलिस ने मंगलवार की देर रात खुदिया स्थित संकट मोचन भट्ठा व गोपालगंज स्थित मां शारदा उद्योग में छापेमारी कर भारी मात्रा में कोयला जब्त किया. पुलिस को संकटमोचन भट्ठा से 32 टन व मां शारदा उद्योग से 200 टन कोयला जब्त करने में सफलता मिली. पुलिस के अनुसार संकट मोचन भट्ठा के संचालक अशोक तिवारी व मां शारदा उद्योग के संचालक छोटन सिंह के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है.

### टाटा स्टील डिगवाडीह क्लब में सावन उत्सव का आयोजन, निधि सिंह बनी क्वीन



**धनबाद।** टाटा स्टील झरिया डिवीजन की महिलाओं ने डिगवाडीह ऑफिसर्स क्लब में 2 अगस्त बुधवार को सावन उत्सव मनाया. इस साल यह उत्सव इंडो-वेस्टर्न थीम पर आधारित था. सावन उत्सव में झरिया की महिलाओं ने भारी संख्या में भाग लिया. मुख्य अतिथि रुचि नरेंद्रन के साथ सम्मानित अतिथियों डीबी शैलजा रामम, पारुल मंगल, विनीता राय और सुनीता राजोरिया की उपस्थिति और समर्थन ने समारोह में जोश भर दिया. इस अवसर पर नृत्य, संगीत, फैशन शो और मेहंदी, सब्जी और फलों की नक्काशी, मसालों के आभूषण बनाना, बॉलीवुड थीम नाइट और रैंप वॉक जैसी प्रतियोगिताओं ने समारोह को भव्य बना दिया. इस वर्ष सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों के जीवन साथियों की भी वर्षों से टाटा स्टील परिवार के साथ उनके लंबे जुड़ाव के लिए सराहना की गई व सम्मान प्रदान किया गया. निधि सिंह ने सावन क्वीन 2023 का खिताब जीता, जबकि प्रीति निर्वाण ने एम्प्रेस 2023 का खिताब जीता.

# पेड़ों में राखी बांधकर लिया बचाने का संकल्प



नवीन मेल संवाददाता

**बोकारो।** डीएवी स्कूल तेनुघाट में 1 अगस्त को ह्ववन महोत्सवह्व का आयोजन किया गया. स्कूल के विद्यार्थियों ने सुबह में प्रभातफेरी निकालकर लोगों के बीच वन संरक्षण का संदेश दिया. इस दौरान वृक्ष ही जीवन है जैसे नारों से वातावरण गुंजायमान रहा. मुख्य अतिथि नुमंडल पदाधिकारी अनंत कुमार ने पौधरोपण का महोत्सव का शुभारंभ किया. उन्होंने कहा कि वन महोत्सव का मुख्य उद्देश्य पौधे लगाकर धरती को हरा-भरा रखना है. इस दौरान पेड़ों में राखी बांधकर उन्हें बचाने का संकल्प लिया गया. साथ ही सभी ने पौधे भी लगाए. स्कूल की प्राचार्य स्तुति सिन्हा ने विद्यार्थियों को अपने लगाए पौधे की देखभाल करने की सीख दी. इससे पूर्व उन्होंने एसडीओ समेत अन्य अतिथियों का स्वागत किया. समारोह में एसडीओ अनंत कुमार, डीएवी स्वांग के प्राचार्य एसके शर्मा, डीएवी कथारा के प्राचार्य विपिन कुमार राय, डीएवी ललपनिया की प्राचार्य उषा राय सहित अन्य गणमान्य लोग शरीक हुए. आयोजन को सफल बनाने में स्कूल के योगेंद्र प्रताप, हलधर महतो, भास्कर कुमार, मुकुल कुमार, सुरेन्द्र तिवारी, सुधीर कुमार, असगर अली, सपन डे, राजीव कुमार, लक्ष्मी गुप्ता, वंदनी महतो सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं की भूमिका रही.

### गिरिडीह : अधिवक्ता संघ के चुनाव की बढ़ी सरगर्मी

**गिरिडीह।** अधिवक्ता संघ चुनाव को लेकर गिरिडीह कोर्ट परिसर में सरगर्मी तेज हो गई है. चुनाव की तिथि की घोषणा होने के बाद संभावित उम्मीदवार जनसंपर्क तेज कर दिए हैं. जानकारी के अनुसार 7 व 8 अगस्त को नामांकन, 9 अगस्त को स्क्रूटनी, 10 अगस्त को नाम वापसी व 19 अगस्त को मतदान होगा. इधर, निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने को प्रदेश इकाई ने 4 सदस्य चुनाव समिति व दो ऑब्जर्वर का मनोनयन किया है. चुनाव समिति में शंभू नाथ सहाय, रामविलास सिंह, नियाज अहमद व प्रमोद कुमार सिंह को शामिल किया गया है. मृत्युंजय कुमार श्रीवास्तव को ऑब्जर्वर बनाया गया है. इन्हीं की निगरानी में पूरी चुनावी प्रक्रिया होगी. दूसरी ओर मतदाता अधिवक्ताओं में प्रत्याशियों को लेकर गोलबंदी शुरू हो गई है. संभावित प्रत्याशियों ने भी जीत हासिल करने को लेकर जनसंपर्क तेज कर दिया है.

# जेवियर स्कूल व कॉलेज में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



नवीन मेल संवाददाता

**चाईबासा।** जेवियर इंग्लिश मीडियम स्कूल और इंटर कॉलेज में मुफ्फसिल थाना प्रभारी सह जिला ट्रैफिक इंचार्ज पवन चंद्र पाठक ने सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम चलाया. इस मौके पर परिवहन विभाग से सड़क सुरक्षा की टीम भी उपस्थित रही. विद्यालय में प्राचार्य के साथ अन्य शिक्षक, सभी बसों के ड्राइवर के अलावे सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित रहे. ट्रैफिक इंचार्ज ने संबोधित करते हुए कहा कि लापरवाह से तथा तेज गति से गाड़ी चलाने के कारण दुर्घटनाओं की संख्या में दिन प्रतिदिन बढ़ोतरी हो रही है. इसके लिए आज के समय में ट्रैफिक नियम तथा रोड सेफ्टी नियमों को जानना बेहद जरूरी है. सभी को प्रयास करना चाहिए कि सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक होकर वाहन चलाएं. उन्होंने कहा कि हेलमेट आपकी सुरक्षा के लिए है इसे केवल फाइन से बचने के लिए उपयोग न करें बल्कि अपने दिनचर्या में ट्रैफिक नियमों को शामिल करें. स्कूल यूनिफार्म में ड्राइव करते हुए पकड़े जाने पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी. सभी बच्चों को 18 वर्ष के बाद लाइसेंस बनाने के पश्चात ही ड्राइविंग करने का सुझाव दिया. साथ ही स्कूल प्रबंधन को सड़क सुरक्षा संबंधित पुस्तक उपलब्ध करवाया गया. सभी को सड़क सुरक्षा की प्रतिज्ञा दिलाई गई.

### झरिया विधायक ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात



**धनबाद।** झारखंड विधानसभा के मॉनसून सत्र के दौरान बुधवार दो अगस्त को झरिया विधायक पूर्णिमा सिंह ने विधानसभा में अवस्थित मुख्यमंत्री कार्यालय में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात किया. विधायक ने झारखंड खनिज क्षेत्र विकास प्राधिकार (झमाडा) की ओर से क्षेत्र के जल उपभोक्ताओं को त्रुटिपूर्ण पानी का बिल देने, बकाया राशि पर सरचार्ज, मूल राशि पर 5 प्रतिशत ब्याज लगाने सहित विभिन्न मुद्दों पर मुख्यमंत्री को अवगत कराया. साथ ही कैंप का आयोजन कर जल उपभोक्ताओं को राहत दिलाने के लिए पानी के बिल की बकाया राशि का किस्तों में भुगतान, विलंब शुल्क और ब्याज की राशि माफ करने का भी आग्रह किया.

### सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट : अंडर 17 में बालिका वर्ग रामगढ़ की टीम फाइनल में



**रामगढ़।** हजारीबाग में चल रही परमंडलीय सुब्रतो कप फुटबॉल टूनार्मेंट के फाइनल में अंडर 17 में बालिका वर्ग में रामगढ़ की टीम पहुंच गई है. टीम 4 अगस्त की हजारीबाग के साथ फाइनल खेलेगी. 7 टीमों के बीच बेहतर प्रदर्शन कर टीम फाइनल में पहुंची है. टीम के साथ रामगढ़ जिला से डॉ सुनील कुमार कश्यप,कमल कुमार महतो,रविंद्र कुमार, मनोज तिर्की, मनोज कुमार, नीतीश कुमार आदि प्रति नियोजित है और बच्चों के हौसला को बढ़ाते रह रहे हैं.

### छेड़खानी के आरोपी को तीन वर्ष का कारावास

**धनबाद।** पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने सुसनीलेवा निवासी कन्हाई मोदक को तीन वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है. बुधवार 2 अगस्त को अदालत ने कन्हाई को अपील के लिए जमानत पर मुक्त करने का निर्देश भी दिया है.

## तैयारी | पीएम मोदी 6 अगस्त को रखेंगे आधारशिला, ऑनलाइन होगा शिलान्यास

# बोकारो रेलवे स्टेशन का होगा कायाकल्प




नवीन मेल संवाददाता

बोकारो। अमृत भारत योजना के तहत 33.5 करोड़ रुपए खर्च कर बोकारो रेलवे स्टेशन का स्वरूप बदलकर और सुविधा संपन्न बनाया जाएगा। इस कार्य का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6 अगस्त को ऑनलाइन करेंगे। शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारी का जायजा लेने 2 अगस्त को आद्रा रेल मंडल प्रबंधक सुमित नरूला पहुचे. उन्होंने रेलवे स्टेशन का निरीक्षण कर अधिकारियों को कार्यक्रम संबंधी कई निर्देश दिए. सुमित नरूला ने कहा कि आद्रा मंडल में बोकारो रेलवे स्टेशन नंबर वन स्टेशन है। अमृत भारत योजना के तहत इस स्टेशन को काफी बेहतर बनाया जाएगा. स्टेशन पर यात्री सुविधा बढ़ाई जाएगी. स्टेशन के साथ मॉल, पार्क के साथ अन्य सुविधा बहाल की जाएगी. वही स्टेशन पर पार्किंग की सुविधा भी बनेगी. स्टेशन के प्लेटफार्म पर लिफ्ट, एस्केलेटर भी लगेंगे। स्टेशन के अंदर लगे रेलवे ट्रैक को सुंदर बनाया जाएगा. सुमित नरूला ने कहा कि बोकारो के एन केबिन से तलगड़िया तक रेलवे लाइन के दोहरीकरण का काम पूरा हो चुका है. उस लेन के रेलवे स्टेशनों को सुंदर बनाया जा रहा है, उम्मीद है कि आने वाले दिनों में पैसेंजर ट्रेने भी चलाई जाएं. मौके पर सीनियर डीसीएम विकास कुमार के साथ बोकारो के एआरएम और रेलवे के अधिकारी मौजूद थे. 6 अगस्त को स्टेशन परिसर में आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम में धनबाद सांसद पीएन सिंह, बोकारो विधायक विरंची नारायण, जिले के डीसी कुलदीप चौधरी, एसपी आलोक प्रियदर्शी के साथ जिले के कई अधिकारी मौजूद रहेंगे. कार्यक्रम स्थल में चार बड़े एलसीडी लगेंगे, ताकि लोग प्रधानमंत्री का उद्बोधन सुन सके. इस कार्यक्रम के लिए शहर के कई स्कूलों के बच्चों को बुलाया गया है.

# आदिवासी संगठन के लोगों ने किया सरकार का पुतला फूंका



नवीन मेल संवाददाता

**रांची/तमाड़।** पांच परगना आदिवासी समाज सहित विभिन्न संगठन के तत्वाधान में समान नागरिक संहिता, यूसीसी, सुभाष मुंडा हत्याकांड, मणिपुर कांड, मध्यप्रदेश में आदिवासी समाज को पेशाब किए जाने के विरोध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह और मणिपुर के मुख्यमंत्री बिरेन सिंह का पुतला दहन और प्रदर्शन किया गया किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा आदिवासी जन परिषद के अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा ने कहा कि जिस प्रकार आदिवासियों पर चौतरफा हमला हो रहा है और समान नागरिक संहिता के नाम पर आदिवासियों के संवैधानिक अधिकार विशेष अधिकार चीनी जा रही है। देश में एकमुश्त अधिकार समाप्त करने का षड्यंत्र का किया जा रहा हैं आदिवासी समाज विरोध करता है। एक तरफ सुभाष मुंडा का हत्या कर अभी तक अपराधियों का गिरफ्तारी नहीं हुआ है इससे पता चलता है कि राज सरकार फेल हैं सरकार नाम की चीज नहीं है अभिलंब सुभाष मुंडा के अपराधियों का गिरफ्तारी नहीं होता है तो जल आंदोलन तेज किया जाएगा। सामाजिक कार्यकर्ता पूरन सिंह मुंडा ने कहा कि आदिवासियों की जमीन जोरों पर लूटी जा रही है और एक तरफ यूसीसी कानून,लाकर आदिवासी जमीन को हड़पने का काम मणिपुर में आदिवासियों के बलात्कार किया जा रहा है मध्यप्रदेश में आदिवासी वक्त साफ किया जा रहा है आदिवासी समाज का पुरजोर विरोध करता है और आने वाले समय में हमेशा जन आंदोलन तेज करते रहेंगे। सामाजिक कार्यकर्ता सहदेव मुंडा ने कहा कि चुन-चुन कर आदिवासी अगुआ सुभाष मुंडा जैसे लोगों की हत्या की जा रही है इससे लगता है कि सरकारी तंत्र समाप्त हो गई है।

# जनमुद्दों को लेकर आजसू ने किया प्रदर्शन



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** आजसू का सरकार के खिलाफ हल्ला बोल, कहा झ 2024 के चुनाव में दिखेगा परिणाम हजारीबाग। आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं ने केरेडारी प्रखंड सह अंचल कार्यालय में बुधवार को हेमंत सरकार और स्थानीय विधायक के खिलाफ भय-भूख, भ्रष्टाचार और बढ़ते अपराध के खिलाफ हल्ला बोल आंदोलन किया. केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार, आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी के नेतृत्व में आजसू केरेडारी प्रखंड कमेटी के कार्यकर्ताओं ने जन समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया. साथ ही सरकार व उसकी कार्यशैली पर हमला बोला. इस दौरान झारखंड सरकार और स्थानीय विधायक के खिलाफ नारेबाजी की गई, फिर अंत में अंचल अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया. हल्ला बोल के दौरान कई कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने आजसू का दामन थामा. इस आंदोलन में बतौर मुख्य अतिथि रोशन लाल चौधरी और विशिष्ट अतिथि के रूप में हजारीबाग जिला अध्यक्ष विकास राणा उपस्थित हुए. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष वैद्यनाथ महतो और संचालन जिला मीडिया प्रभारी दीपक कुमार सिन्हा ने किया. मौके पर रोशन लाल चौधरी ने कहा कि वर्तमान हेमंत सरकार, इनके घटक दल और स्थानीय विधायक की उदासीनता की वजह से ही राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार,भय-भूख, लूट मार, दिनदहाड़े हत्याएं और अनेकों गैर संवैधानिक काम हो रहे हैं. जनता इन समस्यों से परेशान है और सरकार को कोई मतलब नहीं है. कहा कि इसे अनदेखा किया गया तो आजसू सड़क से सदन तक आंदोलन करेगी. 2024 के चुनाव में इसका परिणाम भी देखने को मिलेगा. जिला अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि झारखंड गठन के बाद और उसके पहले भी झामुमो और यूपीए की सरकार की फितरत झारखंडी जनता को राजनीतिक हित के लिए इस्तमाल करने की रही है. जब भी झामुमो व यूपीए की सरकार इस राज्य में बनी है, तब से सिर्फ और सिर्फ लूट और शूट का झारखंड राज्य बन बैठा है. सभा को केंद्रीय सदस्य पंकज साहा, विजय वर्मा, जिला प्रवक्ता रविशंकर जायसवाल, प्रखंड सचिव मोहन महतो, बिनोद सिंह, प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष प्रेमचंद महतो, पूर्व मुखिया लीलाधन साव, महिला प्रखंड अध्यक्ष राधा देवी, बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा, तुलेश्वर राम, नागेश्वर तुरी, प्रमोद कुशवाहा, पंचायत समिति सदस्य देवनारायण महतो ने संबोधित किया.

## हत्या मामले में पुलिस ने दो लोगों को लिया हिरासत में



मृतक का फाइल फोटो।

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** शहर के विकास नगर निवासी एक युवक की मंगलवार रात्रि हत्या का मामला प्रकाश में आया है । इस सम्बन्ध में मृतक पवन यादव के भाई पंकज कुमार यादव ने बताया की मंगलवार की रात्रि 9:30 बजे उनका भाई पवन यादव घर में खाना खाने के उपरांत टहलने के लिए बाहर निकला। बताया की 10:00 बजे तक जब उनका भाई वापस नही लौटा तो वेलोग परेशान हो गए और मोबाइल पर फोन किया। तब उसका मोबाइल स्विच ऑफ मिला। बताया की इसके बाद वेलोग परेशान हो गए और भाई की खोजबीन में लग गए। उन्होंने बताया की इसी दौरान रात्रि 10:45 बजे के आसपास ऐंबुलेंस ड्राइवर द्वारा बताया की एक युवक सदर अस्पताल में भर्ती है। वहां पहुंचकर मिल लीजिये । पंकज कुमार यादव ने बताया की जब वे सदर अस्पताल पहुंचे तब वहां अपने भाई को मृत अवस्था में पाया। पंकज ने बताया की उनके भाई पवन यादव के शरीर में पर चाकू से हमले के निशान हैं और गला भी कटा हुआ है। घटना को लेकर पंकज कुमार यादव ने रामगढ़ थाना में एफआईआर दर्ज करवाया है। जबकि घटना के संबंध में रामगढ़ थाना प्रभारी रोहित कुमार महतो ने बताया की घटना के संबंध में मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया की पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है ।

## अस्पताल कर्मियों ने नव पदस्थापित उपाधीक्षक का सपत्नीक किया स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** वरिष्ठ चिकित्सा पदाधिकारी डॉ प्रकाश ज्ञानी को अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक पद पर पदस्थापित किया गया है. यह पदस्थापन सीएस कार्यालय के आदेशानुसार किया गया है. जानकारी देते हुए बीपीएम नारायण राम ने बताया कि वर्तमान में डॉ ज्ञानी चिकत्सा पदाधिकारी सह प्रभारी उपाधीक्षक के रूप में कार्यरत थे. अब उन्हे स्थाई रूप से स्थानांतरित कर बतौर उपाधीक्षक पदस्थापित किया गया है. उनके इस पदस्थापन से अस्पताल कर्मियों में खुशी है. बुधवार को अस्पताल के चिकित्सको और कर्मियों ने नव पदस्थापित डीएस को उनके कक्ष में उनके पत्नी डॉ संगीता चौधरी के साथ पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया. डॉ ज्ञानी ने बताया कि वह पहले से भी इसकी जिम्मेवारी निभा रहे थे और आगे भी बेहतर तरीको से निभाने का प्रयास करेगे. मरीजों या कर्मियों को कोई दिक्कत नही हो इसका उन्होंने सदैव ध्यान रखा है. अस्पताल में हर संभव सुविधा बहाल करने का प्रयास किया है. उन्होंने बताया कि उनके कार्यकाल में अनुमंडलीय अस्पताल में स्नेक, डॉग बाइट आदि जैसे सभी जीवनरक्षक दवाइयां उपलब्ध है.

## चुनावी समर में कूद सकते हैं पूर्व विधायक सौरभ नारायण सिंह

**हजारीबाग।** हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र से दो बार विधायक रह चुके सौरभ नारायण सिंह एक बार फिर यहां की राजनीति में सक्रिय दिख रहे हैं. पिछले कई वर्षों से सौरभ राजनीतिक गलियारे से गायब थे. मंगलवार को इंडिया गठबंधन के आयोजित एक दिवसीय कार्यक्रम में सौरभ पहुंचे और उन्होंने केंद्र सरकार के खिलाफ जम कर भाषण दिया. कार्यक्रम के बाद सौरभ नारायण सिंह से जब यह पूछा गया कि इतने सालों से आप कहां गायब थे और क्या फिर से सक्रिय राजनीति में हिस्सा लेंगे. इस पर सौरभ नारायण सिंह ने चुटकी लेते हुए कहा कि पार्टी आलाकमान के आदेश का इंतजार किया जा रहा है. पार्टी जो आदेश देगी, उसी के तहत काम किया जाएगा. अगर पार्टी हजारीबाग से उम्मीदवार बनाएगी, तो चुनाव भी लड़ेंगे अगर छत्तीसगढ़ भेजेगी, तो वहां भी जाएंगे.

## सीएमपीडीआइ-नव भारत जागृति केंद्र के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** सीएमपीडीआई और नव भारत जागृति केंद्र हजारीबाग के बीच सीएसआर के तहत प्रायोजित कराने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर हुआ. ताकि चौपारण के लोक नायक जय प्रकाश पारा मेडिकल इंस्टीच्यूट से झारखंड के 20 बेरोजगार युवक-युवतियों को ऑप्थेलमिक असिस्टेंट में मान्यता प्राप्त 2 वर्षीय डिप्लोमा कोर्स कराया जा सके. सीएमपीडीआई की सीएसआर पहल के तहत लाभान्वित छात्रों का यह दूसरा बैच है. इससे पहले अगस्त 2022 में सीएमपीडीआई ने वित्त वर्ष 2022-24 में 20 छात्रों को ऑप्थेलमिक असिस्टेंट में डिप्लोमा कोर्स प्रायोजित कराने के लिए एनबीजेके के साथ एमओए पर हस्ताक्षर किया गया था. सीएमपीडीआई के महाप्रबंधक (एचआरडी/सीएसआर) आरके महापात्रा और नव भारत जागृति केंद्र के सचिव सतीश गिरजा के बीच इस समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया गया. सीएमपीडीआई ने इस परियोजना के निमित्त सीएसआर के तहत वित्त वर्ष 2023-25 में 32 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की है. इस समझौता ज्ञापन के तहत लोक नायक जय प्रकाश पारा मेडिकल इंस्टीच्यूट में झारखंड के 20 युवाओं को ऑप्थेलमिक असिस्टेंट में मान्यता प्राप्त 2 वर्षीय डिप्लोमा कोर्स पूरी तरह निःशुल्क करवाया जायेगा और 75 प्रतिशत छात्रावास शुल्क मुहैया कराया जायेगा. चयन प्रक्रिया में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति / ओबीसी / सामाजिक रूप से पिछड़े वर्ग व अन्य उम्मीदवारों को प्राथमिकता प्रदान की जायेगी.

## बरही में अलग-अलग सड़क हादसों में दो की मौत



डॉ एसबी सिंह (कृषि

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** बुधवार का दिन बरही प्रखंड के लिए शोक से भरा रहा. एक ही दिन विजैया सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के कैशियर विवेक कुजुर और बिरसा कृषि बीज अनुसंधान केंद्र गौरियाकरमा के कृषि वैज्ञानिक डॉ एसबी सिंह की मौत की खबर से पूरा क्षेत्र मर्माहत है. पहली घटना सुबह करीब दस बजे की है. सीबीआई के कैशियर हजारीबाग की ओर से अपनी बाईक संख्या जेएच 01ईयु 3405 आ रहे थे. इसी क्रम में उनकी बाईक हजारीबाग रोड प्रखंड गेट के करीब सड़क के किनारे खड़े ट्रक से टकरा गया. जिसमे वह बुरी तरह घायल हो गए, उनके सर और नाक से खून बहने लगा. स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया. मृतक के पास से प्राप्त आधार कार्ड के आधार पर वह रांची जिला अंर्तगत नामकुम थाना लोवाडीह नीचे कोचा टोला के तीसरी गली के बीरबल कुजुर के पुत्र थे. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेजते हुए परिजनों को सूचना दे दिया है. वही दूसरी घटना भी करीब ग्यारह बजे की बताई गई है. जानकारी के अनुसार कृषि वैज्ञानिक हजारीबाग शिवदयाल नगर स्थित अपने निवास से बिरसा कृषि बीज अनुसंधान केंद्र गौरियाकरमा के लिए अपनी सूमो गाड़ी स्वय ड्राइव कर निकले थे. इसी दौरान इटखोरी बोल दाऊजी नगर पुल के समीप बाइक बचाने के क्रम में उनकी गाड़ी पुल से नीचे गिर गई. जिससे वह स्वयं गाड़ी के नीचे दब गए और घटनास्थल पर ही मौत हो गई. जानकारी मिलते ही अनुसंधान केंद्र के अधिकारी और कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे. पुलिस की मदद से शव को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेजा गया. डॉ सिंह बिहार के बलिया जिले के रहने वाले थे. जो पिछले 2005 से बिरसा कृषि बीज अनुसंधान केंद्र गोरिया करमा ने कार्यरत थे. उन्होंने अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र और एक पुत्री छोड़ गए है.

## नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन संपन्न, शिलाड़ीह बना विजेता



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के शिलाड़ीह पंचायत में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन शिलाड़ीह पंचायत के मुखिया निजाम अंसारी ने फीता काटकर व बैटिंग कर किया।मैच में मुख्य रूप बरकट्ठा,शिलाड़ीह, बनवारी, गोरहर, लगनवां, सरिया, केसवारी आदि स्थानों के खिलाड़ियो ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला में शिलाड़ीह ने गोरहर को पराजित किया। जिसके पश्चात शिलाड़ीह को प्रथम पुरस्कार के रुप में नगद ?6000 और उपविजेता गोरहर को द्वितीय पुरस्कार के रुप में ?3000 दिया गया।वहीं मुखिया निजाम अंसारी ने कहा कि इस प्रकार के खेल का आयोजन होने से आपसी सद्भावना बढ़ती है। साथ ही साथ लोगों का शारीरिक और मानसिक विकास होता है।मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण और दर्शक उपस्थित थे।

## तीन दिवसीय शिक्षक उन्मुखीकरण कार्यशाला शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, मुकुंदगंज के बहुउद्देशीय प्रशाल में बुधवार को तीन दिवसीय शिक्षक उन्मुखीकरण कार्यशाला की शुरूआत हुई. उद्घाटन बतौर रिसोर्स पर्सन हिन्दू प्लस टू हाई स्कूल से सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. रमेश कुमार सिंह ने किया. उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में भी शिक्षक की प्रासंगिकता कम नहीं हुई है. शिक्षक आज भी आधुनिक तकनीक के माध्यम से विद्यार्थियों को ज्ञान बांट रहे हैं. डॉ. सिंह ने शिक्षकों को वर्गकक्ष के प्रबंधन और पठन-पाठन की तकनीक का पाठ पढ़ाते हुए शिक्षक व विद्यार्थी केंद्रित शिक्षा और इंटरेक्टिव शिक्षण से अवगत कराया. उन्होंने वर्तमान शिक्षा प्रणाली में इंटरेक्टिव शिक्षण को सबसे बेहतर माध्यम बताया. कहा कि नई शिक्षा नीति में क्षेत्रीय भाषा पर जोर एक बेहतर पहल है. डॉ. रमेश कुमार सिंह मैनेजमेंट ऑफ क्लास रूम विद डिफरेंट टेक्निक्स ऑफ टीचिंग एंड लर्निंग पर आयोजित कार्यशाला में प्रशिक्षुओं को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि शिक्षक बनने के लिए कम्युनिकेशन स्किल का होना जरूरी है. चूंकि, आज शिक्षण में आधुनिक तकनीक यथा, कंप्यूटर, प्रोजेक्टर, इंटरेक्टिव बोर्ड, टेप रिकॉर्डर, विजुलाइजर, मोबाइल व टेबलेट आदि का इस्तेमाल हो रहा है. ये माध्यम शिक्षण को आसान बनाते हैं. टेक्नोलॉजी का उपयोग करने की सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि सरकार के ई-लर्निंग, ई-लाइब्रेरी, ई-पाठशाला आदि तकनीक शिक्षण में विशेष उपयोगी हैं. कोरोना काल में इनकी उपयोगिता साबित भी हो चुकी है. इससे पूर्व महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव मिथिलेश मिश्र ने शॉल भेंट कर मुख्य अतिथि को सम्मानित किया. मंच संचालन सहायक प्राध्यापिका कुमारी अंजलि और धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य डॉ. अरविंद कुमार यादव ने किया. कार्यशाला में सहायक प्राध्यापिका डॉ. बसुंधरा कुमारी, महेश प्रसाद, पुष्पा कुमारी, दीपमाला, रचना कुमारी, गुलशन कुमार, परमेश्वर यादव, कनकलता, एसएस मैती, जगेश्वर रजक, दशरथ कुमार, अनिल कुमार, कश्यप कुणाल, संदीप खलखो, दिलीप कुमार सिंह, संदीप कुमार सिन्हा शामिल रहे.

## नप उपाध्यक्ष ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**रामगढ़।** नगर परिषद क्षेत्र के बोंगावार में 100 केवीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो के द्वारा विधिवत रूप से नारियल फोड़ कर एवं फीता काटकर किया गया। उद्घाटन करते हुए मनोज कुमार महतो ने बताया कि कुछ दिन पूर्व ट्रांसफार्मर जल जाने से उन सबको काफी परेशानी हो रही थी। जिसकी जानकारी मिलते ही बिजली विभाग के अधिकारियों से बात कर नया ट्रांसफार्मर लगवाया गया । नया ट्रांसफार्मर लगने से बोंगावार के लोग काफी खुश हैं । ट्रांसफार्मर उद्घाटन के लिए बोंगावार पहुंचने पर नगर परिषद उपाध्यक्ष का लोगों जोरदार स्वागत किया गया। मौके पर वार्ड पार्षद हेमनी देवी,जयकिशोर महतो,राजू प्रजापति,शिक्षक रवि साहू,राजेश राम,कुलेश्वर प्रजापति,सचिन प्रजापति,देवांती देवी,शंकर महतो,महेन्द्र महतो,जीवन कुमार आदि उपस्थित थे।

## बरकट्ठा और पदमा पावर स्टेशन की मेंटेनेंश को लेकर आज 10 से 4 बजे तक बिजली बाधित

**बरकट्ठा।** बरकट्ठा और पदमा पावर स्टेशन की 33 केवीए मेंटेनेंस को लेकर गुरुवार को 10 से 4 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इसकी जानकारी बरही सहायक विद्युत अभियंता सत्य देव कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि बरसात के मौसम में विद्युत सुचारू रूप से लोगों को मिले इसके लिए गुरुवार को 10 से 4 बजे शाम तक बरकट्ठा और पदमा ब्लॉक के 33 केवी मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। इसलिए बरकट्ठा और पदमा में छह घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

## रामगढ़ : डीसी की बैठक में डीएमएफटी योजनाओं के 150 प्रस्ताव पर चर्चा

**रामगढ़।** डीएमएफटी के तहत चल रहे विकास कार्यों व नई योजनाओं के चयन को लेकर बुधवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई. इसमें 150 योजनाओं के प्रस्ताव पर चर्चा हुई. विभागवार समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने योजनाओं के क्रियान्वयन के दौरान गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने और किसी भी हालत में डुप्लीकेसी नहीं होने देने का निर्देश दिया. योजनाबद्ध तरीके से कार्य करते हुए ससमय योजनाओं को पूरा करने का निर्देश अधिकारियों को दिया. उपायुक्त ने विकास कार्यों से संबंधित टेंडर प्रकाशित करने के दौरान निर्धारित दिशा निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन करने को कहा. उपायुक्त ने रामगढ़ जिले के लिए ऑनलाइन ऐसेट रजिस्टर निर्मित करने व ऑनलाइन ऐसेट रजिस्टर के माध्यम से योजनाओं की जियो टैगिंग के निर्देश दिए. बैठक में डीएमएफटी टीम द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधियों, विभागों व अधिकारियों द्वारा नई योजनाओं व विकास कार्यों के लिए भेजे गए प्रस्ताव को उपायुक्त के समक्ष रखा गया.

**दिशा-निर्देश** रामगढ़ में आगामी स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर डीसी ने की बैठक

# पूर्वाभ्यास कर कार्यक्रम के दिन पूरी तरह तैयार रहें : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** आगामी स्वतंत्रता दिवस के आयोजन को लेकर बुधवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा स्वतंत्रता दिवस के आयोजन हेतु की जा रही तैयारियों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए सिद्धू कान्हू मैदान को तैयार करने एवं मैदान में सभी तरह की मूलभूत सुविधाएं यथा परेड, मंच, अतिथियों के बैठने आदि की व्यवस्था करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने परेड एवं बैंड प्रस्तुति में भाग लेने वाले सभी पुलिस बल, एनसीसी व छात्र-छात्राओं के लिए पूर्व अभ्यास के दौरान मैदान में मूलभूत सुविधाएं, चिकित्सा सेवाएं व अल्पहार आदि की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम सहित अन्य कार्यक्रमों के दौरान राधा गोविंद उच्च विद्यालय रामगढ़ एवं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय रामगढ़ की छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय गाना गाया जाएगा। इसके लिए उपायुक्त ने पूर्व अभ्यास कर कार्यक्रम के दिन पूरी तरह से तैयार रहने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी मद्यशालाओं एवं वधशालाओं को दिनांक 14 अगस्त 2023 के रात्रि 12:00 से 15 अगस्त 2023 की रात्रि 12:00 बजे तक बंद रखने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश सहायक आयुक्त उत्पाद एवं कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद रामगढ़ को दिया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सिद्धू कान्हू स्टेडियम में आयोजित राजकीय समारोह के वेबकास्टिंग के मद्देनजर उपायुक्त ने जिला जनसंपर्क पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने परेड पूर्वाभ्यास व मुख्य कार्यक्रम के आयोजन के दिन चिकित्सा दल एवं एंबुलेंस की व्यवस्था कर किसी भी तरह की आकस्मिक परिस्थिति के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया। स्वतंत्रता दिवस के दिन शहर में बड़े वाहनों का प्रवेश सुबह 8:00 बजे से अपराहन 12:00 बजे तक वर्जित रहेगा इसका अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी को दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को उनके उनके क्षेत्रों में स्थित महापुरुषों, स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमा कि साफ-सफाई व उन पर माल्यार्पण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रामगढ़ जिले के विकास में बेहतरीन कार्य करने वाले लोगों, संस्थाओं, अधिकारियों, कर्मियों आदि को सम्मानित करने को लेकर अधिकारियों से चर्चा के क्रम में आवश्यक निर्देश दिए। गौरतलब है कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उपायुक्त के गोपनीय शाखा में प्रातः 8:15, सिद्धू कान्हू स्टेडियम में राजकीय समारोह प्रातः 9:05, उपायुक्त कार्यालय ब्लॉक ए में 10:00 बजे, पुलिस अधीक्षक कार्यालय ब्लॉक सी में 10:05, उप विकास आयुक्त कार्यालय ब्लॉक बी में 10:10 बजे अनुमंडल कार्यालय में 10:50 बजे, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में 10:55 बजे एवं पुलिस लाइन रामगढ़ में 11:10 बजे झंडा फहराया जाएगा।

# कोडरमा : केआरएसवीएम में वैज्ञानिक गतिविधियों से रूबरू हुए बच्चे



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** महात्मा गांधी नगर स्थित कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर में विगत 25 जुलाई से चल रहे विज्ञान सप्ताह का समापन आज कई प्रतियोगिताओं के साथ किया गया। समापन सत्र में विद्यालय के कई पूर्व-छात्र रौनी कुमार छाबड़ा, रितेश कुमार, रवि मिश्रा आदि की गरिमामय उपस्थिति रही, वंदना सभा में पूर्व छात्रों ने अपनी भूली बिसरी यादों को भैया बहनों के समक्ष रखा और उन्हें मार्गदर्शन करने का भी काम किया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों के द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन के साथ किया गया, मां सरस्वती के वंदना के पश्चात उपस्थित अतिथियों का परिचय पूर्व छात्र प्रमुख आचार्य रामानुज पांडे जी के द्वारा कराया गया ।कार्यक्रम में डॉ प्रफुल्ल चंद्र राय के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विद्यालय के विज्ञान आचार्य विपिन कुमार डे ने विस्तार पूर्वक बताया, बहन अनन्या के द्वारा भी डॉ प्रफुल्ल चंद्र राय के बारे में विचार रखा गया। आज के इस समापन दिवस में विद्यालय में पूर्व से निर्धारित कई कार्यक्रम जैसे विज्ञान प्रश्न मंच प्रतियोगिता ,कंप्यूटर कॉर्नर आदि को सफलतापूर्वक आयोजित किया गया ।आज के ही मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नारायण सिंह ,सचिव अनुराग सिंह, कोषाध्यक्ष नवल कुमार, वरिष्ठ आचार्य मनोज कुमार सिंह तथा मुन्ना सिंह जी के द्वारा विद्यालय परिसर में फलदार पौधे का रोपण भी किया गया ।संपूर्ण कार्यक्रम के संदर्भ में विद्यालय के प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहु ने अपने वक्तव्य में कहा कि पूरा एक सप्ताह विद्यालय के सभी भैया बहन विज्ञान विषय में रूचि लेते हुए तन्मयता से कुछ न कुछ गतिविधि को स्वरूप प्रदान किए हैं। इस एक सप्ताह के कार्यक्रम के माध्यम से अपने प्राचीन ऋषि तुल्य भारतीय वैज्ञानिकों के जीवनी पर भैया बहनों को विस्तार पूर्वक बताया गया, पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से पौधे का वितरण तथा उसके औषधीय गुणों की जानकारी समाज के बीच रखने का प्रयास किया गया ,साथ ही प्ले ग्रुप के भैया बहनों के बीच हरित दिवस का भी आयोजन किया गया । कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी कर्मचारी आचार्य बंधु- भगिनी एवं समाज के लोगों का भी सकारात्मक सहयोग प्राप्त हुआ। मौके पर विद्यालय आचार्य प्रदीप कुमार, नीरज कुमार सिंह, धीरज कुमार पांडे , विज्ञान प्रमुख उमाशंकर कुमार, दीपक विश्वकर्मा ,वीरेंद्र प्रसाद, संजय कुमार महतो ,विजय तिवारी ,वीरेंद्र मिश्रा, प्रभात सौरभ ,पवन कुमार शर्मा, कुमारी रानी प्रसाद ,अर्चना सिन्हा, अनिता कुमारी ,श्वेता श्रीवास्तव, शर्मिष्ठा साहा, सोनी कुमारी ,चंद्र कावेरी निहाल ,रिमझिम सिंह तथा मोनिका कुमारी ,आदि सभी आचार्य एंव दीदी जी उपस्थित रहे।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में 'देश और रेलवे में क्या अच्छा हो रहा है' पर विविध प्रतियोगिता



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में रेलवे विभाग के द्वारा बुधवार को देश और रेलवे में क्या-क्या अच्छा हो रहा है विषय पर भाषण, निबंध और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर रेलवे के चीफ ओएस दिगंत दत्ता और ओएस सीके निराला विशेष रूप से मौजूद थे। विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार ने उनका स्वागत किया। प्रतियोगिता का संचालन एकेडमिक कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार ने किया। इस मौके पर एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद शर्मा ने रेलवे की इस पहल को सराहा और कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में देश और रेलवे के प्रति समझ बढ़ेगी। भाषण में वर्षा रानी, गौरव राज, पीयूष कुमार, इशिका सिंह, तनीषा शर्मा, वीरेंद्र कुमार, मयंक पांडेय, निशु कुमारी, राखी कुमारी, वंदना कुमारी, घटिका जैन, कौशांबी मालवा, खुशी कुमारी सिंह, एंजेल भारती और आराध्या जायसवाल समेत अन्य बच्चों ने अपने विचार रखे। बच्चों ने रेलवे की उपलब्धियों में चिनाव नदी पर बना रेलवे के बड़े पुल और वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का उल्लेख किया इसे देश जे विकास में महत्तवर्ण बताया। बच्चों ने कहा कि रेलवे ही एक ऐसा विभाग है जो कभी-कभी घाटे में चल कर भी यात्रियों को लाभ पहुंचाता है। बच्चों ने कहा कि देश में यातायात के कई साधन हैं, किंतु रेलवे सबसे सरल, सस्ते और सुरक्षित यात्रा कराती है। रेलवे की मेट्रो सेवा एक बड़ी उपलब्धि है। शहर की ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त हो या ना हो, यात्रियों को मेट्रो रेलवे सस्ती और सुरक्षित यात्रा कराकर गंतव्य तक पहुंचाती है। देश के विकास में बच्चों ने रेलवे के योगदान को न भुलाए जाने की बात कही। वहीं रेलवे के अधिकारी द्वय ने भी बच्चों की प्रस्तुतियों को सराहा। इस मौके पर आशुतोष कुमार गौतम के अलावा कई बच्चे मौजूद थे।

## डीसी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक, बोले

# बच्चों का पंजीकरण तेज करें



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में दिनांक 14.07.2023 से 14.08.2023 तक चलने वाले जन्म-मृत्यु निबंधन से संबंधित विशेष अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय टास्क फोर्स का बैठक आयोजित हुई। उपायुक्त ने बैठक में जिला स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा विशेष अभियान के क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा की। जिन प्रखंडों में अभियान के दौरान आवेदन कम मात्रा में प्राप्त हुई है, उस प्रखंड को चिन्हित कर कार्यक्रम को गतिशील बनाने का निर्देश दिया। इस विशेष अभियान को सफल बनाने हेतु व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार करने की बात कहीं। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत सभी सी.एच.सी., पी.एच.सी., सदर, रेफरल अस्पताल में विगत पांच वर्षों से जन्मे हुए बच्चों का सहिया द्वारा सर्वेक्षण का अपंजीकृत बच्चों का पंजीकृत कराने हेतु निर्देश दिया। उन्होंने समाज कल्याण विभाग अंतर्गत सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं से पांच वर्ष आयु तक के बच्चों का सर्वेक्षण कर पंजीकृत कराने की बात कहीं। नामांकन पंजी के आधार पर प्रधानाध्यापक द्वारा अपंजीकृत बच्चों को पंजीकृत कराने हेतु शिक्षा विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी महेंद्र कुमार को विलंबित जन्म एवं मृत्यु प्रमाण हेतु निबंधन जो एक वर्ष से ऊपर का हो उसे ससमय निष्पादन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने जिला पंचायती राज विभाग अंतर्गत सभी पंचायत सेवक को अभियान के सफल संचालन हेतु आवश्यक निर्देश दिया। तथा कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद अंतर्गत शहरी क्षेत्र का शत प्रतिशत लोगों का निबंधन सुनिश्चित कराने की बात कहीं। उन्होंने यूनिसेफ संस्था को अपने स्तर से प्रचार-प्रसार में सहयोग करने का निर्देश दिया। इसके अलावा अन्य महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी महेंद्र कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मो शहजाद परवेज, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी मुकेश कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक विनोद कुमार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रदीप कुमार एवं अन्य उपस्थित थे।

## भाविप ने स्कूली बच्चों के बीच बांटे कॉपी और कलम

**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** गांधी उच्च विद्यालय में भारत विकास परिषद के द्वारा विधार्थियों के बीच निःशुल्क नोट बुक और कलम का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व क्षेत्रीय सचिव श्री राम रतन महर्षि द्वारा की गई।भारत विकास परिषद के समर्पित सदस्यों की उपस्थिति में इस पावन पहल को कैलाश राणा जी के संचालन में अमली जामा पहनाया गया । इस कार्यक्रम में बिनोद कुमार बर्नवाल ने मुख्य दान कर्ता की भूमिका अदा करते हुए विद्यालय में उपस्थित तमाम बच्चों के बीच नोट बुक और कलम का वितरण किया ।बच्चे सभी लोगों से आशीर्वाद रूप सरस्वती का प्रतीक कलम कॉपी पाकर बेहद आह्लादित हो उठे। भारत विकास परिषद की अनूठी पहल से लगातार विद्यालय लाभान्वित होता आ रहा है ।प्रायः बच्चों के बीच भारत विकास परिषद के सदस्य उपस्थित होकर उनका उत्साह वर्धन करते आ रहे हैं । परिषद के अध्यक्ष श्री राम रतन महर्षि ने बच्चों को अपने उद्बोधन में बताया कि विद्यालय के बच्चे यदि अनुशासन के दायरे में रह कर पढ़ाई और विद्यालय सेवा करते रहेंगे तो उनके तमाम स्नकल्पित सदस्यों द्वारा उनके कष्टों का निवारण होता रहेगा ।बच्चे पढ़ लिख कर इतना योग्य अवश्य बने ताकि वे भी भविष्य में हमारे देश और समाज का एक समर्थ ,संपन्न नागरिक बन सकें और जब वे आत्म निर्भर हों तो उनका जीवन भी समाज के हर तबके के लोगों के लिए कल्याणकारी साबित हो सके ।हाल में ही भारत विकास परिषद के एक बेहद समर्पित सदस्य द्वारा विद्यालय के बच्चों को गर्मी से तर बतर देख 4 पंखे उपहार स्वरूप संजय अग्रवाल जी के द्वारा भेंट दिया ।

## विश्व हिंदू परिषद की बैठक में कई बातों पर चर्चा

**मरकच्चो/कोडरमा।** विश्व हिंदू परिषद मरकच्चो प्रखंड एवं प्रखंड के सभी पंचायतों की सम्मिलित बैठक पसियाडीह पंचायत में हुई। बैठक में सभी पंचायत के सैकड़ों कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष विद्यासागर पासवान एवं संचालन बजरंग दल संयोजक अनुपम हलधर ने किया। बैठक में जिला मंत्री पंकज दुबे ने सभी नवनियुक्त पंचायत पदाधिकारियों की घोषणा करते हुए उसके अधिकार एवं दायित्वों का बोध के साथ-साथ विश्व हिंदू परिषद के कार्य पद्धति, सनातनधर्म के अंतर्गत मठ मंदिर,गौ रक्षा, लव जिहाद, धर्मांतरण एवं परावर्तन जैसे ज्वलंत मुद्दों पर वहां उपस्थित लोगों को अवगत कराया। मौके पर उपस्थित नवनियुक्त हजारीबाग विभाग मंत्री अनूप यादव ने हिंदू धर्म का इतिहास ,बलिदान, राम मंदिर के निर्माण संबंधित संघर्ष, आगामी देशव्यापी प्रमुख कार्यक्रम, स्थापना दिवस अखंड भारत संकल्प दिवस जैसे विषयों पर अपना विचार रखते हुए वहां अधिक से अधिक लोगों को प्रमुखता से संगठन में जोड़ने पर बल दिया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष कृष्णा मोदी के साथ साथ सभी नवनियुक्त 15 पंचायत के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# 6 अगस्त को प्रधानमंत्री मोदी रखेंगे अमृत भारत स्टेशनों की आधारशिला

**धनबाद रेल मंडल के कोडरमा सहित कई स्टेशनों पर रेलवे ने कार्यक्रम को लेकर तैयारी की शुरू**



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 6 अगस्त को अमृत भारत स्टेशनों को उपहार देने जा रहे है। भारतीय रेलवे ने 1275 स्टेशनों को अमृतभारत योजना के लिए चयनित किया गया है। जिसमें चिन्हित स्टेशनों के पहले फेज में स्टेशनों की आधारशीला रखेगें। शिलान्यास समारोह को लेकर रेलवे ने अपनी तैयारी तेज कर दी है। एक ही स्थल से प्रधानमंत्री सभी स्टेशनों की आधारशिला रखेगें। अभी आधारशीला स्थल का चयन तय नहीं हुआ है लेकिन प्रथम चरण के चुनिंदे स्टेशनों का शिलान्यास को लेकर पूर्व मध्य रेलवे ने भी तैयारी शुरू कर दी है। पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर के सीपीआरओ बिरेन्द्र कुमार ने रविवार को दुरभाष पर बताया कि पूर्व मध्य रेलवे को 5 रेल मंडल धनबाद समस्तीपुर, दानापुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय एवं हाजीपुर के 55 स्टेशनों को इसके लिए चयनित किया गया है। अमृत भारत योजना के तहत प्रधानमंत्री पहले चरण के स्टेशनों को वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिये पुर्नविकास कार्यक्रम के तहत शिलान्यास करेगें। इधर धनबाद के एक अधिकारी ने दूरभाष पर बताया कि धनबाद रेलमंडल के धनबाद , कोडरमा सहित महत्वपूर्ण स्टेशनों पर कार्यक्रम का आयोजन 6 अगस्त को करने के लिए दिशाा निर्देश जारी कर दिया है। कोडरमा स्टेशन पर भी कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसमें सांसद विधायक के अलावा समाजिक गैर सामाजिक संगठन चिकित्सक प्रशासनिक पदाधिकारी जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जा रहा है। जोकि कार्यक्रम की साक्षी बनेगें स्टेशन परिसर पर ऑनलाइन प्रसारण का व्यवस्था की जायेगी। बताया कि धनबाद रेल मंडल के 15 स्टेशनों के लिए लगभग 250 करोड रुपए का आवंटन हुआ है। इसमें कोडरमा स्टेशन में 25 करोड से अधिक की राशि पुनः विकास के लिए खच की जायेगी जो कि अगले 50 वर्ष 2265 तक के आवश्यकताआं को ध्यान में रखते कार्य किये जायेगे। अधिकारी ने बताया कि 6 अगस्त के पूर्व केन्द्रीय विद्यालयों में पेटिंग प्रतियोगिता का आयोजन व विविध कार्यक्रम के आयोजन कराया जायेगा।

**मांगें पूरी हो** — भाजयुमो ने की सीटेट पास छात्रों को नौकरी में अवसर देने की मांग

# झारखंड नियोजन नीति को लेकर निकाला मशाल जुलूस



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** झुमरी तिलैया में दो अगस्त को भारतीय जनता युवा मोर्चा कोडरमा जिला के जिलाध्यक्ष सूरज प्रताप मेहता के अध्यक्षता में पूर्व विधायक विश्व नाथ चौक से लेकर स्थानीय झण्डा चौक तक स्थानीय नीति, नियोजन नीति और सीटेट उत्तीर्ण झारखंड के मेधावी आदिवासी-मूलवासी बेरोजगारों को शिक्षक नियुक्ति में अवसर देने की मांग को लेकर मशाल जुलूस निकाला गया। जहां भाजपा कोडरमा जिला के जिलाध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी ने कहा झारखंड सरकार निकम्मी है जो अबतक स्थानीय नियोजन नीति को स्पष्ट नहीं कर पा रही हैं। हेमंत सोरेन ने जितने भी वादे किए हैं सिर्फ कोरे वादे हैं उन्होंने एक भी वादे पूरे नहीं किए हैं जिसे कहकर वह सत्ता पर आएं है। जिला महामंत्री अनूप जोशी ने कहा हेमंत सोरेन वादाखिलाफी कर जनता को गुमराह किया है। झारखंड की जनता खासकर आदिवासी यहां ठगा हुआ महसूस कर रहा है। भाजपा के वरीय नेता रमेश हर्षधर ने कहा कि सरकार के द्वारा घोषणा किया गया कि बेरोजगारों के रोजगार मुहैया करवाना सरकार की पहली प्राथमिकता होगी! वहीं मजदूर यूनियन संघ के वरीय नेता माणिक चंद सेठ ने कहा हेमंत सोरेन की सरकार गठबंधन नहीं ठगबंधन की सरकार है ! कोडरमा नगर अध्यक्ष अध्यक्ष नरेंद्र पाल ने सरकार के जनविरोधी नीतियों का विरोध किया। जहां भाजपा कोडरमा ग्रामीण मण्डल के मण्डल अध्यक्ष दिनेश सिंह ने कहा की सत्ता रूढ़ पार्टी सिर्फ खोखले दावे करके झारखण्ड की जनता को गुमराह करने का भरपूर कार्य किया है। वहीं भाजपा नगर मंडल के मण्डल महामंत्री संजय शर्मा नवीन चौधरी निरंजन कसेरा सुमित चंद्रवंशी राजेश वर्मा विजय यादव ने अपने अपने विचार को व्यक्त किया। जहां भाजयुमो कोडरमा जिला के जिला मिडिया प्रभारी विनय शांडिल्य ने कहा कि आगामी चुनावों में भाजपा की सरकार बननी तय समझा जाता है। वहीं भाजयुमो कोडरमा जिला के जिला सोशल मीडिया प्रभारी राजा यादव भाजयुमो झुमरी तिलैया नगर मंडल के मंडल महामंत्री सोनू चंद्रवंशी, भाजयुमो झुमरी तिलैया कार्यकारिणी समिति सदस्य प्रभाकर पाण्डेय विवेक पांडेय,धीरज यादव कुन्दन गिरि, सागर खान महताब खान आदि सैकड़ों कार्यकताओं के मुख्यमंत्री मुदार्बाद के नारों से झंडा चौक पर सभा की समाप्ति की घोषणा की गई।

## घर में सेंधमारी कर नगदी सहित लाखों रुपए के जेवरात चोर ले उड़े, पुलिस छानबीन में जुटी

**कुरडेग।** थाना क्षेत्र के कुटमाकच्छार में चोरों ने सेंधमारी कर एक घर में से नकदी सहित लाखों रुपये के जेवरात ले उड़े। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, कुरडेग थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुटमाकच्छार निवासी वीरेंद्र बड़ाईक के घर मंगलवार की रात घर के पीछे वाले दरवाजे को तोड़कर चोरों ने अंदर धावा बोला। पीड़ित के वक्तव्य अनुसार आलमारी में रखे पचास हजार रुपये नकद समेत लगभग दस लाख रुपये कीमत का जेवरात पार कर दिया। वहीं प्रत्येक कमरे के बक्से एवं अलमिरा के लॉक तोड़कर सारे सामानों को इधर उधर फेंका गया है। वहीं घर पर अन्य कई कीमती सामान थे लेकिन चोरों ने पैसे एवं जेवरात के अलावा किसी अन्य वस्तुओं को नहीं चुराया है। ज्ञात हो की पीड़ित परिवार बराबर छत्तीसगढ़ के जशपुर में रहता है लेकिन यहाँ उनका आना जाना लगा रहता है बीती रात भी घर में कोई मौजूद नहीं थे। मामले पर ग्रामीणों ने बताया की रात में एक दो बार कुछ तेज आवाजें आई लेकिन तुरंत आवाज रुक जाने के कारण किसी ने उधर ध्यान नहीं दिया। वहीं सुबह उठकर देखते हैं की छत के उपर का दरवाजा खुला हुआ है तब बिरेंद्र बड़ाईक को एवं स्थानीय पुलिस को फोन कर जानकारी दी गई। जानकारी मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुँचकर जांच में जुट गई है वहीं फॉरेंसिक टीम द्वारा भी घर में तथ्यों की जांच की जा रही है।

## सनसनी : सूटकेस में बंद मिला युवक का शव

**जलडेगा।** थाना क्षेत्र के मामा भगीना पिंडा पथल जंगल के पास नीले रंग के ट्रॉली बैग में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दी। और पुलिस की टीम जांच पड़ताल में जुट गई है। मरने वाले की उम्र करीब 30-35 वर्ष बताई जा रही है लेकिन अभी उसकी पहचान नहीं हो पायी है। मृतक के शरीर पर कई जगह चोट के निशान मिले है जिससे संभावना जताई गई है कि युवक की बड़ी बेरहमी से हत्या की गई होगी। मृतक के गर्दन में दो अलग अलग कपड़े बंधे हुए हैं और दोनों हाथों को बांधा गया है।जानकारी के अनुसार जलडेगा थाना क्षेत्र के टिनगिना पंचायत एवं लम्बोई पंचायत के सीमा पर पिंडा पथल नामक जगह में चरवाहों को बुधवार करीब 12 बजे के आस पास नीले रंग का एक ट्रॉली शूटकेस पड़ा दिखाई दिया था। आस पास दुर्गंध के बाद लोगों ने इसकी सूचना जलडेगा पुलिस को दी। मौके पर एसआई बीरेंद्र शर्मा,धीरज उरांव,टिनगिना मुखिया कल्याण गुड़िया सहित पुलिस के जवान मौजूद थे।

## सिमडेगा के नव पदस्थापित सीएस अजीत खलखो ने किया पदभार ग्रहण

**सिमडेगा।** सिमडेगा के नव पदस्थापित सिविल सर्जन अजीत खलखो ने बुधवार को सिमडेगा सिविल सर्जन कार्यालय पहुंचकर पदभार ग्रहण किया इस मौके पर तत्कालीन सिविल सर्जन डॉ नवल कुमार द्वारा उन्हें पदभार सौंपा पदभार पहुंचने के पश्चात मीडिया को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सिमडेगा में स्वास्थ्य विभाग के कार्यों को तथा स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने का कार्य किया जाएगा उन्होंने कहा कि जिले में स्वास्थ्य संबंधित जो भी कमी है उसे पूरा करने की पहली प्राथमिकता होगी उन्होंने कहा कि विभागीय पत्राचार करते हुए डॉक्टरों की कमी को पूरा करने का भरसक प्रयास किया जाएगा उन्होंने कहा है कि यहां के लोगों के साथ सामंजस्य स्थापित करते हुए सिमडेगा में स्वास्थ्य सुविधा को पूरे राज्य में अग्रणी बनाने का कार्य किया जाएगा। वही पदभार करने के पश्चात उन्होंने सदर अस्पताल सिमडेगा पहुंचकर विभिन्न कार्यालय एवं विभिन्न वार्ड पहुंचकर निरीक्षण करते हुए मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी हासिल की मौके पर मुख्य रुप से जिला यक्ष्मा पदाधिकारी पदम प्रकाश शाह उपाधीक्षक डॉ राजेश कुमार मैनेजर अलका कुल्लु एवं सदर अस्पताल के कर्मी उपस्थित थे।

## हाइवा की चपेट में आने से युवक की मौत

**कोडरमा।** सतगावां थाना क्षेत्र के दर्शन नाला के पास अज्ञात हाइवा की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गयी. मृतक की पहचान मरोई गांव निवासी पंकज कुमार (26 वर्ष) के रूप में हुई है. पंकज मिट्टी का बर्तन बनाता था. आज बुधवार की सुबह पंकज मिट्टी से बने चाय के प्याले को बस में चढ़ाने जा रहा था. तभी वह अज्ञात हाइवा की चपेट में आ गया. जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी. स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी सतगांवा थाना पुलिस को दी. सूचना पाकर थाना प्रभारी आनंद शाह दल-बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया. खबर लिखे जाने तक हाइवा और चालक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है.

## सिमडेगा उपायुक्त ने नवनिर्मित एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम एवं स्पोर्ट कंपलेक्स का किया निरीक्षण



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने नवनिर्मित एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम एवं बाजार स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेडियम निर्माण कार्य से संबंधित अधिक जानकारी के लिये। कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल मनीष कुमार ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम का निर्माण दो एजेंसी द्वारा किया जाना है। उपायुक्त ने स्टेडियम निर्माण का कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। 1 सप्ताह के अंदर विद्यालय डिस्मेंटल को हटवाने एवं पेड़ की कटाई करते हुए स्टेडियम निर्माण कार्य को ससमय शुरू कराने का निर्देश दिया। पेड़ की कटाई हेतु वन विभाग से के ससमय एन.ओ.सी. प्राप्त करने का निर्देश दिया। चारदीवारी निर्माण कार्य को भी पूर्ण कराने की बात कहीं। उपायुक्त ने स्टेडियम निर्माण कार्य की धीमी प्रगति को देख कार्यपालक अभियंता,भवन प्रमंडल, सिमडेगा को फटकार लगाया। साथ ही कार्य को युद्ध स्तर पर शुरू कराने का निर्देश दिया। मौके पर खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता, विशेष प्रमंडल जय प्रकाश चौधरी एवं अन्य उपस्थित थे।

## ग्रिजली विद्यालय में मनाई मुंशी प्रेमचंद की जयंती




**कोडरमा।** ग्रिजली विद्यालय, तिलैया डैम में भारतीय साहित्य के श्रेष्ठ कवि और लेखक मुंशी प्रेमचंद की जयंती मनाई गयी। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की प्राचार्या अपर्णा सिन्हा ने मुंशी प्रेमचंद की तस्वीर पर माल्यार्पण का किया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों के द्वारा कार्यक्रम का भी आयोजन किया, जिसमें छात्रा अद्व्या एवं समूह ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। विद्यालय के हिंदी शिक्षक अमरेश कुमार के द्वारा प्रेमचंद जी के साहित्यिक योगदान को रेखांकित किया गया और मुंशी प्रेमचंद के महत्वपूर्ण लेखन से अवगत कराया तथा भारतीय साहित्य के इतिहास में उनके स्थान के बारे में बताया गया । कार्यक्रम में सप्तम वर्ग के छात्रों की विशेष सहभागिता रही। छात्र त्रीजल, कुशाग्र और अनुराग ने डिजिटल बोर्ड के माध्यम से प्रेमचंद के सम्पूर्ण जीवन की झलक प्रस्तुत की। छात्रा डोना एवं आरुषि ने प्रेमचंद की प्रसिद्ध कहानी 'मंत्र' को दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत किया।

# जिस घर में सदाचारी व्यक्ति का अनादर हो वह श्मशान के समान

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

प्रखंड के पाल्हे जतपुरा ग्राम में चल रहे प्रवचन के दौरान जीयर स्वामी महाराज ने कहा कि गंगा स्नान का मतलब अनीति, अन्याय, बेईमानी, अधर्म,पाप का त्याग से है.शास्त्र में बताया गया है कि जहां पर इस घर में, इस समाज में, इस राष्ट्र में, जिस प्रजा में, जिस समुदाय में ईश्वर ब्रम्ह को कभी याद न किया जाता हो, कभी चिंतन न किया जाता हो, नितध्यासन न किया जाता हो, गुण गान न किया जाता हो वह घर श्मशान के समान बताया गया है। जहां पर सदाचारी, संत महात्मा, ज्ञानी स्त्रियों का आदर नहीं हो, बालकों को शिक्षा न दिया जाता हो वह घर श्मशान के समान बताया गया है। जहां पर जुआ खेला जाता है, शराब का व्यसन है, अनेक प्रकार खान पान उपद्रव कारी है मांस इत्यादि का सेवन होता हो वह भी घर श्मशान के समान बताया गया है। मानव पशुओं के समान भोजन, संतानोत्पत्ति करे तो मानव पशु में कोई अंतर नहीं।

उन्होंने कहा कि भोजन तो अनेक योनियों में हम करते हैं, शयन तो हम अनेक योनियों में हम करते हैं, संतान उत्पति तो अनेक योनियों में करते हैं, केवल इसके लिए इस संसार में हम जन्म नहीं लिए हैं। यदि इन सबके लिए इस संसार में हम



आए होते तो परमात्मा हमलोगों को मनुष्य नहीं बनाते बल्कि इसकी जगह पर और कोई जंतु बनाते। मानव की पहचान संस्कृति है, संस्कार है, सभ्यता है, सरलता है, सहजता है, कोमलता है। यदि यह मनुष्य में न हो केवल संसार में पशुओं के समान भोजन करे, संतानोत्पत्ति करे मनुष्य और पशु में कोई अंतर नहीं है। उन्होंने कहा कि गलत तरीके से आयी लक्ष्मी उपद्रवकारी होती हैं। इन्हें संभालना मुश्किल होता है। लक्ष्मी का सदैव सदुपयोग होना चाहिए। जिस परिवार और समाज में लक्ष्मी का उपभोग होने लगता है, वहां एक साथ कई विकार उत्पन्न हो जाते हैं। अंततः वह पतन का कारण बनता है। स्वामी ने कहा कि आषाढ़ पूर्णिमा को व्यास जी का अवतरण हुआ था। इसीलिए इस तिथि को गुरु-पूर्णिमा मनाने की परंपरा है। व्यास जी को नहीं मानने वाले भी गुरु-पूर्णिमा मनाते हैं।

स्वामी जी ने कहा कि गुरु सिद्ध होना चाहिए, चमत्कारी नहीं। जो परमात्मा की उपासना और भक्ति की सिद्धि किया हो, वही गुरु है। गुरु का मन स्थिर होना चाहिए, चंचल नहीं। वाणी-संयम भी होनी चाहिए। गुरु समाज का कल्याण करने वाला हो और दिनचर्या में समझौता नहीं करता हो। गुरु भोगी-विलासी नहीं हो। उन्होंने कहा कि गुरु और संत का आचरण आदर्श होना चाहिए। जिनके दर्शन के बाद परमात्मा के प्रति आशक्ति और मन में शांति का एहसास हो, वही गुरु और संत की श्रेणी में है। गुरु दंभी और इंद्रियों में भटकाव वाला नहीं होना चाहिए। गुरु सभी स्थान व प्राणियों में परमात्मा की सत्ता स्वीकार करने वाला हो।

# सुपोषित बच्चे होते हैं राष्ट्र की धरोहरः सिविल सर्जन

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

जिले में विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जा रहा है। यह कार्यक्रम 1 से 7 अगस्त तक चलेगा। इसके तहत धातृ माताओं को स्तनपान के महत्व की जानकारी देकर उन्हें जागरुक किया जा रहा है।

बुधवार को सदर अस्पताल के सभागार में स्तनपान के लिए माताओं को जागरुक करने को लेकर चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मियों एवं प्रशिक्षु नर्सों को शपथ दिलाई गई। मौके पर सिविल सर्जन डॉ.अवधेश सिंह ने कहा कि सुपोषित बच्चे राष्ट्र की धरोहर होते हैं। उन्होंने कहा कि शिशुओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए स्तनपान की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सामान्य एवं सिजेरियन दोनों प्रकार के प्रसव के उपरांत एक घंटे के भीतर नवजात शिशु को स्तनपान कराना चाहिए, जबकि छह माह तक शिशु को सिर्फ स्तनपान तथा दो वर्ष तक उपरी आहार के साथ स्तनपान कराया जाना चाहिए।

इस अवसर पर डॉ. नाथुन साह, डीडीएम सुजीत मुंडा, अरबन मैनेजर सच्चिदानंद पांडेय, विमलेश कुमार, एकजुट संस्था के अजीत कुमार सिंह, संजय कुमार राय, उमेश कुमार चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।

## चहारदीवारी निर्माण व अविलंब बिजली व्यवस्था बहाली की मांग

# प्रखंड के कोने-कोने में बिजली लेकिन सीएचसी पहुंच से दूर

**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई**

प्रखंड क्षेत्र में कोने-कोने तक बिजली व्यवस्था बहाल हो गई है, जिसका लाभ क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांव में रह रहे लोगों को मिल रहा है, लेकिन प्रखंड का एकलौता अस्पताल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आज भी बिजली की पहुंच से कोसों दूर रह गया है। नतीजतन अस्पताल के कर्मियों को अंधेरी रात में रात गुजारनी पड़ रही है। उनके सामने विकट स्थिति तब उत्पन्न हो जाती है जब गर्मी का मौसम आ जाता है। इतना ही नहीं, इलाज को लेकर रात्रि में अस्पताल पहुंच रहे मरीजों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अंधेरी रात में मरीज के परिजनों को जहां अस्पताल के बाहर रात गुजारनी पड़ती है, वहीं अस्पताल में इलाजरत मरीज भी उमस भरी गर्मी से काफी परेशान हो जाते हैं।

अस्पताल में पदस्थापित चिकित्सकों को नियमित सेवा देते ही समस्याओं का उजागर होना शुरू हो गया। अस्पताल की चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर प्रतिमा कुमारी बताती हैं कि शहर





से लेकर देहात तक के अन्य अस्पतालों में पूरी तरह बिजली व्यवस्था बहाल है, लेकिन इस अस्पताल में बिजली की बात तो दूर अस्पताल तक बिजली का खंभा भी नहीं पहुंच सका है। ऐसे में रात्रि के समय इलाज कराने अस्पताल पहुंच रहे प्रखंड क्षेत्र के मरीजों के ऊपर क्या बीतता होगा उसे बखूबी समझा जा सकता है। इसी तरह अस्पताल में चहारदीवारी का अब तक निर्माण नहीं होना भी अस्पताल कर्मियों के साथ खुले तौर पर खिलवाड़ है। प्रतिमा ने कहा कि चाहे चिकित्सा कर्मी हों या फिर प्रखंड के मरीज सबके लिए सुरक्षा महत्वपूर्ण है। सुरक्षा के लिहाज से अब तक अस्पताल में चहारदीवारी का निर्माण हो जाना चाहिए था लेकिन नहीं हो पाया। विदित हो कि अस्पताल में पदस्थापित आयुष चिकित्सक डॉक्टर कुमुद रंजन के द्वारा मामले से संबंधित दो वर्ष पूर्व बिजली विभाग के सहायक अभियंता के पास लिखित शिकायत की गयी थी, लेकिन आज तक उसका परिणाम सिर्फ और सिर्फ टाय टाय फिश बन कर रह गया। काश उनके आवेदन पर अगर विचार हुआ रहता तो प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव की तरह अस्पताल भी बिल्कुल रूप से बिजली के बल्ब से जगमग हो गया रहता। अस्पताल के कर्मी विजय कुमार ने बताया कि अस्पताल सिर्फ और सिर्फ टूटा फूटा एक सौर ऊर्जा प्लेट के भरोसे चल रहा है। सूर्य के प्रकाश से दिन में जब जब तक बैटरी चलता है तब तक उमस भरी गर्मी से निजात पाने के लिए सभी कमरों में पंखा चलता रहता है। जिस कारण शाम होते-होते बैटरी का चार्ज पूरी तरह डिस्चार्ज हो जाता है। सभी के लिए अंधेरे में रात गुजारना मजबूरी हो जाता है।

## गायत्री परिवार के प्रखंड समन्वयक अजीत चौबे के 96 वर्षीय पिता का निधन



**श्री बंशीधर नगर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार श्री बंशीधर नगर के प्रखंड समन्वयक अजीत कुमार चौबे के पिता व सेवानिवृत्त शिक्षक विद्या प्रसाद चौबे (96 वर्ष) का निधन बुधवार को दोपहर 3 बजे उनके निवास स्थान पाल्हे कलां पर हो गया है। उनके निधन पर गायत्री परिवार आस-पास के बड़ी संख्या में लोग उनके अंतिम दर्शन के लिए उनके घर पहुंचे एवं शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दिए। वे भरा पूरा परिवार में अपने पीछे 7 पुत्र, पुत्रबधु एवं 2 पुत्री सहित दर्जनों नाती पोता छोड़ गए हैं। दिवंगत का अंतिम संस्कार पैतृक गांव पाल्हे कलां गांव के बांकी नदी के तट पर स्थित मुक्तिधाम पर गुरुवार को सुबह 9 बजे किया जाएगा। मुखाग्नि उनके छोटे पुत्र कृष्ण कुमार चौबे देंगे। शोकाकुल परिवार में स्व विद्या प्रसाद चौबे के बड़े पुत्र जितेंद्र प्रसाद चौबे, देवेंद्र प्रसाद चौबे, अरुण कुमार चौबे (भूतपूर्व सैनिक) जितेंद्र कुमार चौबे (भूतपूर्व सैनिक), अजीत कुमार चौबे (प्रखंड समन्वयक गायत्री परिवार), सुजीत कुमार चौबे एवं सबसे छोटे पुत्र कृष्ण कुमार चौबे का नाम शामिल है।

# राशन वितरण में अनियमितता को लेकर उपभोक्ताओं ने दिया धरना



**नवीन मेल संवाददाता। रमना**

राशन वितरण में गड़बड़ी को लेकर बुधवार को पूरे दिन रमना प्रखंड कार्यालय परिसर में गहमा गहमी बना रहा। गम्हरिया पंचायत के चनाकला,गरदा व केरवा मानदोहर के तीन दर्जन लाभूक मुखिया पानपती देवी तथा पंसस कौशल्या देवी के नेतृत्व में बीडीओं सह आपूर्ति पदाधिकारी ललीत प्रसाद सिंह को आवेदन देकर वित्तिय वर्ष 2022 के सितंबर और अक्टूबर माह का फ्री तथा जुन व जुलाई माह का राशन दिलाने की मांग की है। रामचंद्र पासवान, ठेगु राम, हुसैनी अंसारी, मनोहर राम सहीत कई लाभूकों का कहना है कि हम सबों का राशन चनाकला के ज्योति महिला समूह की दुकान से प्राप्त होता था। लेकिन साल 2022 के सितंबर और अक्टूर माह में अंगुठा लगा दिया गया। इसी दौरान दुकान निलंबित हो गया तथा सभी लाभूकों को गम्हरिया के अंबेडकर महिला स्वयं सहायता समूह के दुकान से जोड़ दिया गया, जहां से सितंबर व अक्टूबर माह का राशन नहीं मिला। वहीं जुन और जुलाई का राशन भी नहीं मिला। पूछने पर दुकानदार द्वारा कहा जाता है कि गोदाम से राशन नहीं मिला है।

वहीं जोगीराल कला के तीन दर्जन लाभुकों ने ललीत प्रसाद सिंह को आवेदन देकर सभी लाभुकों को कामिनी महिला समूह की दुकान से जोड़ कर राशन दिलाने की मांग की है। ललीत प्रसाद सिंह को आवेदन देने वालों राजकुमार साह, बसंत साह, नन्कु यादव, योगेन्द्र यादव, राकेश साह, पुष्पा देवी, सुषमा देवी सहित दर्जनों लाभुकों का कहना है कि पूर्व में हमसबों को कामिनी महिला समूह से राशन मिलता था लेकिन चार-पांच महीना से टंडवा के सरस्वती महिला समूह से जोड़ दिया गया है, जो गांव से चार से पांच किलोमिटर दूर जाकर अंगुठा लगाने तथा राशन उठाने की मजबूरी बनी हुई है। ऐसी स्थिति में लाभुकों को पुराने दुकानदार (कामिनी महिला समूह) से ही राशन दिलाने की मांग किया है। इस संबंध में ललीत प्रसाद सिंह, बीडीओ सह आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि चनाकला के लाभुकों के मामले में कमेटी बनाकर जांच करायी जायेगी तथा जोगीराल कला के लाभुकों की समस्या जिला आपूर्ति पदाधिकारी को भेजी जाएगी।

# विहिप व बजरंग दल ने मेवात की घटना के विरोध में फूंका पुतला

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

हरियाणा में हुयी हिंसा को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुये बुधवार को विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने शहर के केसरी चौक पर पुतला जला कर आक्रोश व्यक्त किया। इस दौरान विहिप के लोगों ने कहा की श्रावण में प्रतिवर्ष किसी भी सोमवार को मेवात के अंदर भगवान शंकर का आशीर्वाद लेने के लिए महाभारत कालीन पांच मंदिरों में श्रद्धालु जाते हैं। 31 जुलाई को भी लगभग 20-25 हजार लोग पहुंचे हुए थे और यात्रा शुरू हुए 15 मिनट भी नहीं हुए कि उन पर उपद्रवियों ने गोलियां और पत्थर बरसाने के साथ आगजनी शुरू कर दी। श्रद्धालुओं ने जब देखा कि परिस्थिति नियंत्रण से बाहर जा रही है, तो पीछे हटने का प्रयास किया, तो देखा पीछे से भी पत्थर बरस रहे हैं। उन पर पेट्रोल बम फेंके गए, बहुत मुश्किल से कुछ लोग




बचकर नलहड़ महादेव मंदिर में वापिस जा सके। वहीं कुछ ही देर में मंदिर के सामने दंगाई पहुंचकर कारों, बसों और अन्य वाहनों को आग लगानी और जो सामने दिखा उन पर गोलियां बरसनी शुरू कर दी। जब पुलिस पहुंची तो उपद्रवी भागते हैं और पहाड़ियों पर चढ़कर तीनों तरफ से मंदिर में शरण लिए हुए महिलाओं, बच्चों और अन्य भक्तों पर गोलियां बरसाना शुरू कर देते है, जिसमें एक भक्त की मौत हो जाती है। कुछ को गोलियां लगती हैं। बहुत मुश्किल से प्रशासन ने स्थिति पर नियंत्रण किया और वहां से निकाल कर लोगों को पुलिस लाइन ले गए। विश्व हिंदू परिषद हमले में मरने वाले लोगों के परिवारों को एक-एक करोड़ रुपया व घायलों को 20 लाख रुपये तथा जिनकी गाड़ियां और बसें नष्ट हो गई हैं उनको पूरी तरह क्षति पूर्ति करने की सरकार से मांग की है। साथ ही पूरे मेवात क्षेत्र को सील करके कांबिंग कार्रवाई करने और एक-एक आरोपी को पकड़कर सख्त से सख्त सजा दिलवाने की मांग की है। पुतला दहन में विहिप जिला मंत्री सुधीर कुमार, बजरंग दल जिला संयोजक अंकित पांडेय, जिला कोषाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार, कार्यालय प्रमुख सुरेंद्र पासवान, नगर मंत्री गौतम स्नेही, नगर संयोजक रोशन तिवारी, नगर सुरक्षा प्रमुख आनंद मोहन, निर्मल कुमार, धर्मेंद्र ठाकुर सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

# फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर दिया गया प्रशिक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा नीलमनी के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, लातेहार के सभागार में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के सफल क्रियान्नवयन के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह अभियान आगामी 10 से 25 अगस्त तक चलाया जायेगा। प्रशिक्षण में सहिया एवं आंगनबाड़ी सेविका को पीसीआई के जिला समन्वयक विक्रम कुमार व एमटीएस अजय भारती ने कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी। उन्होंने बताया कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर 10 अगस्त से बूथ पर दवा खिलायी जायेगी। इसके बाद घर- घर जाकर दवा खिलाया जायेगा। दवा खिलाये गये व्यक्तियों के नाखून पर मार्किंग किया जायेगा। वैसे व्यक्ति जो गंभीर रोग से ग्रस्त व गर्भवती महिलाओं को फाइलेरिया उन्मूलन की गोलियां की नहीं खिलाने का निर्देश दिया गया है।

## पहल | सभी प्रखंडों के स्कूलों में बच्चों का करेगा ज्ञान वर्धन

# मोबाइल साइंस एग्जिबिशन वाहन रवाना

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

विज्ञान के प्रति बच्चों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य बुधवार को समाहरणालय परिसर से उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा मोबाइल साइंस एग्जिबिशन (भ्रमणशील विज्ञान प्रदर्शनी) वाहन को हरीझंडी दिखाकर रवाना किया गया। उल्लेखनीय है कि मोबाइल साइंस एग्जिबिशन वाहन का संचालन श्री कृष्ण विज्ञान केंद्र, भारत सरकार की एक गैर सरकारी संस्था एवं झारखंड सरकार के तत्वावधान में किया जा रहा है।

मोबाइल साइंस एग्जिबिशन वाहन गढ़वा जिले के सभी प्रखंडों में स्थित उच्च विद्यालयों में जाकर विज्ञान के बारे में बच्चों को कई महत्वपूर्ण जानकारी देकर उनमें



ज्ञान वर्धन करने का कार्य करेगी। उक्त मोबाइल साइंस एग्जिबिशन वाहन में चरखी प्रणाली, झुका हुआ तल, कृषि का सशक्तिकरण, सीमेंट मिक्सर, एक्स्क्वेटर, लीवर, पहिया और धुरा, स्क्रू जैक, पहिए को गति देना, डंपर ट्रक, स्मार्टफोन, सोलर सेल समेत अन्य विषय पर महत्वपूर्ण एक्सिबिशन लगा है। उपायुक्त द्वारा मौके पर फीता काटकर मोबाइल साइंस एग्जिबिशन वाहन का विधिवत रूप से शुभारंभ किया गया। इस दौरान उन्होंने पूरे वाहन में प्रस्तुत एक्सिबिशन का जायजा एवं विभिन्न विषयों पर जानकारी भी ली। इस दौरान मुख्य रूप से जिला शिक्षा पदाधिकारी अकाश कुमार सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नीतीश कुमार निशांत, एडीएफ राम कुमार आदि संबंधित उपस्थित थे।

## समिति ने रक्तदान कर की गरीब मरीज की मदद



**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति के द्वारा एक पीड़ित गरीब मरीज को ब्लड देकर मानवता का दिया परिचय। जानकारी स्वरूप पेशरार प्रखंड के रामदयाल उरांव की पुत्र समृत उरांव सदर अस्पताल में इलाजरत था। डॉक्टर ने खून की कमी बताई। काफी परेशान होकर परिवार के लोग जय श्रीराम समिति के नगर अध्यक्ष दीपक साहू से संपर्क की। दीपक साहू के तत्काल पहल पर समिति सदस्य संजय सिंह ने एक यूनिट ब्लड देकर मानवता का परिचय दिया। मौके पर नगर अध्यक्ष साहू एवं मोहन महली मौजूद थे।

# नये सिविल सर्जन डॉ. सिंह से जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार की उम्मीद

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

सदर अस्पताल के उपाधीक्षक के प्रभार में कार्यरत चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अवधेश सिंह जिले के नए सिविल सर्जन बनाए गए हैं। मंगलवार को नए सिविल सर्जन डा.अवधेश सिंह ने निवर्तमान सिविल सर्जन डा.अनिल कुमार से पदभार ग्रहण किया। मौके पर सदर अस्पताल के सर्जन डा.अमित कुमार, डीपीएम प्रवीण कुमार सिंह समेत चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने नए सिविल सर्जन का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी। डॉ. अवधेश सिंह को सिविल सर्जन बनाए जाने पर उम्मीद जताई जा रही है कि जिले के स्वास्थ्य व्यवस्था में नया आयाम जुड़ेगा। बताते चलें कि डा.अनिल कुमार पलामू के सिविल सर्जन बनाए गए हैं। वे पहले से पलामू के एसीएमओ



के पद पर भी कार्यरत हैं, जबकि जुलाई 2022 में स्थानांतरित होकर डा.अवधेश सिंह की सदर अस्पताल गढ़वा में पदस्थापना चिकित्सा पदाधिकारी के पद पर हुई थी। हालांकि डा.अवधेश सिंह हड्डी रोग सर्जन हैं। उन्हें सदर अस्पताल के उपाधीक्षक का भी प्रभार दिया गया। उपाधीक्षक के रुप में बेहतर कार्य करते हुए डा.अवधेश सिंह ने तत्कालीन सिविल सर्जन सह हड्डी रोग सर्जन डा.अनिल कुमार के मार्गदर्शन में सदर अस्पताल में हड्डी रोग की सर्जरी की शुरूआत किया। विगत एक वर्ष में छह दर्जन से अधिक मरीजों की हड्डी रोग की सर्जरी की गई। इससे हड्डी रोग के मरीजों को बड़ा लाभ मिला है।

**'जब इंसान के पास बहुत पैसा आ जाता है तो वह भूल जाता है कि वह कौन है और जब उस इंसान के पास पैसा नही होता है तो यह दुनिया भूल जाती है कि वह कौन है।' - अज्ञात**



# लोस चुनाव व झारखंड

***लोकसभा*** चुनाव की बाबत तैयारियां अब दिखने लगी हैं। जहां एक ओर बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपनी नई टीम की घोषणा कर दी। वहीं झारखंड से दो नेताओं रघुवर दास और आशा लकड़ा को फिर से केंद्रीय टीम में जगह मिली है। झारखंड की राजनीति में इस फैसले को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। गौरतलब है कि लोकसभा के साथ विधानसभा का चुनाव भी झारखंड में होने वाला है। बिहार और झारखंड से सिर्फ रघुवर दास को ही उपाध्यक्ष बनाया गया है। जबकि सचिव पद पर झारखंड की आशा लकड़ा के अलावा बिहार के ऋतुराज सिन्हा को जिम्मेदारी मिली है। आशा लकड़ा जेपी की पुरानी टीम में भी शामिल थी, जबकि ऋतुराज सिन्हा को भी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। 2019 में मिली हार के बाद से रघुवर दास झारखंड से दूर वर्ष 2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव में रघुवर दास पर बीजेपी नेतृत्व ने पूरा विश्वास जताया, लेकिन सत्ता से दूर हो जाने के बाद रघुवर दास पार्टी ने उन्हें दिल्ली बुला लिया। रघुवर दास जेपी नड्डा की पुरानी कमेटी में भी शामिल रहे थे और एक बार फिर उन्हें नई टीम में काम करने का मौका मिला है। रघुवर दास को केंद्रीय टीम में शामिल कर बीजेपी नेतृत्व ने यह साफ संकेत देने का काम किया है कि फिलहाल वे झारखंड की राजनीति से दूर रहेंगे। रघुवर दास को जेपी नड्डा ने अपनी टीम में शामिल कर ओबीसी समाज को साधने की कोशिश की है। रघुवर दास वैश्य समाज से आते हैं और झारखंड के अलावा उनका पैतृक आवास छत्तीसगढ़ में है। ऐसे में झारखंड के अलावा छत्तीसगढ़ के वैश्य समाज को भी संदेश देने का काम किया गया है। जबकि बिहार-झारखंड से सिर्फ रघुवर दास को ही राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाय गया है, ऐसे में पड़ोसी राज्य बिहार की राजनीति में भी रघुवर दास की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव के ठीक पहले बीजेपी शीर्ष नेतृत्व ने पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को फ्री हैंड देने का काम किया है। पार्टी हाईकमान ने पहले बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनाकर राज्य में संगठन की जिम्मेदारी सौंपी। अब रघुवर दास को राष्ट्रीय राजनीति में बुलाकर बीजेपी नेतृत्व ने साफ कर दिया गया है कि अगले साल होने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनाव में बाबूलाल मरांडी ही कमान संभालेंगे। झारखंड बीजेपी के बड़े नेताओं में पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा भी शामिल है। लेकिन फिलहाल वे केंद्र सरकार में मंत्री है। अर्जुन मुंडा का भी झारखंड की राजनीति से दूर रहना बाबूलाल मरांडी के लिए फायदेमंद माना जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अर्जुन मुंडा के केंद्र में मंत्री रहने से संगठन में हस्तक्षेप कम से कम रहेगा। इस कारण बाबूलाल मरांडी अपने मन मुताबिक निर्णय ले सकेंगे। बाबूलाल मरांडी ने वर्ष 2005 के विधानसभा चुनाव में झारखंड में बीजेपी को सत्ता में लाने में बड़ी भूमिका निभाई। उस दौरान वे भी सीएम पद की दौड़ में थी, लेकिन अर्जुन मुंडा के सामने उनकी नहीं चली। जिसके बाद बीजेपी की सरकार तो बन गई, लेकिन बाद में बाबूलाल मरांडी ने अपनी उपेक्षा से नाराज होकर बीजेपी छोड़ दी थी। आशा लकड़ा को आगे कर आदिवासी मतदाताओं को साधने की कोशिश बीजेपी ने फिर से आशा लकडा को राष्ट्रीय सचिव बनाया। आशा लकड़ा को सचिव बनाकर बीजेपी ने आदिवासी मतदाताओं को साधने की कोशिश की। विशेषकर महिला आदिवासी मतदाताओं को बीजेपी ने अपनी ओर आकर्षित करने की। आशा लकड़ा को हाल के दिनों में पार्टी की ओर से कई अन्य राज्यों में भी संगठन के महत्वपूर्ण कार्यों की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

**रघुवर दास को जेपी नड्डा ने अपनी टीम में शामिल कर ओबीसी समाज को साधने की कोशिश की है। रघुवर दास वैश्य समाज से आते हैं और झारखंड के अलावा उनका पैतृक आवास छत्तीसगढ़ में है।**

# मेवात में शिवभक्तों पर हिंसा, संयोग या 'प्रयोग'





डॉ. पवन सिंह

***मेवात*** की धरती भगवान श्रीकृष्ण की भूमि है। यह उनकी क्रीडा स्थली रही है। यह यात्रा नूंह के नल्हड़ महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर श्रृंगार मंदिर पुन्हाना में संपन्न होती है। इन दोनों स्थानों का महत्व श्रीकृष्ण के नाम के साथ जुड़ा हुआ है। कहा जाता है कि यहीं श्रीकृष्ण विराजमान हुए थे और उन्होंने पवित्र शिवलिंग की स्थापना की थी। इसी स्थान पर उन्होंने कौरवों-पांडवों के मध्य संधि करवाने का प्रयास किया था। श्रृंगार मंदिर वह स्थान है जहां पर वहां के लोगों ने श्रीकृष्ण के बाल्यकाल में उनका श्रृंगार किया था। इसलिए इसका नाम श्रृंगार मंदिर पड़ा। पुन्हाना का नाम भी 'भगवान पुनः आना' के आधार पर रखा गया है। यहां फिरोजपुर झिरका में स्थित झीर महादेव मंदिर भी वही स्थान है जहां पांडवों ने अज्ञातवास का समय बिताया था। इसलिए मेवात के कण-कण में प्रभु श्रीकृष्ण के अहसास को महसूस किया जा सकता है और इसी भाव को ध्यान में रखते हुए पिछले तीन वर्षों से इस ब्रजमंडल जलाभिषेक यात्रा का प्रयोजन किया जाता है। जिसमें यहां के व हरियाणा के अन्य स्थानों से आये हुए शिवभक्त बड़ी संख्या में हिस्सा लेते हैं, इस यात्रा में राष्ट्रत्व का भाव रखने वाले मेव समाज के बंधु भी भागीदार होते हैं। पांडवकालीन स्थान होने के कारण श्रावण मास में यह यात्रा अनेकों वर्षों से होती आ रही है। आज मेवात की पहचान हिंदू विरोधी गतिविधियों के लिए होने लगी है। पिछले कुछ वर्षों में यहां से बहुत अधिक संख्या में हिन्दुओं का पलायन हुआ है। जहां हिन्दू हैं भी उनका प्रतिशत बहुत कम है। आये दिन हिंदू विरोधी घटनाएं होती रहती है। तो क्या मेवात की पहचान हिंदू विरोधी बननी चाहिए या फिर भगवान श्रीकृष्ण? प्रश्न सीधा है पर उत्तर कठिन। मेवात का सौहार्द बना रहे, यहां सभी मिल-जुल कर रहे। 'हरियाणा एक-हरियाणवी एक' का भाव चरितार्थ हो। यहां का हिंदू समाज अपने आप को अकेला व असहाय न समझे। हरियाणा का सारा समाज मेवात के साथ खड़ा है, इस बात को ध्यान में रखते हुए हर वर्ष इस यात्रा का आयोजन किया जाता है। जिसमें हजारों की संख्या में हरियाणा भर से लोग इसमें हिस्सा लेते हैं। इस बार श्रृंगार की कलश यात्रा में एक हजार महिलाओं ने भाग लिया, इस उत्साह व उमंग से भी इस यात्रा के प्रतिवर्ष बढ़ते महत्व को देखा जा सकता है। सुरक्षा में चूक, जिम्मेदारी किसकीः 31 जुलाई दिन को सुबह 11 बजे शिव मंदिर से जलाभिषेक किया गया। उसके बाद यात्रा ने श्रृंगार के लिए प्रस्थान किया तो दोपहर 1 बजे के करीब खेड़ला चौक के पास उग्र भीड़ ने यात्रा पर हमला कर दिया। तीन बजे तक उग्र भीड़ द्वारा नूंह व आसपास के इलाकों में आगजनी तथा तोड़फोड़ होने लगी। इसके बाद प्रशासन व कुछ सामाजिक संगठनों के आह्वान पर दुकानें बंद करवा दी गईं। शाम चार बजे तक इंटरनेट सेवाओं को बंद कर दिया गया। उसके पश्चात पास के जिलों से अतिरिक्त पुलिस बल आना शुरू हुआ। छह बजे के पास मंदिर परिसर में आश्रय लिए शिवभक्तों को पुलिस ने निकालना प्रारंभ किया। इस सारे घटनाक्रम में प्रशासन द्वारा की गयी तैयारियां संदेह के घेरे में आती है या यूं कहें कि प्रशासन ने इस यात्रा को लेकर जिस गंभीरता के साथ तैयारी करनी चाहिए थी, वह नहीं की। वरना क्या कारण है कि पांच हजार लोगों की सुरक्षा में केवल सौ पुलिस कर्मी ही लगाये गये। यात्रा की सुरक्षा में लगे सुरक्षा कर्मियों की संख्या हमलावर तत्वों को देखते हुए कम सिद्ध हुई। हमले के वीडियो देखने पर ध्यान आता है कि हमले की तैयारियां बहुत दिनों से हो रही थी, फिर क्यों नहीं खुफिया विभाग को इसकी कानों कान खबर हुई। जिस प्रकार से उग्र भीड़ की तैयारी व मनसूबे थे उसके कारण हालात और अधिक खराब हो सकते थे। जिस तरीके से तीर्थयात्रियों पर हमला हुआ है, उसमें महीनों की तैयारी का अंदेशा होता है। यह पूरी घटना पूर्व-नियोजित थी। अभी तक की प्राप्त जानकरी अनुसार 70 से अधिक निजी कारों व बसों को तोड़ा/ जलाया गया हैं। दो होमगार्ड जवान और एक पानीपत के हिन्दू कार्यकर्ता के दुखद बलिदान सहित अनेकों घायल हैं। बड़ी संख्या में पत्थरों का एकत्र होना, अलग-अलग पॉइंट पर हमला करना, यह बिना पूर्व योजना के सम्भव नहीं है सीआईडी के पास पूर्व में कुछ ऐसी सोशल मीडिया पोस्ट पहुंची थी, जिसमें इस प्रकार की कोई घटना हो सकती है इसका अंदेशा था। जबकि इस ब्रजमंडल जलाभिषेक यात्रा की सूचना बहुत समय पहले से प्रशासन व स्थानीय पुलिस के पास थी, उसके बावजूद भी इस प्रकार की घटना से सुरक्षा में चूक हुई है इस बात को किसी भी कारण से नकारा नहीं जा सकता। मेवात के लिए एकजुट होने का समयः मेवात को उसकी पहचान भगवान श्रीकृष्ण की धरती के रूप में मिल सके। यहां पर भी शांति व अपनापन का भाव बने। यहां पर रहने वाले लोगों के मनों में डर नहीं भरोसे का विश्वास पनपे। इसके लिए आज पूरे समाज को एक साथ खड़ा होना होगा और यह किसी एक समाज का दायित्व नहीं। सबकी साझी भूमिका है। विहिप के केंद्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार के शब्दों में हम केवल सरकार का आश्रय नहीं लेंगे। आत्मरक्षा का अधिकार है और इसलिए हिन्दू अपनी आत्मरक्षा के अधिकार का भरपूर प्रयोग करके इस प्रकार के हमलों का सामना करेगा। इसके परिणाम जो होंगे उसकी जिम्मेदारी हम पर नहीं होगी। हम सामना भी करेंगे, भयभीत भी नहीं होंगे और मेवात को हिंदुओं के लिए एक सुरक्षित क्षेत्र बनाना सुनिश्चित करेंगे। प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि 'देश के संविधान से ऊपर कोई नहीं। उन्होंने कहा है कि संवाद के जरिए सभी विषयों का हल निकाला जा सकता है। प्रदेश के सभी नागरिक हरियाणा एक हरियाणवी एक के सिद्धांत पर चलते हुए समाज और प्रदेश के हित में सहयोग दें। नूंह में जिस प्रकार की स्थिति उत्पन्न हुई है उस स्थिति में हर आम नागरिक की जिम्मेदारी समाज और प्रदेश के प्रति और बढ़ जाती है। ऐसे में हमें कोई भी सन्देश प्रचारित करते हुए और भी अधिक संवेदनशील होना चाहिए'। अब आवश्यकता है कि मेवात की इस घटना से सबक लेते हुए हर जिले में इस प्रकार के संवेदनशील स्थानों को चिह्नित करके वहां अपेक्षाकृत अधिक पुलिस गश्त / निगरानी आदि रखना सुनिश्चित किया जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोका जा सके। सोशल मीडिया में तनाव निर्माण करने वालों पर भी सख्त कार्रवाई की जाए। नूंह जिले की संवेदनशीलता को देखते हुए यहां पर स्थायी रूप से सैनिक/ अर्धसैनिक बल का कोई केंद्र/ बेस कैंप स्थापित किया जाय। यह मांग पहले भी कई बार रखी जा चुकी है। इस घटना की जितनी निंदा की जाय कम है। अब आवश्यकता इस बात की भी है कि प्रशासन द्वारा इसमें शामिल सभी उपद्रवियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाय। उनकी गिरफ्तारी, सम्पत्ति कुर्क करना, उनके ठिकानों को ध्वस्त करना, एनएसए कानून लगाना आदि सख्त कदम उठाने चाहिए।

**आज मेवात की पहचान हिंदू विरोधी गतिविधियों के लिए होने लगी है। पिछले कुछ वर्षों में यहां से बहुत अधिक संख्या में हिन्दुओं का पलायन हुआ है। जहां हिन्दू हैं भी उनका प्रतिशत बहुत कम है।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

### *आइये सुने कथा गुरु द्रोणाचार्य की*

**वे** नहीं चाहते थे कि कोई उन पर दया करे और उनकी निर्धनता का परिहास उड़ाए। एक दिन वे वन में अकेले ही भटक रहे थे, तभी उन्होंने देखा कि हस्तिनापुर के राजकुमार वहां गेंद से खेल रहे थे। इतने में उनकी गेंद एक अंधे कुएं में गिर पड़ी। युधिष्ठिर ने उस गेंद को निकालने का प्रयास किया तो उसकी अंगूठी भी कुएं में गिर गई। अब सभी राजकुमार कुएं के चारों ओर खड़े होकर कुएं में झांकने लगे। उसे निकालने का कोई उपाय उनके पास नहीं था। उसी समय द्रोण उनके पास आए और बोले- 'राजकुमारो! तुम लोग क्षत्रिय हो। क्या यह तनिक-सा कार्य भी तुम नहीं कर सकते? कहो तो मैं तुम्हारी यह गेंद निकाल दूं?' सभी ने कृष्णा वर्ण उस ब्राह्मण को आश्चर्य से देखा ! युधिष्ठिर ने कहा–'विप्रवर! यदि आप हमारी गेंद निकाल देंगे तो हम राजगुरु कृपाचार्य के यहां आपको खूब बढ़िया दावत देंगे।' द्रोण मुस्कराए और उन्होंने कुछ सरकंडे लाने के लिए कहा। भीम और अन्य राजकुमार ढ़ेर सारे सरकंडे तोड़ लाए। द्रोण ने उन सरकंडों को साफ किया और एक सरकंडा कुएं में फेंका। वे मंत्र पढ़ते जाते और सरकंडे फेंकते जाते। सरकंडे एक-एक करके एक-दूसरे के सिरों पर चिपकते जाते। जब सरकंडों की लम्बाई कुएं के बाहर तक आ गई, तब द्रोण ने उसे पकड़कर ऊपर खींच लिया। सरकंडे के अगले सिरे पर चिपकी गेंद ऊपर आ गई। यह करतब देखकर सभी राजकुमार खुशी से उछल पड़े। उन्होंने द्रोण से युधिष्ठिर की अंगूठी निकालने की प्रार्थना की। द्रोण ने तत्काल एक धनुष पर बाण चढ़ाया और मंत्र पढ़कर उसे कुएं में छोड़ दिया। पल भर में ही अंगूठी बाण में अटककर ऊपर आ गई। द्रोण ने अंगूठी युधिष्ठिर को दे दी। यह चमत्कार देखकर सभी राजकुमारों ने द्रोण के आगे शीश नवाया और आदरपूर्वक उनका परिचय पूछा और उनसे हस्तिनापुर चलकर भोजन करने की प्रार्थना की।

*(क्रमशः)*

# नूंह वाली जिहादी मानसिकता से आखिर देश कब आजाद होगा?



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

***हरियाणा*** के मेवात में ब्रजमंडल यात्रा के दौरान जो बवाल हुआ, उसमें दो होमगार्ड्स की मौत होने के साथ ही 20 से ज्यादा पुलिसकर्मी बुरी तरह घायल हो गये। 120 से अधिक कारों और अन्य वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया। पूरी योजना बनाकर की गई यह आगजनी और हिंसा नूंह से होती हुई आसपास के कई जिलों में फैल गयी। मेवात से शुरू हुए एक वर्ग विशेष के द्वारा योजनाबद्ध तरीके से हिंसा के इस तांडव में एक बात और रेखांकित करने वाली है। कथित तौर पर अल्पसंख्यक वर्ग के नाबालिग बच्चों, युवाओं और यहां तक कि बुजुर्गों के साथ ही महिलाएं भी पत्थरबाजी में साथ देती हुई देखी गईं। जिस ब्रजमंडल यात्रा को सबसे पहले निशाना बनाया गया, उस यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं थीं। हिन्दू समाज में किसी भी धार्मिक आयोजन में महिलाएं हमेशा से अग्रणी और प्रमुख भूमिका निभाती रही हैं। ब्रजमंडल यात्रा के लिए भी बड़ी संख्या में हिन्दू समाज जुटा था। पर मुस्लिम तबके की महिलाओं के दिलों में उन हिन्दू महिलाओं के लिए कोई दया भाव नहीं दिखा जो नूंह के नल्हड़ शिव मंदिर में फंस गईं थीं। पुलिसकर्मियों के द्वारा बमुश्किल और भारी सुरक्षा के बीच, खुद की जान जोखिम में डालकर बाहर निकालने का प्रयास किया जा रहा था। जिहादी मानसिकता वाले यह उन्मादी और उपद्रवी तत्व जब भी हिंसा पर उतारू होते हैं तो सबसे पहले दूसरे वर्ग की दुकानों, बड़े प्रतिष्ठानों और भवनों पर हमलावर होते हैं। उन्हें लूट लेते हैं या उनमें आग लगा देते हैं। यह मानसिकता हर दंगे में सामने आती है। नूंह में भी योजनाबद्ध तरीके से शुरू के बाद प्रगतिशील समुदाय विशेष की दुकानों पर बड़े पैमाने पर लूट की गई, आग के हवाले किया गया। गुरुग्राम-अलवर नेशनल हाइवे पर हीरो कंपनी के शोरूम से 200 बाइक लूट ली गईं। कोई उनका कुछ नहीं बिगाड़ पाया। नूंह में भड़की हिंसा की चिंगारी शाम तक कई मंदिरों को नुकसान पहुंचाती और अपवित्र करती रही। जाहिल जिहादियों की भीड़ ने पुलिस थाने तक को निशाना बनाया। नूंह के साइबर थाना पर भी हमला कर दिया गया। नूह का साइबर थाना इसलिए भी निशाने पर आया कि देश भर में जितनी भी साइबर क्राइम की घटनाएं हो रहीं हैं उसमें झारखंड के जामताड़ा के बाद दूसरा बड़ा केन्द्र मेवात ही है। कुछ ही दिनों पहले साइबर क्राइम की केन्द्रीय टीम ने भारी सुरक्षा के बीच जब मेवात की छापेमारी की तो अनेक गिरोहों का पदार्फाश हुआ। भारी मात्रा में इलेक्ट्रानिक उपकरण बरामद हुए और 47 आरोपी गिरफ्तार किये गये। पुलिसकर्मियों ने सैकड़ों की इस भीड़ से कैसे अपनी जान बचाई होगी, यह तो वही जानें, लेकिन इस घटना ने कई सवाल खड़े कर दिये हैं। सवाल यह कि इन जाहिल जिहादी मानसिकता वालों को क्या किसी का भय नहीं रहता? जब भी ये उन्मादी अपने मजहब के नाम पर एकजुट होकर हिंसक होते हैं तब ये सबसे पहले निरपराध-निर्दोष लोगों की दुकानों-मकानों-प्रतिष्ठानों और वाहनों को लूटने व आग लगाने को ही तत्पर क्यों रहते हैं? ऐसे करके ये हमेशा देश की आर्थिक प्रगति में रोड़ा क्यों बिछाते हैं? खुद आर्थिक रूप से पिछड़े होने के चलते क्या यह अन्य सम्पन्न लोगों. देश की तरक्की में योगदान देने वालों को ही निशाना बनाकर अपनी कुंठा ही तो नहीं निकालते हैं? नूंह-मेवात में जो हुआ क्या वह पहली बार हो रहा है ? यह तर्क दिया जाना कि किसी मोनू मानेसर के सोशल मीडिया पर जारी संदेश के चलते अल्पसंख्यक तबका भड़का हुआ था और उसने प्रतिक्रिया में पत्थरबाजी की, असलियत से आंखे चुराने वाला है।

**जिस ब्रजमंडल यात्रा को सबसे पहले निशाना बनाया गया, उस यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं थीं। हिन्दू समाज में किसी भी धार्मिक आयोजन में महिलाएं हमेशा से अग्रणी और प्रमुख भूमिका निभाती रही हैं।**

धर्म

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से

सिर्फ दरवाज़ों पर शुभ- लाभ लिखने से कुछ नहीं होगा !

शुभ विचार रखिए, अपने लिये भी और दूसरों के लिये भी,लाभ ही लाभ होगा।

# शिक्षा बीच में छोड़ने की बढ़ती प्रवृत्ति चिन्ताजनक



ललित गर्ग

***आजादी*** के अमृतकाल को सार्थक करने में शिक्षा ही सर्वाधिक महत्वपूर्ण हो सकती है। कहा जा सकता है कि शिक्षा ही एक ऐसा हथियार भी है जिससे इंसान न केवल खुद को, बल्कि समाज, राष्ट्र एवं दुनिया को भी बदल सकता है। बात जब नया भारत-सशक्त भारत बनाने की हो रही है तो शिक्षा के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने एवं सर्वाधिक ध्यान देने की जरूरत है। लेकिन चिंता की बात यह है कि सरकारों की इस सकारात्मक सोच के बावजूद हमारी शिक्षा प्रणाली विपरीत संकेत देती रही है। भारत में उच्च शिक्षा एवं स्कूली शिक्षा में छात्र-छात्रों के ड्रॉपआउट्स की संख्या यानी बीच में ही पढ़ाई छोड देने की संख्या बढ़ना न केवल शिक्षा-व्यवस्था पर बल्कि सरकार की शिक्षा नीति एवं व्यवस्था पर एक बड़ा सवाल बनता जा रहा है। संसद में दिये गये एक जबाव के अनुसार देश के नामी उच्च शिक्षण संस्थानों में पिछले पांच साल के दौरान 34 हजार से ज्यादा छात्र बीच में ही पढ़ाई छोड़ गए। दूसरी ओर केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से सन 2022 की बोर्ड परीक्षाओं के विश्लेषण में बताया गया है कि दसवीं और बारहवीं के स्तर पर देश में लाखों बच्चे पढ़ाई छोड़ देते हैं। विश्लेषण के मुताबिक, पिछले साल पैंतीस लाख विद्यार्थी दसवीं के बाद ग्यारहवीं कक्षा में पढ़ने नहीं गये। इनमें से साढ़े सत्ताइस लाख सफल नहीं हुए और साढ़े सात लाख विद्यार्थियों ने परीक्षा नहीं दी। इसी तरह, पिछले साल बारहवीं के बाद 2.34 लाख विद्यार्थियों ने बीच में पढ़ाई छोड़ दी। इनमें से सतहत्तर फीसद ग्यारह राज्यों से थे। यानी करीब अट्ठावन लाख विद्यार्थी दसवीं और बारहवीं में पढ़ाई छोड़ देते हैं तो यह किसी भी सरकार के लिए बेहद चिंता की बात होनी चाहिए और यह समग्र शिक्षा व्यवस्था से लेकर सरकारी कल्याण कार्यक्रमों के जमीनी स्तर पर अमल पर सवालिया निशान है। बात उच्च शिक्षा की करें तो वैश्विक मापदण्डों पर हमारी शिक्षण संस्थाएं काफी पीछे नजर आती हैं। यह तो तब है जब आजादी के 76 सालों में सरकारों ने शिक्षा के प्रसार की दिशा में काफी प्रयास किये, बहुआयामी योजनाओं को आकार दिया एवं बजट में भी भारी भरकम प्रावधान किये हैं। 34 हजार से ज्यादा बीच में ही पढ़ाई छोड़ देने वाले छात्रों में भी दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्ग के विद्यार्थी ज्यादा हैं। ये संस्थान कोई सामान्य सरकारी कॉलेज नहीं बल्कि आइआइटी, एनआइटी और आइआइएसईआर, आइआइएम व केन्द्रीय विश्वविद्यालय और इनके जैसे स्तर के हैं। ऐसे संस्थानों में क्या पढ़ाई का स्तर व माहौल उचित नहीं है? सरकार और देश के शिक्षाविदों को इस तथ्य को लेकर भी चिंता करनी ही होगी कि बीते पांच साल में इन उच्च शिक्षण संस्थानों में दाखिला लेने वाले 92 विद्यार्थियों ने पढ़ाई के बीच में ही आत्महत्या क्यों कर ली? ऐसे ही आईआईटी बुम्बई के फर्स्ट ईयर के छात्र दर्शन सोलंकी ने पिछले दिनों खुदकुशी कर ली, इसके बाद वहां के छात्रों से अधिकारिक तौर पर कहा गया है कि छात्र एक दूसरे से जी (एडवांस) रैंक या गेट स्कोर के बारे में पूछताछ न करें। न ही ऐसा कोई सवाल करें जिससे छात्र की जाति और उससे जुड़े पहलू उजागर होते हो। इस तरह की गाइडलाइन की जरूरत केवल आईआईटी बुम्बई को ही नहीं, बल्कि सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को हैं। लेकिन सवाल तो यह भी है कि क्या ऐसे सांकेतिक कदमों से आत्महत्या की बढ़ती संख्या जैसी गंभीर समस्याओं को हल किया जा सकता है। किसी भी देश की शिक्षा व्यवस्था की कामयाबी इसमें है कि शुरूआती से लेकर उच्च स्तर तक की शिक्षा हासिल करने के मामले में एक निरंतरता हो।

**विश्लेषण के मुताबिक, पिछले साल पैंतीस लाख विद्यार्थी दसवीं के बाद ग्यारहवीं कक्षा में पढ़ने नहीं गये। इनमें से साढ़े सत्ताइस लाख सफल नहीं हुए और साढ़े सात लाख विद्यार्थियों ने परीक्षा नहीं दी।**

शिक्षा

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

**NEWS इन ब्रीफ**

## कटिहारः एक महिला सहित दो बच्चों की गला रेतकर हत्या

**कटिहार।** जिले के बेलोन थाना क्षेत्र अंतर्गत शिहपुर गांव में अज्ञात बदमाशों ने मंगलवार देर रात एक महिला सहित दो बच्चों की गला रेतकर हत्या कर दी। मृतकों में फिरोज आलम की पहली पत्नी सदब जरीन (35वर्ष), पुत्री फाय फिरोज (10वर्ष) और पुत्र फैजान फिरोज (05वर्ष) शामिल है। बारसोई अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रेमनाथ राम ने बुधवार को बताया कि घटनास्थल पर कमरे में मृतक महिला और दो बच्चों का शव खून से लथपथ पड़ा हुआ था। मृतक महिला के शरीर से केरोसिन तेल की गंध आ रही थी। प्रथम हष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि पहले महिला को मिट्टी तेल छिड़क कर जलाने का प्रयास किया गया। इसके बाद अपराधियों ने धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी। घटनास्थल से हथियार भी बरामद कर शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। इस मामले में मृतक महिला के पति फिरोज आलम एवं घर के अन्य सदस्यों से पूछताछ की जा रही है।

## हल्दिया में वज्रपात में चार लोगों की मौत

**हल्दिया।** पूर्व मेदिनीपुर जिले के हल्दिया में मंगलवार शाम वज्रपात की तीन घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई। सुताहाटा के होरखाली ग्राम पंचायत के बेगुनबेरिया गांव की राधारानी भौमिक (54) मंगलवार शाम तेज आंधी और बरसात के बीच खेत में मछली पकड़ने गई थीं। इसी दौरान वो वज्रपात की चपेट में आ गईं। घटनास्थल पर ही उन्होंने दम तोड़ दिया। हल्दिया के भवानीपुर थाना अंतर्गत बाराबारी गांव में दो किसान अपने खेत में काम कर रहे थे। मंगलवार शाम हुए वज्रपात में उनकी भी जान चली गई। मृतकों की पहचान समरेश बेरा (40) और पिंटू बेरा(45) के रूप में हुई है। इस घटना में गुरुपद बेरा नाम का एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। सुताहाटा थाना अंतर्गत हल्दिया नगर पालिका के वार्ड नंबर 14 में बिजली गिरने से एक महिला की मौत हो गई। महिला का नाम मामनी माली (40) है। वह कशबेरिया गांव की निवासी थी।

## नक्सलियों ने विस चुनाव का किया बहिष्कार

**जगदलपुर।** नक्सलियों के पश्चिम बस्तर डिवीजन कमेटी के प्रवक्ता मोहन ने बुधवार को प्रेस नोट जारी कर केंद्र और राज्य सरकार की नाकामी गिनाते हुए इस वर्ष होने वाले छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करते हुए वोट मांगने आने वाली कांग्रेस-भाजपा पार्टी के नेताओं को मार भगाने की बात कही है। उन्होंने छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार के अलावा केंद्र की भाजपा सरकार पर कई आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा का सिर्फ एक ही मकसद है कि पूरे देश को हिंदू राष्ट्र बनाना है। नक्सली प्रवक्ता का कहना है कि चाहे कांग्रेस हो या भाजपा जिस भी पार्टी के नेता वोट मांगने आए उन्हें मार भगाया जाए। इसके बाद बस्तर के नेताओं को चुनाव के समय प्रचार करने का भी खौफ रहेगा। बावजूद इसके नक्सली अपने हित के अनुसार अंदरूनी समझौते के आधार पर किसी भी पार्टी या उम्मीदवार का समर्थन भी करते रहे हैं। नक्सली प्रवक्ता मोहन ने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में शराबबंदी की बात कही थी। लेकिन सरकार बनने के बाद भी शराब बंद नहीं हुई। क्योंकि सरकार को शराब से सालाना 6500 करोड़ रुपये का मुनाफा होता है। इसके अलावा बेरोजगारों को 2500 रुपये बेरोजगारी भत्ता देने को कहा था। सरकार बने साढ़े 04 साल का वक्त हो गया है, लेकिन, बेरोजगारी भत्ता नहीं दिया गया है। साथ ही तेंदूपत्ता की राशि भी नहीं बढ़ाई गई है। पूरे बस्तर में 54 से ज्यादा पुलिस कैंप स्थापित किए गए हैं।

### सीएम योगी ने वाराणसी और गोरखपुर में नए कमिश्नरी भवन को लेकर की बैठक, कहा

# भवनों में संस्कृति की झलक हो

**एजेंसी। लखनऊ**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में वाराणसी और गोरखपुर में नए कमिश्नरी और कलेक्ट्रेट भवन के संबंध में प्रस्तुतिकरण का अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि वाराणसी और गोरखपुर के कमिश्नरी कार्यालयों की पहचान आइकॉनिक बिल्डिंग के तौर पर होनी चाहिए। इसको ध्यान में रखकर दोनों कार्यालयों को डिजाइन करें। दोनों कमिश्नरी के भवनों में स्थानीय संस्कृति की झलक दिखाई दे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जनता की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए हमें सभी कार्यालयों को एक जगह पर लाना है। एकीकृत कमिश्नरी कार्यालय का उद्देश्य यह है कि इससे सभी विभागों की मॉनिटरिंग करने में आसानी होगी। एक छत के नीचे सभी कार्यालयों के होने से जनता को भटकना नहीं पड़ेगा।

वाराणसी और गोरखपुर कमिश्नरी कार्यालयों को हमें एक मॉडल के तौर पर प्रस्तुत करना है। इससे जनता के बीच एक सकारात्मक संदेश जाएगा।

उन्होंने कहा कि दोनों भवनों का निर्माण ऐसा हो जो व्यवहारिक लगे। कार्यालयों के लिए उतनी ही जमीन उपयोग में लें, जितनी आवश्यक हो। गोरखपुर और वाराणसी विकास प्राधिकरण इस बात का ध्यान रखें कि दोनों एकीकृत कार्यालयों में कॉन्फ्रेंस हॉल, ओपन ऑफिस, क्यूबिकल ऑफिस और स्टोरेज की व्यवस्था हो। साथ ही इन कार्यालयों में बैंक, जिम, कैफेटेरिया और पार्किंग की भी व्यवस्था रहे। कार्यालयों के बन जाने के बाद चरणबद्ध तरीके से गोरखपुर और वाराणसी में सभी कार्यालयों को शिफ्ट करें।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि दोनों शहरों के विकास प्राधिकरण को निर्देश दिया कि मण्डलीय कार्यालयों में वाणिज्यिक और सरकारी कार्यालयों को अलग-अलग रखें। उन्होंने कहा कि दोनों ही शहरों में ट्विन बिल्डिंग के निर्माण कार्य में तेजी लाएं। इसमें एक में सभी सरकारी कार्यालय, जबकि दूसरे भवन का वाणिज्यिक उपयोग किया जाए। इसके अलावा नया भवन बनने के बाद जो भी कार्यालय खाली हों, उनके शिफ्ट कराए गए कार्यालयों की खाली भूमि को 'मोनेटाइज' कर व्यवसायिक उपयोग में लाएं।

इस प्रक्रिया को तेजी के साथ आगे बढ़ाया जाए। वाराणसी में भवन निर्माण और डिजाइन बनाने के लिए आईआईटी बीएचयू का भी सहयोग लिया जाए। अधिवक्ताओं के बैठने के लिए समुचित व्यवस्था हो। जनता, अधिकारी कर्मचारी और अधिवक्ताओं की गाड़ियों की पार्किंग की व्यवस्था होनी चाहिए और इनके लिए एंट्री एवं एग्जिट की अलग अलग व्यवस्था होनी चाहिए।

## सौतेली मां व भाई की तलवार से हत्या, बहन गंभीर

**रायपुर।** रायपुर के उरला थानांतर्गत सरोरा में एक युवक ने सौतेली मां और सौतेले भाई की बेरहमी से हत्या कर दी, जबकि हमले में सौतेली बहन गंभीर रूप से घायल है । दोहरे हत्याकांड की वजह पारिवारिक विवाद बताई जा रही है। पुलिस आरोपित राजकुमार साहू को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है।पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना मंगलवार रात 10-11 बजे के बीच की बताई जा रही है। विवाद उस वक्त शुरू हुआ जब परिवार के लोग खाना खा रहे थे। सौतेली मां हेमिन साहू ने आरोपित राजकुमार साहू से कोई काम करने के लिए कहा। इस पर आरोपित भड़क उठा और गुस्से में आकर तलवार से सौतेले मां और भाई रोहन साहू एवं बहन पर हमला कर दिया। हमले में मां और भाई की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बहन गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल बहन को अस्पताल में भर्ती किया गया है, जहां उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। उरला थाना प्रभारी बृजेश कुशवाहा ने बताया कि सौतेले बेटे ने मां और सौतेले भाई की हत्या कर दी। हालांकि पुराने विवाद के चलते हत्या की वजह सामने आ रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# ईडी ने कहा, कालीघाट वाले काकू ने बेची नौकरी

**एजेंसी। कोलकाता**

राज्य के बहुचर्चित शिक्षक नियुक्ति भ्रष्टाचार मामले में केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अपने हालिया दाखिल चार्जशीट में कई चौंकाने वाले दावे किए हैं। एक दावा यह भी है कि इसी मामले में गिरफ्तार कालीघाट वाले काकू यानी सुजय कृष्ण भद्र ने तृणमूल दफ्तर में बैठकर शिक्षक की नौकरी बेची है। केंद्रीय जांच एजेंसी के सूत्रों के मुताबिक, सुजयकृष्ण भद्र स्कूल भर्ती घोटाले के "मुख्य किरदारों" में से एक हैं। आरोप पत्र में आरोप लगाया गया है कि यह सुजॉय ही था जो अभिषेक बनर्जी के संदेश (किस तरह के संदेश, हालांकि यह अभी तक स्पष्ट नहीं है) माणिक भट्टाचार्य तक पहुंचा रहा था, जो इस भ्रष्टाचार मामले में मुख्य कड़ियों में से एक है। ईडी ने आरोप पत्र में आरोप लगाया है कि वह खास कालीघाट स्थित तृणमूल पार्टी कार्यालय में बैठकर नौकरियां बेचने का गिरोह चलाता था। ईडी ने शुक्रवार को "काकू" के नाम पर चार्जशीट पेश की थी। जांच एजेंसी के मुताबिक, सुजॉय ने पूछताछ के दौरान जांच अधिकारियों के सामने यह बात कबूल की है। इस आरोप पत्र में ईडी ने कहा कि सुजॉय



प्राथमिक शिक्षा बोर्ड के अपदस्थ अध्यक्ष माणिक के करीबी थे, जो भर्ती भ्रष्टाचार के आरोप में जेल की हिरासत में हैं। जांचकर्ताओं के अनुसार, सुजॉय ने ही उन्हें बताया था कि मुख्य रूप से उनकी सिफारिश पर ही माणिक को 2021 विधानसभा चुनाव में तृणमूल उम्मीदवार के रूप में टिकट मिला था। हाल ही में दायर की गई चार्जशीट में ईडी ने आरोप लगाया है कि सुजॉय कालीघाट स्थित तृणमूल कार्यालय में बैठकर अवैध तरीके से नौकरी चाहने वालों से मिलते थे। उन्होंने भर्ती भ्रष्टाचार के आरोपी दो निष्कासित तृणमूल युवा नेताओं कुंतल घोष और शांतनु बनर्जी और कालीघाट के उस कार्यालय में बैठे निजी कॉलेज संगठन के नेता तापस मंडल के साथ भी बैठक की थी।

# विपक्षी गठबंधन के पास पीएम के चेहरे की कमी नहीं : शिवपाल

**एजेंसी। बलिया**

सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने कहा कि ऐसा नहीं है कि हमारे गठबंधन आईएनडीआईए के पास प्रधानमंत्री पद के लिए चेहरा नहीं है। इस गठबंधन के सभी दलों के पास एक से बढ़ कर एक नेता हैं। देश के लिए इन सभी नेताओं को योगदान दिया है। प्रधानमंत्री का चेहरा गठबंधन ही तय करेगा।

शिवपाल यादव ने बुधवार को फेफना में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि 2024 में हम इंडिया गठबंधन से लड़ेंगे। पूर्वांचल से लड़ाई का आगाज कर दिया गया है। हम सभी जिलों में ठहर कर कार्यकताओं के संगठन को मजबूत



कर रहे हैं। कम से कम 50 सीटे जीतेंगे। सपा चुनाव को लेकर पूरी तरह से तैयार है। संगठन को मजबूत करने में लगे हैं।

यादव ने कहा कि एनडीए को हम बसपा के साथ मिलकर नहीं रोक पाए थे। कुछ चूक हुई थी, हालांकि संगठन मजबूत हुआ। मायावती भाजपा के साथ हैं। बोले, जयन्त चौधरी सहित अन्य लोगों के खिलाफ भाजपा झूठा प्रचार कर रही है। बाहुबली मुख्तार अंसारी के बेटे विधायक अब्बास अंसारी को लेकर कहा कि अभी वे सुभसपा के विधायक हैं। समाजवादी पार्टी का दरवाजा खुला है। राष्ट्रीय अध्यक्ष तय करेंगे।

भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि उप्र में स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई हैं। बिजली की समस्या से लोग बेहाल हैं। शहरों में गंदगी का अंबार है। भाजपा के नौ साल बेमिसाल नारे पर सवाल उठाते हुए कहा कि हम अपने काम गिनाने लग जाएं तो घण्टों लग जाएंगे। भाजपा सभी मोर्चों पर फेल है। ये लोग झूठे नारे अच्छी तरह से देते हैं।

# छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री मोदी से मांगे 15 लाख आवास

**एजेंसी। रायपुर**

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत प्रतीक्षा सूची के शेष आवासों के लिए लक्ष्य आबंटित करने का अनुरोध किया है। मुख्यमंत्री ने इसके साथ ही प्रधानमंत्री से प्रदेश में आवास प्लस के 8 लाख 19 हजार 999 हितग्राही परिवारों के लिए भी लक्ष्य आबंटित करने का अनुरोध किया है। मुख्यमंत्री भूपेश ने पत्र में लिखा है कि प्रदेश में वर्तमान में प्रधानमंत्री आवास योजनातंर्गत कुल 18 लाख 75 हजार 585 हितग्राही भारत सरकार की सामाजिक- आर्थिक जाति जनगणना-2011



(एसईसीसी-2011 ) की स्थायी प्रतीक्षा सूची ग्रामीण में दर्ज है। उपरोक्त सूची से वर्ष 2016-2023 तक कुल 11 लाख 76 हजार 146 हितग्राहियों को आवास की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। स्वीकृति पश्चात योजना में लगभग 73.5 प्रतिशत (आठ लाख 63 हजार 567) आवास निर्माण सफलतापूर्वक पूर्ण किया जा चुका है। इस प्रकार स्थायी प्रतीक्षा सूची छह लाख 99 हजार 439 लक्ष्य प्राप्ति हेतु शेष है। यह भी कि वर्ष 2021-22 हेतु आवंटित सात लाख 81 हजार 999 आवास के लक्ष्य को भारत सरकार द्वारा वापस ले लिया गया। इस लक्ष्य को राज्य को पुनः आवंटित करने हेतु राज्य शासन के पत्र क्रमांक 5026 18 अगस्त 2022 के माध्यम से भारत सरकार को इन आवास को किश्तों में देने का अनुरोध किया गया है, किन्तु भारत सरकार की ओर से कृत कार्रवाई की जानकारी आज दिनांक तक अपेक्षित है। मात्र वर्ष 2022-23 में 79,000 आवास का ही लक्ष्य दिया गया है। मुख्यमंत्री भूपेश ने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि मैं आपका ध्यान इस ओर आकृष्ट करना चाहूंगा कि कोविड-19 की विषम परिस्थितियों के बावजूद भी छत्तीसगढ़ राज्य आवास पूर्णता की दिशा में राष्ट्रीयस्तर पर अग्रणी रहा है। प्रारंभ से अब तक प्रधानमंत्री आवास योजना हेतु औसत वार्षिक व्यय अपने अनुमानित वार्षिक बजट की तुलना में राज्य का प्रदर्शन बेहतर परिलक्षित हुआ है। कृपया इस तथ्य से भी अवगत होवें कि राज्य सरकार के द्वारा वर्ष 2020-21 एवं 2022-23 में स्वीकृत 2,36,813 आवासों को पूर्ण करने के लिये वर्ष 2023-24 के बजट में राशि रुपये 3238.00 करोड़ का प्रावधान किया गया है,

# नूंह हिंसा पर गरमाई राजनीति, दिग्गी-कमलनाथ ने किए ट्वीट, बजरंग दल का विरोध प्रदर्शन

**एजेंसी। भोपाल**

नूंह में हो रही हिंसा को लेकर प्रदेश की राजनीति भी गमार्ती जा रही है। बुधवार को इसके खिलाफ बजरंग दल ने राजधानी में विरोध प्रदर्शन किया, वहीं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने इसे लेकर ट्वीट किए हैं।

हरियाणा के नूंह में हुई हिंसा के विरोध में बजरंग दल ने भोपाल में प्रदर्शन किया। बजरंग दल के कार्यकर्ता कलेक्टर कार्यालय में तख्तियां लेकर पहुंचे। बजरंग दल के प्रांतीय संयोजक सुशील सुंडेले ने कहा, देश विरोधी विधर्मियों ने हरियाणा में महिलाओं पर हमला



किया। ऐसे देश विरोधी विधर्मियों पर सरकार को तत्काल कार्रवाई करना चाहिए। उन्होंने कहा, घटना के पीछे जो भी आरोपी हैं, केंद्र और राज्य सरकार उन्हें फांसी के फंदे पर लटकाए। कार्यकताओं ने कहा- धार्मिक यात्राओं पर हमले हो रहे हैं, सरकार आरोपियों को फांसी दे। दूसरी तरफ नूंह की हिंसा को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने बजरंग दल को घेरा है। उन्होंने राहुल गांधी के ट्वीट को रीट्वीट करते हुए लिखा- अब बजरंग दल पूरे देश में इस नफरत की आग को फैलाने की साजिश कर रहा है। इसका मुकाबला केवल 'मोहब्बत की दुकान' खोलकर ही हो सकता है। एक अन्य ट्वीट में दिग्विजय सिंह ने पूछा- हथियार कहां से आए? क्या हथियार लेकर जुलूस निकालना वैधानिक है? मध्यप्रदेश के स्व. भूतपूर्व मुख्यमंत्री द्वारिका प्रसाद मिश्रा कहते थे कि सांप्रदायिक दंगा तभी होता है, जब मुख्यमंत्री चाहता है।

वहीं, नूंह हिंसा पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने ट्वीट कर लिखा- भाजपा और उसके संगी-साथी सामाजिक सोच को हिंसक बनाने की चाहे जितनी कोशिश कर लें, देश के हृदय में कांग्रेस का दिया ह्यअहिंसा और भाईचारे का सिद्धांतह्व हमेशा धड़कता रहता है। हिंसक लोग कुछ समय के लिए लोगों को भटका तो सकते हैं,

# हरियाणा में हिंसा सरकार की नाकामी, खुफिया तंत्र पूरी तरह फेलः मायावती

**एजेंसी। लखनऊ**

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख और उप्र की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने बुधवार को एक पत्रकारवार्ता कर कहा कि हरियाणा राज्य में सांप्रदायिक दंगा भड़कना, इस हिंसा में कई लोगों के हताहत होने के साथ ही धार्मिक स्थल सहित लोगों की सम्पत्ति की हानि होने से यह साबित होता है कि मणिपुर की तरह ही हरियाणा राज में भी कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त है। वहां की सरकार का खुफिया तंत्र भी निष्क्रिय है। जो दुखद, दुर्भाग्यपूर्ण और चिंता जनक है। पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि हरियाणा सरकार का यह दावा



है कि सांप्रदायिक दंगा विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) की यात्रा पर इनके और अन्य सहयोगी संगठन की यात्रा पर पथराव को लेकर शुरू हुआ। इससे यह स्पष्ट है कि हरियाणा सरकार उस यात्रा को सुरक्षा देने में असफल है। उनका मानना है कि राज्य का शासन, प्रशासन और यहां का खुफिया तंत्र इन मामलों में चुस्त और दुरुस्त रहने चाहिए। कुल मिलाकर यहां की राज्य सरकार की नीति और नियत को लेकर भी सवाल उठना स्वाभाविक है। हरियाणा सरकार प्रस्तावित इस यात्रा व जुलूस एवं प्रदर्शन को सुरक्षा नहीं दे पाती है तो सरकार द्वारा ऐसे यात्रा को लेकर अनुमति क्यों दी जाती है। इसको लेकर सभी राज्यों को सोचना चाहिए। उन्होंने कहा कि खासकर नूंह की घटना को लेकर उन्हें यह लगाता है कि हरियाणा सरकार के पास हिंसा को रोकने के लिए पूरी तरह से अभाव है। वैसे हरियाणा और मणिपुर की घटना बेहद शर्मनाक है।

**पहल** | उत्तर प्रदेश के 18 जिलों में अटल आवासीय विद्यालयों का संचालन होना है।

# रेजिडेंशियल स्कूलों में पढ़ेंगे अनाथ, गरीब बच्चे

**एजेंसी। लखनऊ**

यूपी सरकार राज्य के गरीब, अनाथ और श्रमिकों के होनहार बच्चों को बेहतरीन सुविधाओं से युक्त रेजिडेंशियल स्कूलों में पढ़ाने की तैयारी को अंतिम रूप देने में लगी है। प्रदेश के 18 जिलों में अटल आवासीय विद्यालयों का संचालन होना है। इनमें भी 16 जिलों में भवन निर्माण का काम करीब-करीब पूरा हो चुका है। इनमें अगस्त महीने के अंत तक कक्षा 6 के लिए पठन-पाठन शुरू करने की तैयारी है। वहीं, बाकि बचे 2 विद्यालयों को भी इस साल के अंत तक क्रियाशील किया जा सकता है।

1189.88 करोड़ की लागत से बन रहे इन 18 रेजिडेंशियल स्कूलों में सभी उच्चस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध होंगी। सीबीएसई बोर्ड से मान्यता



प्राप्त इन स्कूलों में कक्षा 6 से 12 तक की शिक्षा दी जाएगी। विभाग की ओर से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में 18 स्थानों - आजमगढ़, बस्ती, लखनऊ, अयोध्या, बुलंदशहर (मेरठ), गोण्डा, गोरखपुर, ललितपुर (झांसी), प्रयागराज, सोनभद्र (मीरजापुर), मुजफ्फरनगर (सहारनपुर), बांदा, अलीगढ़, आगरा, वाराणसी, कानपुर, बरेली और मुरादाबाद - पर अटल आवासीय विद्यालय का संचालन होना है। अटल आवासीय विद्यालयों के लिए टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ की नियुक्ति प्रक्रिया को भी करीब-करीब पूरी कर ली गई है। इनमें प्राचार्यों की नियुक्ति 5 अप्रैल तक पूरी हो चुकी है, जबकि प्रशासनिक अधिकारियों की नियुक्ति की प्रक्रिया को 22 जून को पूरा कर लिया गया है। इसी प्रकार शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया को 26 जून को पूरा कर लिया गया है। नॉन टीचिंग स्टाफ के लिए इंटरव्यू प्रक्रिया जारी है, जोकि अंतिम चरण में है।

साथ ही सभी स्कूलों के लिए फर्चीनर, मेस सर्विस, फैकल्टी मैनेजमेंट, यूनिफॉर्म और अन्य एसेसिरीज की उपलब्धता भी जल्द से जल्द पूरी हो जाएगी। यह कार्य भी अंतिम चरण में है। प्रदेश में स्थापित होने जा रहे 18 अटल आवासीय विद्यालयों में जहां मुफ्त हॉस्टल की सुविधा होगी, वहीं बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सेंट्रल एकेडमिक टीम की ओर से यूनिक एकेडमिक करिकुलम भी डिजाइन किया गया है। साथ ही कंप्यूटर, साइंस, मैथेमेटिक्स, सोशल साइंस, अटल थिंकरिंग और एक्सपेरिमेंटल लैब भी होंगे।

विद्यालय परिसर पूरी तरह से हरियाली से परिपूर्ण होंगे। अटल आवासीय विद्यालय की महानिदेशक निशा अनंत ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों से बच्चों के प्रवेश की प्रक्रिया को पूरा कर लिया गया है। हमारा प्रयास है कि अगस्त माह के अंत तक हम 18 में से 16 विद्यालयों में कक्षा 6 में पठन-पाठन का कार्य शुरू करा दें। बाकी बचे दो विद्यालयों में भी इस साल के अंत तक कक्षा 6 में पढ़ाई शुरू हो, इसके लिए विभाग तेज गति से कार्य कर रहा है।

## तालाब में मतपेटियां मिलने से हड़कंप

**उत्तर 24 परगना।** पंचायत चुनाव खत्म हुए तकरीबन महीना भर बीतने को है लेकिन राज्य के विभिन्न इलाकों से मत बेटियों के बरामद होने का सिलसिला अभी भी थमा नहीं है। ताजा मामला उत्तर 24 परगना जिले के गोपालनगर का है जहां बुधवार को एक तालाब से ढेर सारे वोटर कार्ड बरामद हुए गए। वहीं दक्षिण 24 परगना जिले के मगराहाट में एक तालाब से तीन मतपेटियां बरामद की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वोटर कार्ड के बरामदगी की घटना गोपालनगर थाने के दक्षिण सुंदरपुर गांव में बुधवार सुबह करीब 10 बजे हुई। सुबह तालाब के मालिक नजरूल मंडल ने मछली पकड़ने के लिए तालाब में जाल फेंका। तभी जाल में वोटर कार्ड का एक बंडल भी आ गया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और वोटर कार्डों को अपने कब्जे में ले लिया।

### संजय मल्होत्रा भारत को बनाएंगे चिप का बादशाह

# चीनी कंपनियों में आयेगी गिरावट, आयात होगा बंद

**एजेंसी। नई दिल्ली**

उत्तर प्रदेश के कानपुर में जन्मे संजय मल्होत्रा इन दिनों खूब चर्चा में हैं। संजय भारत के चिप मिशन को पूरा करने में उसकी मदद कर रहे हैं। संजय मल्होत्रा अमेरिकी कंपनी माइक्रॉन के सीईओ हैं। माइक्रॉन अमेरिकी सेमीकंडक्टर चिप मेंकिंग कंपनी है, जो गुजरात में अपनी प्लांट लगाने जा रही है। माइक्रॉन भारत में 2.7 अरब डॉलर का निवेश करने जा रही है। ये निवेश भारत के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि ये भारत के सेमीकंडक्टर हब बनने से सपने की ओर उसका पहला कदम है। इस मिशन में माइक्रॉन को साथ मिला है। कंपनी भारत में पहला सेमीकंडक्टर प्लांट लगाने जा रही है, जो भारत के चिप मिशन को बल देगा। भारत के इस चिप मिशन से जहां चीन में खलबली मची है तो



वहीं अमेरिका का साथ मिल रहा है। सेमीकंडक्टर कंपनी माइक्रोन टेक्नोलॉजी के चेयरमैन और सीईओ संजय मल्होत्रा ने कहा कि उनकी कंपनी 2.75 अरब डॉलर के निवेश से गुजरात में देश का पहला चिप विनिर्माण प्लांट लगाने वाली है। भारत के चिप मिशन में जहां अमेरिका का साथ मिल रहा है तो वहीं चीन को यह रास नहीं आ रहा । भारत के चिप मिशन से चीन घबराया हुआ है। तभी तो वो कभी सेमीकंडक्टर निर्माण में दो तत्वों गैलियम और जर्मेनियम के निर्यात पर अंकुश लगा रहा है तो कभी भारत में निवेश के लिए आ रही चिप मेकिंग कंपनियों को भड़काने का काम कर रहा है। खैर आज बात चीन के अड़चनों की नहीं बल्कि संजय मल्होत्रा की करेंगे।

संजय मल्होत्रा का जन्म 27 जून 1958 को उत्तर प्रदेश के कानपुर में हुआ । शुरूआती पढ़ाई दिल्ली के सरदार पटेल स्कूल से हुई। बीट्स पिलानी से उन्होंने इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की। बाद में इलेक्ट्रिकल इंजीनियर और कंप्यूटर साइंस की पढ़ाई के लिए वो अमेरिका चले गए। उन्हें बोइस स्टेट यूनिवर्सिटी से डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। संजय ने साल 1988 में पॉपुलर स्टोरेज ब्रांड सैनडिस्क की शुरूआत की। वो सैनडिस्क के को फाउंडर थे। उन्होंने साल 2011 से लेकर 2016 तक सेनडिस्क के सीईओ का पद संभाला है।

### अंबुजा सीमेंट्स का मुनाफा 31% उछलकर 1135 करोड़ हुआ

**नई दिल्ली।** अंबुजा सीमेंट का एकीकृत शुद्ध लाभ जून तिमाही में सालाना आधार पर 31.21 प्रतिशत बढ़कर 1,135 करोड़ रुपए पर पहुंच गया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 865 करोड़ रुपए था। अडानी समूह की सीमेंट और निर्माण सामग्री कंपनी ने कहा कि बीती तिमाही के दौरान उसका शुद्ध राजस्व सालाना आधार पर 8.46 प्रतिशत बढ़कर 8,713 करोड़ रुपए पर पहुंच गया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 8,033 करोड़ रुपए रहा था। पहली तिमाही में कंपनी का ईबीटाडा 55 फीसदी बढ़कर 1,930 करोड़ रुपए हो गया, जबकि एबिटा मार्जिन सालाना आधार पर 6.7 फीसदी बढ़कर 15.5 फीसदी से 22.2 फीसदी हो गया। अंबुजा सीमेंट्स के अनुसार मिश्रित सीमेंट में वृद्धि के साथ-साथ दक्षता मानकों में सुधार से निरंतर बिक्री वृद्धि को समर्थन मिला।

### शेयर बाजार में मचा हाहाकार, सेंसेक्स में 1,000 अंक से ज्यादा गिरावट

# निवेशकों के पांच लाख करोड़ डूबे

**एजेंसी। नई दिल्ली**



घरेलू शेयर मार्केट में आज भारी गिरावट देखी जा रही है। फिच ने अमेरिका की रेटिंग में कटौती की है। साल 2011 के बाद यह पहला मौका है जब किसी एजेंसी ने दुनिया की सबसे बड़ी इकॉनमी की रेटिंग में कटौती की है। बुधवार को दुनियाभर के शेयर बाजारों में इसका व्यापक असर देखने को मिला। स्थानीय शेयर बाजार भी गिरावट के साथ खुले। दिन चढ़ने के साथ ही इसमें और ज्यादा गिरावट आई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स करीब 1,000 अंक की गिरावट के साथ 66,500 अंक से नीचे चला गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 19,5000 अंक से नीचे आ गया। दोपहर बाद 2.15 बजे सेंसेक्स 970.25 अंक यानी 1.46 परसेंट की गिरावट के साथ 65,489.06 अंक पर ट्रेड कर रहा था। निफ्टी भी 303.60 अंक यानी 1.54 फीसदी गिरावट के साथ 19,429.95 अंक पर था। इस गिरावट से निवेशकों के करीब पांच लाख करोड़ रुपये स्वाहा हो गए हैं। सभी सेक्टोरल इंडेक्स गिरावट के साथ ट्रेड कर रहे हैं। सबसे ज्यादा गिरावट बैंकिंग और मेटल शेयरों में आई है। टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, हीरो मोटो, आयशर मोटर्स और कोल इंडिया के शेयरों में दो फीसदी से अधिक गिरावट आई है। रिलायंस और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में भी करीब 1.5 फीसदी गिरावट आई है। सेंसेक्स के 30 में से 27 शेयर गिरावट पर हैं। अन्य एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में थे। मंगलवार को अमेरिकी बाजार नकारात्मक रुख के साथ बंद हुए थे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.85 प्रतिशत बढ़कर 85.63 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर था।

### सोने-चांदी की कीमतों में तेजी

**नई दिल्ली।** घरेलू वायदा बाजार यानी टउ पर सोने और चांदी की कीमतों में तेजी है। टउ पर सोने का भाव हल्की तेजी के साथ 58950 रुपए के पार पहुंच गया है। इसी तरह चांदी की कीमत में भी मजबूती है। टउ पर चांदी 300 रुपए महंगी होकर 74248 रुपए प्रति किलोग्राम के पास पहुंच गई है। ग्लोबल बाजार में भी सोना और चांदी आज उछाल पर ही बने हुए हैं। कॉमैक्स पर सोना आज 1,984.15 डॉलर प्रति औंस पर है और इसमें 5.35 डॉलर प्रति औंस या 0.27 फीसदी की उछाल के साथ ट्रेड देखा जा रहा है। सोने के ये दाम इसके दिसंबर वायदा के लिए हैं। चांदी में भी ग्लोबल बाजार में उछाल देखा जा रहा है और ये आधा फीसदी की उछाल के साथ बनी हुई है। कॉमैक्स पर सिल्वर आज 0.50 फीसदी की उछाल के साथ 24.448 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड कर रही है।

### टॉप-50 डिफॉल्टर्स ने बैंकों के 87295 करोड़ नहीं लौटाए

# मेहुल चोकसी पर सबसे ज्यादा 8,738 करोड़ रुपए का बकाया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को राज्यसभा में बताया कि टॉप 50 विलफुल डिफॉल्टरों पर 31 मार्च 2023 तक बैंकों और वित्तीय संस्थानों का 87,295 करोड़ रुपए बकाया है। इन विलफुल डिफॉल्टर्स में भगोड़े मेहुल चोकसी की गीतांजलि जेम्स लिमिटेड, ऋषि अग्रवाल की एबीजी शिपयार्ड लिमिटेड, आरईआई एग्रो लिमिटेड और एरा इंफ्रा इंजीनियरिंग लिमिटेड शामिल हैं। वित्त राज्य मंत्री डॉ.



भागवत कराड ने राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में कहा कि विलफुल डिफॉल्टर यानी जानबूझकर कर्ज न चुकाने वालों में से टॉप 10 पर शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंकों का 40,825 करोड़ रुपए बकाया है। वहीं भगोड़े मेहुल चोकसी की गीतांजलि जेम्स सबसे बड़ी विलफुल डिफॉल्टर है। उस पर बैंकों का 8,738 करोड़ रुपए बकाया है। एक अलग जवाब में कराड ने कहा कि 2022-23 में फ्रॉड के 66,069 मामले सामने आए। इससे ?85.25 करोड़ का नुकसान हुआ। पिछले साल धोखाधड़ी के 65,893 मामले सामने आए थे। इससे 115.36 करोड़ का नुकसान हुआ था। उन्होंने कहा कि धोखाधड़ी वाले ऑनलाइन ट्रांजेक्शन को रोकने के लिए आरबीआई समय-समय पर विनियमित संस्थाओं को निर्देश जारी करता रहा है। करीब 7 महीने पहले संसद के निचले सदन में अपने जवाब में, वित्त राज्य मंत्री भगवत कराड ने कहा था कि कर्ज वसूली के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। विलफुल डिफॉल्टर्स को नया लोन नहीं मिलता है और आरबीआई के नियमों के अनुसार उन्हें 5 साल के लिए नए वेंचर को स्थापित करने की अनुमति नहीं है।

### रिकॉर्ड 6.77 करोड़ आयकर रिटर्न जमा हुए: आयकर विभाग

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने कहा कि आकलन वर्ष 2023-24 के लिए 31 जुलाई तक रिकॉर्ड 6.77 करोड़ आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल किए गए। इनमें से 53.67 लाख लोगों ने पहली बार रिटर्न भरा है। आयकर विभाग ने एक बयान में आईटीआर जमा करने की समयसीमा समाप्त होने के बाद कहा, ₹कर आकलन वर्ष 2023-24 के लिए 31 जुलाई तक 6.77 करोड़ से अधिक आईटीआर जमा किए गए हैं। यह संख्या पिछले साल की समान अवधि तक जमा 5.83 करोड़ रिटर्न से 16.1 प्रतिशत अधिक है। आयकर विभाग ने वेतनभोगी करदाताओं को आईटीआर जमा करने के लिए 31 जुलाई तक का समय दिया था। इसके अलावा वित्त वर्ष 2022-23 में अर्जित आय के ऑडिट की जरूरत न होने वाले करदाता भी इस तारीख तक अपना रिटर्न जमा कर सकते थे। विभाग ने पहले ही साफ कर दिया था कि इस बार वह आईटीआर जमा करने की समयसीमा आगे नहीं बढ़ाएगा। ऐसी स्थिति में समयसीमा खत्म होने के अंतिम दिन यानी 31 जुलाई को 64.33 लाख से अधिक रिटर्न जमा किए गए।

### 2000 रुपये के नोट को लेकर आरबीआई ने दिया अपडेट

# अब तक 3.14 लाख करोड़ रुपये बैंकों में वापस आए




**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा कि 2,000 रुपये मूल्य के करीब 88 प्रतिशत नोट 31 जुलाई तक बैंकों में वापस आ चुके हैं। 31 जुलाई तक 2,000 रुपये के कुल 3.14 लाख करोड़ रुपये मूल्य के नोट चलन से वापस आ चुके हैं। आरबीआई ने 19 मई को 2,000 रुपये मूल्य के नोट को चलन से बाहर करने की घोषणा की थी। उपभोक्ताओं को 30 सितंबर तक ये नोट बैंकों में जमा करने या वहां पर बदलने की सुविधा दी गई है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने 2000 रुपये के नोटों को सकुर्लेशन से बाहर करने का फैसला किया। हालांकि नोट चलन में जारी है। लोगों के इन नोटों को बदलने के लिए 30 सितंबर तक का वक्त दिया गया। चूंकि आरबीआई ने घोषणा से पहले से ही 2000 के नोटों का सकुर्लेशन काफीवकम कर दिया था, एटीएम से नोट पहले से कम निकल रहे थे। ऐसे में आरबीआई के फैसले बैंकों के बाहर बहुत भीड़ नहीं दिखी। आरबीआई ने कहा कि 31 जुलाई तक 2000 के 88 फीसदी नोट वापस आ चुके हैं। अब तक कुल 3.14 लाख करोड़ रुपये मूल्य के नोट चलन से वापस आ चुके हैं। जब आरबीआई ने 2000 रुपये के नोटों को बाजार से हटाने का फैसला किया।

## विदेश

### यूक्रेन खाद्यान्न समझौते में रुकावट से यूएन के फूड प्रोग्राम पर पड़ा असर

**कीवी।** यूक्रेन से खाद्यान्न को अफ्रीका, पश्चिम एशिया तथा एशिया के देशों में निर्यात करने के लिए हुए ऐतिहासिक समझौते में रुकावट आने के कारण संयुक्त राष्ट्र की खाद्य एजेंसी का काम प्रभावित हो रहा है जिससे संकटग्रस्त देशों में मदद पहुंचाने में दिक्कतें आ रही हैं। विश्व खाद्य कार्यक्रम (हऋढ) के उप कार्यकारी निदेशक कार्ल एस ने कहा, ह्यह्यअब हमें अनाज के लिए किसी और देश से मदद लेनी होगी। हम नहीं जानते कि बाजार की क्या स्थिति रहती है लेकिन खाद्य पदार्थ की कीमतों में वृद्धि होगी। डब्ल्यूएफपी ने मंगलवार को बजट में कटौती का हवाला देते हुए जॉर्डन में दो शिविरों में रह रहे 1,20,000 सीरियाई शरणार्थियों के लिए हर माह दी जाने वाली नकद सहायता राशि को कम करना शुरू कर दियाजिससे शरणार्थी और जॉर्डन के अधिकारी परेशान हैं। एजेंसी ने कहा कि वह जॉर्डन में 50,000 शरणार्थियों को दी जाने वाली मदद में धीरे-धीरे कटौती करेगी।

### वॉयजर 2 के 'दिल की धड़कन' सुन नासा ने ली राहत की सांस

# 19.9 अरब किमी दूर अंतरिक्ष में खो गया था सैटेलाइट

**एजेंसी। वॉशिंगटन**

अरबों किलोमीटर दूर स्थित एक पुराने सैटेलाइट से संपर्क कट जाने के बाद अब धरती के वैज्ञानिकों ने राहत की सांस ली है। अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने विगत मंगलवार को कहा कि मिशन कंट्रोल की ओर से गलती से संपर्क टूट जाने के बाद नासा के वॉयजर 2 प्रोब ने पृथ्वी पर 'हार्टबीट' सिग्नल भेजा है। इस सैटेलाइट को 1977 में बाहरी ग्रहों की खोज और व्यापक ब्रह्मांड में इंसानी मौजूदगी के रूप में लॉन्च किया गया था। वर्तमान में यह हमारे ग्रह से 19.9 अरब किमी दूर, सौर मंडल से काफी दूर स्थित है। नासा की जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी (जेपीएल) ने एक हालिया अपडेट में कहा कि 21 जुलाई को वॉयजर 2 को भेजे गए प्लैन्ड कमांड्स की एक सीरीज




के कारण 'अनजाने में एंटीना पृथ्वी से दो डिग्री दूर चला गया।' इससे यह अपने मिशन कंट्रोल से ड्रेटा ट्रांसमिट या कमांड रिसीव नहीं कर पा रहा था। इस स्थिति के 15 अक्टूबर तक हल होने की उम्मीद नहीं थी, जब वॉयजर 2 अपने सिस्टम को रिसेट नहीं करता। वॉयजर प्रोजेक्ट मैनेजर सुजैन डोड ने न्यूज एजेंसी एएफपी को बताया कि संपर्क को फिर से स्थापित करने की आखिरी कोशिशों में टीम ने डीप स्पेस नेटवर्क की मदद ली, विशाल रेडियो एंटेना की एक अंतरराष्ट्रीय सीरीज, साथ ही कुछ जो पृथ्वी की कक्षा में मौजूद हैं। वह हैरान रह गई क्योंकि यह प्रयोग सफल रहा और वैज्ञानिक सैटेलाइट के दिल की धड़कन सुनने में कामयाब रहे। उन्होंने कहा, 'अब हम जानते हैं कि स्पेसक्राफ्ट जीवित है और ऑपरेट कर रहा है। इससे हमारा उत्साह बढ़ा है।' डोड ने कहा, 'टीम अब अंतरिक्ष यान के एंटीना को पृथ्वी की ओर मोड़ने के लिए एक नया कमांड तैयार कर रही है। हालांकि इसकी संभावना 'बेहद कम' है कि यह काम करेगा। फिर भी, 15 अक्टूबर अभी बहुत दूर है, नासा इन कमांड्स को भेजने का प्रयास करता रहेगा। वॉयजर 2 और पृथ्वी के बीच की दूरी को देखते हुए, सिग्नल को सौर मंडल से अंतरिक्ष यान तक एक दिशा में पहुंचने में लगभग 18.5 घंटे लगते हैं।

### समझौता: तुर्की पाकिस्तान के साथ मिलकर बनायेगा फाइटर जेट

# भारत के लिए बड़ा खतरा बन सकता है

**एजेंसी। इस्लामाबाद/अंकारा**

किलर ड्रोन के सुपरपावर बन चुके तुर्की ने भारत के दुश्मन पाकिस्तान के साथ मिलकर पांचवीं पीढ़ी के फाइटर जेट 'कान' को विकसित करने का फैसला किया है। तुर्की ने इस गठबंधन में अजरबैजान को भी शामिल किया है जो अक्सर पाकिस्तान के समर्थन में कश्मीर पर भारत के खिलाफ जहर उगलता रहता है। अजरबैजान तुर्की के ड्रोन और पाकिस्तानी हथियारों की मदद से आर्मीनिया पर भीषण हमले करता रहता है और नागर्नो-कराबाख के एक बड़े इलाके पर अपना नियंत्रण स्थापित कर लिया है। तुर्की का यह कान फाइटर जेट भारत के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। भारत के लिए चिंता बढ़ा दिया है। भारत के पास अभी एक भी 5वीं पीढ़ी का फाइटर जेट नहीं है। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक तुर्की ने कान के एक मॉडल को तैयार कर लिया है और अब यह पहली बार अपनी ऐतिहासिक उड़ान भर सकता है। तुर्की अगर ऐसा करने



में सफल रहता है तो उसके लिए यह ऐतिहासिक घटना होगी। तुर्की का दावा है कि यह रेडॉर की पकड़ में नहीं आने वाली स्टील्थ तकनीक से लैस होगा। दावा किया जा रहा है कि इसके विकास में तुर्की के अलावा अजरबैजान और पाकिस्तान की भी भूमिका है। इसके जरिए तीनों ही देश अपनी रणनीतिक भागीदारी को मजबूत करना चाहते हैं। तुर्की का यह कान विमान 27 दिसंबर को उड़ान भरने वाला है। इस लड़ाकू विमान को तुर्की एयरोस्पेस इंडस्ट्री कंपनी ने विकसित किया है जो आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से लैस होगा। कान विमान से साफ हो गया है कि पाकिस्तान और अजरबैजान अब तुर्की के साथ एविएशन के सेक्टर में भी सहयोग करने लगे हैं। पाकिस्तानी मीडिया का दावा है कि कान विमान के कई सबसिस्टम पाकिस्तान के अंदर बनाए जाएंगे। इससे तुर्की पर वित्तीय भार कम आएगा और विमानों का उत्पादन भी तेजी से होगा। तुर्की का दावा है कि स्टील्थ तकनीक से लैस होने की वजह से यह विमान दुश्मन के इलाके में बिना अपनी भनक दिए घुस सकेगा। इससे यह भविष्य में गेम चेंजर साबित हो सकता है। एआई तकनीक से लैस होने की वजह से यह आधुनिक हवाई युद्धकौशल में अपराजेय साबित होगा। तुर्की और पाकिस्तान के बीच इस भागीदारी से भारत की टेंशन बढ़ सकती है। भारत के पास एक भी पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान नहीं है। भारत के अभी भविष्य में इसके खरीदने की संभावना भी नहीं दिख रही है।

### गोरखा युवकों को रूसी सेना में शामिल होने पर नेपाल के उड़े होश

**काठमांडू।** नेपाली नागरिकों के रूसी सेना में शामिल होने की खबरों के बीच प्रचंड सरकार ने देश के नागरिकों से आग्रह किया है कि वे उन सेनाओं के अलावा किसी अन्य विदेशी सेना में शामिल न हों जिनके साथ हिमालयी राष्ट्र का द्विपक्षीय समझौता है। नेपाल के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि उसका ध्यान उन समाचार रिपोर्टों और सोशल मीडिया पोस्टों की ओर आकर्षित किया गया है जिनमें कहा गया है कि नेपाली नागरिकों को युद्धग्रस्त देशों में विदेशी सेनाओं द्वारा भर्ती किया गया है। नेपाली नागरिकों के यूक्रेन की सेना में शामिल होने की खबरें थीं, जबकि कई अन्य लोगों ने भी सोशल मीडिया पर रूसी सेना में भर्ती होने की बात स्वीकार की थी। मंत्रालय ने अपने नागरिकों से झूठी जानकारी के आधार पर युद्धग्रस्त देशों में सुरक्षा संबंधी कार्यों के लिए नहीं जाने का भी आग्रह किया। यह तत्काल पता नहीं चल पाया है कि कितने नेपाली नागरिक दोनों सेनाओं के साथ-साथ भाड़े के समूहों में शामिल हुए हैं।

## पेज एक के शेष

### पंचायतों को ...

अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही है। इन योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में आप सहयोग करें, ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकार ने स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पंचायत स्तर पर दवा दुकान योजना शुरू करने का निर्णय लिया है। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षित युवाओं को दवा दुकान संचालन का लाइसेंस दिया जा रहा है। इस योजना को मजबूती देने के साथ दवा दुकान का लाइसेंस लेने वाले युवाओं को पूरा सहयोग दें। इस मौके पर विधायक मथुरा प्रसाद महतो और सुखराम उरांव, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, जिला परिषद, पश्चिमी सिंहभूम के अध्यक्ष लक्ष्मी सुरीन, उपाध्यक्ष रंजीत यादव और सदस्य शशि भूषण पिंगुआ, राज तुबिद, सुहागी मुर्मू और बसंती बुर्मु के अलावा मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष हरिन तामसोय, महासचिव जगमोहन, उपाध्यक्ष दिनेश बाईपाई और समिति के सदस्य मौजूद थे।

### विधानसभा में ...

गारंटी का पता नहीं है। इसके लिए नियमावली नहीं है। गंभीर बीमारी, एक्सिडेंट जैसे मसले पर नियमावली या व्यवस्था तय हो। पेंशन की भी चिंता हो। कल्याण का दायरा बढ़ाए राज्य सरकार। अभी जो स्थिति दिख रही है, उससे वकीलों की जरूरतें पूरी होनी संदिग्ध हैं। अन्य राज्यों की तरह प्रावधान देखकर यहां भी बात हो। यदि वकीलों के कल्याण के लिए अतिरिक्त राशि की जरूरत हो तो सरकार देखे। इसी बिंदुओं को देखते इस विधेयक को प्रवर समिति में भेजने की बात उन्होंने कही है।

प्रभारी मंत्री आलमगीर आलम ने अधिवक्ता कल्याण निधि संशोधन विधेयक के समर्थन में कहा कि लोग 15 रुपये दे रहे थे, अब और भी देने को तैयार हैं। वे नहीं समझते कि इससे कोई गरीब प्रभावित होगा। दोपहर 2.10 बजे जब सदन शुरू हुआ तो इसके बाद आरोग्यम इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी विधेयक 2023 सदन में पेश किया गया। इस पर लंबोदर महतो ने इसे प्रवर समिति को भेजने को कहा। इसके बाद ध्वनिमत से इसे पारित कर दिया गया। प्रभारी मंत्री ने बिल की कॉपी में त्रुटियों को ठीक करने की बात कही। इसके अलावा सीबी रमण ग्लोबल यूनिवर्सिटी विधेयक को भी ध्वनिमत से सदन से पास किया गया।

### प्रेम प्रकाश से ...

जमीन घोटाले में भी संलिप्तत पाया है। प्रेम प्रकाश ने ही चेशायर होम रोड की जमीन विष्णु अग्रवाल को बेची थी। इसके लिए उनके कागजों पर पुनीत भार्गव का इस्तेमाल भर किया था। फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन की डील की पूरी जानकारी प्रेम प्रकाश और विष्णु अग्रवाल को थी। गुरुवार को एक तरफ जहां रिमांड पर विष्णु से पूछताछ होगी, वहीं दूसरी तरफ प्रेम प्रकाश का बयान भी दर्ज किया जाएगा।

### राशि बढ़ाने का ...

सिर्फ और सिर्फ इंडियन साइबर क्राइम सेंटर की मदद से ही पूरा किया जा सकता है ऐसे में सीआईडी के दौरान उपलब्ध सभी डाटा इंडियन साइबर क्राइम सेंटर को उपलब्ध करवाया गया है। जिस तरह से क्रिप्टो करेंसी के पैसे आतंकी संगठनों के खाते में भेजे जा रहे हैं ,वह अपने आप में बेहद खतरनाक संकेत है। झारखंड में साइबर ठगी के बड़े मामलों में जो पैसे ठगे गए हैं उनकी पड़ताल भी सीआईडी के दौर शुरू कर दी गई है कि कहीं वह पैसे भी आतंकी संगठनों के खाते में तो नहीं गए हैं। सीआईडी की पड़ताल में यह बात भी सामने आ रही है कि झारखंड के साइबर अपराधियों का अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क बन गया है। जिसका इस्तेमाल वे ठगी के पैसों को खपाने के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। चुकी देश में होने वाले ट्रांजैक्शन को साइबर क्राइम ब्रांच के द्वारा फ्रीज कर पैसे के लेनदेन को बंद कर दिया जाता है। ऐसे में अब साइबर अपराधी विदेशी कनेक्शन को स्थापित करने में लगे हैं ताकि पैसे आसानी से खातों से निकाला जा सके। लेकिन सबसे खतरनाक बात यह है कि इसके लिए वे आतंकी संगठनों के खातों का भी प्रयोग करने लगे हैं।

### पुलिस ने 211...

छूटने के बाद उनकी पूरी गतिविधि की जानकारी ली गई। अपराधियों से उनके कार्यों के बारे में भी पूछा गया। उन सभी चीजों को पुलिस ने एक फाइल में अंकित किया है। साथ ही पुलिस की टीम ने अपराधियों के परिजनों से भी पूछताछ कर उनका भी डिटेल लिया गया है।

**संदिग्ध मिलने पर सीसीए व जिला बदर की होगी कार्रवाई :** पांच साल के भीतर आर्मस एक्ट, हत्या और गोलीबारी मामले में शामिल अपराधियों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। उनकी गतिविधि की जांच की जाएगी। संदिग्ध होने पर उन अपराधियों के खिलाफ सीसीए, जिला बदर और सर्वलांस प्रोसेडिंग के लिए प्रस्ताव समर्पित किया जाएगा। एसएसपी ने सभी थानेदारों को जेल से छूटे अपराधियों के गतिविधि की जांच करने का निर्देश दिया है।

### राज्यपाल ने उच्च ...

फिर से वही गौरव हासिल करना है और भारत को फिर से विश्वगुरु के रूप में स्थापित करना है। हम इस दिशा में निरंतर प्रगति कर रहे हैं। कोविड का टीका विकसित करने से लेकर विशेषकर विकासशील देशों में टीका की आपूर्ति कर भारत ने अपनी तकनीकी क्षमता के साथ-साथ विश्व-बंधुत्व की भावना का भी परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देते हुए बेहतर समाज का निर्माण करना एवं राष्ट्रीय चेतना विकसित करना है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति से निश्चित रूप से नवोन्मेषी कार्यबल तैयार होगा और राष्ट्र की प्रगति सुनिश्चित होगी।




# महिला नेतृत्व वाला विकास हमारी प्राथमिकता : पीएम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि महिलाओं के नेतृत्व वाला विकास भारत सरकार की एक प्रमुख प्राथमिकता रही है। महिला सशक्तिकरण पर जी20 मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री ने अपने वीडियो संदेश में यह बात कही। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं समृद्ध होती हैं तो दुनिया समृद्ध होती है। उनका आर्थिक सशक्तिकरण विकास को बढ़ावा देता है, शिक्षा तक उनकी पहुंच वैश्विक प्रगति को बढ़ावा देती है। उनका नेतृत्व समावेशिता को बढ़ावा देता है और उनकी आवाजें सकारात्मक बदलाव को प्रेरित करती हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने का



सबसे प्रभावी तरीका महिला-नेतृत्व वाला विकास दृष्टिकोण है। भारत इस दिशा में कदम बढ़ा रहा है। महिला सशक्तिकरण पर प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें उन बाधाओं को दूर करने के लिए काम करना चाहिए, जो बाजारों और वैश्विक मूल्य श्रृंखला तक महिलाओं की पहुंच पर प्रतिबंध लगाती हैं। साथ ही, हमें यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि देखभाल और घरेलू काम के बोझ को उचित रूप से संबोधित किया जाए। प्रधानमंत्री ने इस बात पर हर्ष व्यक्त किया कि भारत की अध्यक्षता में महिला सशक्तिकरण पर एक नया कार्य समूह स्थापित करने का निर्णय लिया गया है।

राष्ट्रपति को एक प्रेरणादायक उदाहरण बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वह एक साधारण आदिवासी पृष्ठभूमि से आती हैं, लेकिन अब दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का नेतृत्व करती हैं और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी रक्षा सेना के कमांडर-इन-चीफ के रूप में कार्य करती हैं। भारत में महिला सशक्तिकरण के प्रयासों के परिणामों को प्रधानमंत्री ने आगे रखा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत लगभग 70 प्रतिशत ऋण महिलाओं को स्वीकृत किए गए हैं। इसी तरह, स्टैंड अप इंडिया के तहत 80 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं हैं, जो ग्रीनफील्ड परियोजनाओं के लिए बैंक ऋण ले रही हैं। उन्होंने बताया कि भारत के हमारे सहकारी आंदोलन की कई सफलता की कहानियां महिलाओं द्वारा संचालित हैं। ऐसा ही एक उदाहरण गुजरात राज्य में डेयरी क्षेत्र से है। गुजरात में डेयरी क्षेत्र से 36 लाख महिलाएं जुड़ी हैं। विशेष रूप से, जहां तक भारत में महिलाओं के नेतृत्व वाले यूनिकॉर्न का संबंध है, ऐसे यूनिकॉर्न का संयुक्त मूल्य 40 बिलियन डॉलर से अधिक है।

## NEWS इन ब्रीफ

### 5-6 को तमिलनाडु-पुड्डुचेरी के दौरे पर रहेंगी राष्ट्रपति मुर्मू

**चेन्नई।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पांच और छह अगस्त को तमिलनाडु और पुड्डुचेरी की दो दिवसीय यात्रा पर रहेंगी। मुर्मू पांच अगस्त की शाम चेन्नई पहुंचेंगी और यहां राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगी। वह छह अगस्त यानी रविवार को मद्रास विवि के दीक्षांत समारोह में भाग लेंगी, जिसके बाद वह केंद्र शासित प्रदेश पुड्डुचेरी के लिए रवाना हो जाएंगी। तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन.रवि और मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन के भी कलैवनार अरंगम में आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह में भाग लेने की उम्मीद है।

### अभिनेत्री जयासुधा भाजपा में हुईं शामिल



**नई दिल्ली।** तेलंगाना विधानसभा चुनाव से पहले तेलुगु अभिनेत्री और पूर्व विधायक जया सुधा बुधवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गईं। जयासुधा ने दिल्ली स्थित भाजपा के केंद्रीय मुख्यालय में राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुग, केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी सहित और अन्य नेताओं की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जयासुधा ने साल 2009 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर सिकंदराबाद निर्वाचन क्षेत्र से जीत हासिल की था, लेकिन साल 2014 में वे हार गईं।

# निजी क्षेत्र को सोना-चांदी, लिथियम सहित अन्य खनिजों के खनन की अनुमति

**पहले सभी 12 परमाणु खनिज राज्य के स्वामित्व वाली संस्थाओं द्वारा खनन व अन्वेषण के लिए आरक्षित थे**

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

निजी क्षेत्र को लिथियम-परमाणु, सोने-चांदी सहित 6 खनिजों के खनन की अनुमति देने वाला विधेयक बुधवार दो अगस्त को राज्यसभा में पारित हो गया। केंद्रीय कोयला व खनन मंत्री प्रह्लाद जोशी ने इसके लिए खान और खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन विधेयक, 2023 पेश किया। विधेयक को संसद के उच्च सदन ने ध्वनि मत से पारित कर दिया। लोकसभा ने इसे कुछ दिन पहले ही मंजूरी दे दी थी। मालूम हो कि इससे पहले, सभी 12 परमाणु खनिज राज्य के स्वामित्व वाली संस्थाओं द्वारा खनन और अन्वेषण के लिए



आरक्षित थे। इस बिल ने खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 में संशोधन किया है। निजी क्षेत्र की खोज के लिए खोले जाने वाले परमाणु खनिज लिथियम (इलेक्ट्रिक वाहनों और ऊर्जा भंडारण उपकरणों के लिए बैटरी के निर्माण के लिए उपयोग किया जाता है), बेरिलियम, नाइओबियम, टाइटेनियम, टैंटलम और जिरकोनियम हैं। यह विधेयक केंद्र सरकार को कुछ महत्वपूर्ण खनिजों के लिए विशेष रूप से खनन पट्टे और मिश्रित लाइसेंस की नीलामी करने का अधिकार देता है। गहराई में पाए जाने वाले खनिजों में सोना, चांदी, तांबा, जस्ता, सीसा, निकल, कोबाल्ट, प्लैटिनम समूह के खनिज और हीरे शामिल हैं। सतही या थोक खनिजों की तुलना में इनका पता लगाना और खनन करना कठिन और महंगा है।

मणिपुर हिंसा के मुद्दे पर विपक्ष के हंगामे के बीच राज्यसभा में इस विधेयक पर चर्चा हुई। विपक्ष सदन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बयान देने की मांग करता रहा और बाद में उन्होंने वाकआउट कर दिया। आदित्य प्रसाद (भाजपा), बाबूराम निषाद (भाजपा), दीपक प्रकाश (भाजपा), जीके वासन टीएमसी (एम), वी विजयसाई रेड्डी (वाईएसआरसीपी), एम थंबीदुरई (एआईएडीएमके) और सस्मित पात्रा (बीजेडी) सहित 11 सदस्यों ने चर्चा में हिस्सा लिया और बिल का समर्थन किया।

# जातीय जनगणना से विकास की गति को लगेगा पंख : तेजस्वी

**एजेंसी। पटना**

पटना उच्च न्यायालय के फैसले के बाद बुधवार से एक बार फिर बिहार में जातीय गणना का कार्य शुरू हो गया। इस बीच उप मुख्यमंत्री और राजद के नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि जातीय जनगणना से उपलब्ध आंकड़ों का सभी वर्गों को लाभ मिलेगा और विकास की गति तेज होगी। उन्होंने कहा कि जबसे जातीय जनगणना करवाने के लिए आवाज उठाई जा रही थी, तभी से कुछ राजनीतिक दल व जातिवादी लोग इसके विरुद्ध दुष्प्रचार में लग गए थे। उन्होंने प्रचारित करना शुरू कर दिया कि यह केवल कमजोर वर्गों के ही हित में है। जबकि, वास्तविकता इसके ठीक उलट यह है कि यह सभी वर्गों के सभी लोगों के हित में समान रूप से है। उन्होंने कहा कि कई लोगों ने जाति आधारित जनगणना के विरोध में यह भी कहा कि जाति के आंकड़े जुटाने से समाज का विभाजन होगा। उन्होंने कहा कि भारत में प्रारंभ से ही जाति और वर्ण के आधार पर व्यवसायों और समाज में लोगों के महत्व का विभाजन और वर्गीकरण हुआ। इस प्रकार व्यक्ति विशेष की आर्थिक स्थिति पर उसकी जाति का प्रभाव पड़ा। तेजस्वी ने बुधवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर आगे कहा कि पूरी जाति विशेष के लोगों की आर्थिक स्थिति भी कमोबेश एक सी ही रही, इसीलिए कुछ वर्ग एक साथ धीरे धीरे पिछड़ते चले गए। अगर जाति के कारण कुछ लोगों में आर्थिक और सामाजिक पिछड़ापन और असमानता आया है, तो इस समस्या के कारणों का जुटान, उस पर अनुसंधान और इसका निदान भी जाति के वैज्ञानिक आंकड़ों के आधार पर ही किया जा सकता है।

**गुजरात में प्रेम विवाह के लिए माता-पिता की मंजूरी को अनिवार्य करने की मांग**

# लव जिहाद सहित संपत्ति विवाद पर भी लगेगी लगाम

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

गुजरात में प्रेम विवाह के लिए माता-पिता की मंजूरी को अनिवार्य करने की मांग जोर पकड़ने लगी है। सो राज्य सरकार एक ऐसी प्रणाली लागू करने की व्यवहार्यता पर विचार करने लगी है, जो प्रेम विवाह के लिए माता-पिता की मंजूरी को अनिवार्य बनाती है, लेकिन केवल तभी जब यह संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप हो। बीते मार्च में गुजरात विधानसभा में भाजपा विधायक फतेह सिंह चौहान तथा कांग्रेस विधायक गेनी ठाकोर ने प्रेम विवाह पर कानून बनाने की मांग की थी। इस मामले में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने कहा है कि उनकी सरकार एक ऐसी प्रणाली लागू करने की व्यवहार्यता की जांच करेगी जो प्रेम विवाह के लिए माता-पिता की मंजूरी को अनिवार्य बनाती है। मेहसाणा में एक कार्यक्रम के दौरान सीएम ने स्वास्थ्य मंत्री रुशिकेश पटेल के साथ हुई अपनी बातचीत की जानकारी साझा की। मुख्यमंत्री ने कहा, 'मेहसाणा आते समय, रुशिकेश ने मुझसे कहा कि हमें लड़कियों के भागने की घटनाओं पर दोबारा गौर करना चाहिए और प्रेम विवाह के लिए माता-पिता की सहमति को अनिवार्य बनाने के उद्देश्य से एक व्यापक अध्ययन करना चाहिए। यदि संविधान इसका समर्थन करता है, तो हम एक अध्ययन करेंगे और सर्वोत्तम संभव परिणाम प्राप्त करने का प्रयास करेंगे। इससे पहले जून 2022 में पाटीदार समुदाय के सदस्यों ने मांग उठाई थी कि यदि समुदाय की कोई लड़की अपने माता-पिता की सहमति के अपनी पसंद से शादी का निर्णय लेती है, तो शादी के पंजीकरण के लिए कम से कम एक अभिभावक के हस्ताक्षर को अनिवार्य किया जाए। समुदाय ने कहा था कि इससे लव जिहाद के साथ ही उन मामलों पर लगाम लग पाएगी, जिनमें समुदाय की लड़कियों को उनके परिवारों के स्वामित्व वाली संपत्ति पाने के लिए निशाना बनाया जाता है। एक प्रमुख पाटीदार संगठन विश्व उमिया धाम के अध्यक्ष आर पी पटेल ने मौजूदा हिंदू विवाह अधिनियम में एक प्रावधान जोड़ने के लिए राज्य सरकार को ज्ञापन देने की बात भी कही थी। यह बयान अहमदाबाद के पास विश्व उमिया धाम परिसर में 18 पाटीदार संगठनों की बैठक के बाद दिया गया था। आर पी पटेल ने कहा था कि पाटीदार समुदाय प्रेम विवाह को लेकर परेशान हैं।

# सांसदों के आचरण से नाराज लोस अध्यक्ष, कार्यवाही में नहीं हुए शामिल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सदन के भीतर सांसदों के व्यवहार से नाराज हैं। उनका कहना है कि जब तक सांसद सदन की मर्यादा के अनुरूप आचरण नहीं करते, वे सदन में नहीं आयेंगे। वे बुधवार को सदन की कार्यवाही में शामिल नहीं हुए। लोकसभा अध्यक्ष बिरला बुधवार को सदन में रहे लेकिन वे कार्यवाही में सम्मिलित नहीं हुए। वे सुबह लोकसभा की कार्यवाही में उपस्थित नहीं रहे थे। उनके स्थान पर पीठासीन अधिकारी के रूप में मिथुन रेड्डी उपस्थित थे। दोपहर दो बजे भी उनकी उपस्थिति नहीं रही। इस दौरान प्रो. किरीट सोलंकी ने लोकसभा की कार्यवाही संभाली। हालांकि हंगामे के चलते कार्यवाही को थोड़े समय में ही दिनभर के लिए स्थगित कर दिया गया। सूत्रों के मुताबिक वे पिछले दिन सदन की कार्यवाही में सदस्यों के आचरण को लेकर नाराज हैं। मंगलवार को लोकसभा में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में नियुक्ति और स्थानांतरण संबंधित सेवा अध्यादेश को बदलने के लिए सरकार ने आज राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) विधेयक, 2023 लोकसभा में पेश किया। इस विधेयक का विपक्षी गठबंधन आईएडीआईए एकजुट होकर विरोध कर रहा है।

# तुष्टिकरण की राजनीति में, अपने धर्म का अपमान न करें : विजय सिन्हा

**एजेंसी। पटना**

बिहार विधानमंडल में विपक्ष के नेता विजय कुमार सिन्हा ने बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के ताजिया पूजते वीडियो वायरल होने पर जोरदार निशाना साधा। उन्होंने तंज कसा कि तुष्टिकरण की राजनीति में लोग ताजिया पूजें या बुरका पहन लें, लेकिन अपने धर्म का अपमान न करें। हिंदू सनातन का सम्मान सभी सनातनियों की जिम्मेदारी है। पटना में पत्रकारों से चर्चा करते हुए लखीसराय के विधायक विजय कुमार सिन्हा ने पत्रकारों के एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि धर्म निरपेक्षता का यह मतलब नहीं



कि अपने धर्म का अपमान करें। उन्होंने आगे कहा कि कोई ताजिया पूजे या बुर्का पहन ले। वोट की राजनीति में जब नौटंकी ही करना है तो कुछ भी करें। उन्होंने कहा कि हम अपने धर्म का सम्मान करते हैं। सनातन में सभी वर्ग और धर्म के लोगों की सम्मान जिम्मेदारी है। हम अपने धर्म का मजाक कभी नहीं करेंगे, कुछ लोग वोट की तुष्टिकरण में लगे हैं। हमलोग तो सभी धर्मों का सम्मान करते हैं। लेकिन, अपने धर्म का अपमान कभी नहीं स्वीकार करेंगे। वोट की तुष्टिकरण की राजनीति से यह संदेश कभी नहीं देंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के यूपी से चुनाव लड़ने की चर्चा को लेकर विजय कुमार सिन्हा ने कहा, मुख्यमंत्री घबराहट में हैं और आत्मबल खो चुके हैं। जिस तरह सिद्धांतविहीन समझौता कर जनादेश का अपमान कर चोर दरवाजे से सुशासन का वादा कर उस 'दुशासन' को ले आए हैं, जिस जंगलराज के खिलाफ वह लड़ाई लड़े थे।




## 'ओटीटी गैंग' में शामिल होना आकर्षक है : नरगिस फाखरी

**बॉलीवुड** अभिनेत्री नरगिस फाखरी ने अपनी पहली फिल्म 'टटलूबाज' के साथ 'ओटीटी गैंग' में शामिल होने पर उत्साह जताया है और इसे आकर्षक व उत्साहजनक अनुभव बताया है। वह 'ससुराल सिमर का' फेम टीवी एक्टर धीरज धूपर के साथ नजर आएंगी, जो इस सीरीज के साथ अपना ओटीटी डेब्यू भी कर रहे हैं। नरगिस ने 2011 में इम्तियाज अली की म्यूजिकल रोमांटिक ड्रामा 'रॉकस्टार' में रणबीर कपूर के साथ एक्टिंग करियर की शुरूआत की। ओटीटी में काम करने को लेकर नरगिस ने कहा, "ओटीटी के लगातार विकसित हो रहे लैंडस्केप में, बेहतरीन कंटेंट ने 'ओटीटी गैंग' में शामिल होना आकर्षक बना दिया है। पहले फिल्मों में काम करने के बाद एक सीरीज में काम करने का अवसर मेरे लिए एक रिफ्रेशिंग एक्सपीरियंस है।"



## 'द केरल स्टोरी' फेम एक्ट्रेस अदा शर्मा अस्पताल में भर्ती



**एक्ट्रेस** अदा शर्मा को फूड एलर्जी और डायरिया के कारण अस्पताल ले जाया गया है। वह फिलहाल निगरानी में हैं। बयान में कहा गया कि एक्ट्रेस को अपकमिंग शो 'कमांडो' के प्रोमोशन्स से ठीक पहले मंगलवार को इमरजेंसी में अस्पताल ले जाया गया। उन्हें डायरिया और फूड एलर्जी का पता चला। एक करीबी सूत्र ने आईएएनएस को बताया, आज सुबह स्ट्रेस हीव्स और डायरिया से पीड़ित हो गईं। फिलहाल, वह निगरानी में हैं। अदा को 'कमांडो' का प्रचार करते देखा गया है जहां वह भावना रेड्डी की भूमिका निभा रही हैं।

## पवन सिंह का नया सावन गीत 'भोले भंडारी' रिलीज

**भोजपुरी** पावर स्टार पवन सिंह का सावन के महीने में भगवान शिव की भक्ति में एक और धमाकेदार गाना 'भोले भंडारी' रिलीज हो गया है। पवन सिंह के इस गाने को उनके फैंस और भोजपुरी संगीत प्रेमियों का खूब प्यार और आशीर्वाद मिल रहा है। इस वजह से इस गाने को रिलीज होते लाखों लोगों ने देख लिया है और मिलियन व्यूज होने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। पवन के इस गाने में लंबे समय बाद चांदनी सिंह भी नजर आ रही हैं। एक बार फिर से पवन सिंह और चांदनी सिंह की केमेस्ट्री लोगों को खूब पसंद आ रहा है और गाना अब वायरल होना शुरू हो गया है। पावर स्टार पवन सिंह भोजपुरी के सबसे बेहतरीन और दिग्गज सिंगरों की श्रेणी में आते हैं और इसलिए उनके गानों का इंतजार भी लोगों द्वारा बड़ी बेसब्री से किया जाता है। ऐसे में उनका नया गाना रिलीज हुआ



है। इस गाने में पवन सिंह, अभिनेत्री चांदनी सिंह से कहते हैं कि जब से ते गईल गद्दारी रे तब से दिल बस गईले भोले भंडारी रे। आपको बता दें कि पवन का यह गाना आदिशक्ति फिल्म्स से रिलीज हुआ है। इसको लेकर पवन सिंह ने कहा कि गाना को हमने कन्सेप्चुअल बनाया है। लोग अक्सर प्रेम में धोखा खाकर गलत कदम उठा लेते हैं।

**उपलब्धि** आईएनएस हंसा पर समुद्री राफेल प्रशिक्षण स्क्वाड्रन बनाएगी नौसेना

# राफेल समुद्री लड़ाकू जेट खरीद को दिया अंतिम रूप

**लड़ाकू पायलटों को प्रशिक्षित करने में अहम भूमिका निभाएगी यह स्क्वाड्रन**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय नौसेना ने फ्रांसीसी एयरोस्पेस कंपनी दसॉल्ट से 26 राफेल समुद्री लड़ाकू जेट खरीदने की योजना को अंतिम रूप दे दिया है। इसमें से चार जेट ट्विन सीटर होंगे, जो शेष 22 सिंगल सीटर राफेल-एम लड़ाकू जेट को संचालित करने के लिए लड़ाकू पायलटों को प्रशिक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इसके लिए नौसेना ने गोवा में आईएनएस हंसा पर प्रशिक्षण स्क्वाड्रन की स्थापना करने का फैसला लिया है। भारत के पहले स्वदेशी विमानवाहक आईएनएस विक्रांत से संचालित करने के लिए भारतीय नौसेना ने अमेरिकी जेट एफ/ए-18 सुपर हॉर्नेट को खारिज करके राफेल-एम का चयन किया है। इससे पहले भारतीय वायु सेना ने दो



लड़ाकू स्क्वाड्रन (36 विमान) के लिए राफेल को चुना था, अब भारतीय नौसेना राफेल-एम का सौदा करने के लिए तैयार है। भारतीय नौसेना की परिचालन तत्परता और युद्ध क्षमताओं के लिए इसे एक उल्लेखनीय कदम माना जा रहा है। राफेल-एम का इस्तेमाल ग्रीस, इंडोनेशिया और यूएई की नौसेनाएं भी कर रही हैं। राफेल बनाने वाली कंपनी दसॉल्ट एविएशन को भरोसा है कि राफेल-एम भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस विक्रांत के लिए उपयुक्त होगा। चार ट्विन सीटर राफेल जेट खरीदने का निर्णय भारतीय नौसेना के उन्नत लड़ाकू विमानों के बेड़े को बढ़ाने और अत्यधिक कुशल और कुशल पायलट बल बनाए रखने के प्रयासों का हिस्सा है। राफेल के ट्विन सीटर संस्करण को प्रभावी प्रशिक्षण देने के लिए डिजाइन किया गया है, जो लड़ाकू पायलटों को व्यावहारिक अनुभव देने के साथ ही उनकी अनुभवी एविएटर्स क्षमताओं को भी बढ़ाएगा। नौसेना के एक अधिकारी के मुताबिक गोवा स्थित प्रमुख नौसैनिक हवाई स्टेशन आईएनएस हंसा को राफेल प्रशिक्षण स्क्वाड्रन के लिए चुना गया है। गोवा में डैबोलिम के निकट स्थित यह भारत का सबसे विशाल नौसैनिक स्टेशन है। इस नौसैनिक अड्डे के परिसर में नागरिक परिक्षेत्र भी है, जहां से डैबोलिम हवाई अड्डे का संचालन होता है। अब इस नौसेना केंद्र पर मिग 29-के के दो सीटों वाले प्रशिक्षु विमानों मिग-29 केयूबी का बेड़ा रहता है। यहां 2,000 से ज्यादा सैनिक और 1,000 नागरिक रहते हैं। यह नौसेना के 8 भारतीय नौसैनिक वायु स्क्वाड्रनों का हेडक्वार्टर भी है। जानकार अधिकारी के मुताबिक सिंगल सीटर राफेल-एम वैरिएंट के लड़ाकू पायलटों को प्रशिक्षित करने में इनकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी, क्योंकि ट्विन सीटर राफेल जेट अत्याधुनिक एवियोनिक्स और सिमुलेटर से लैस होंगे।